राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ परिणीति में आएगा एक...



हमारी सकारात्मक राजनीति का... ◀ 12

गाजियाबाद, बुधवार 19 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 105, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### दिल्ली एयरपोर्ट पर दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम की धमकी, ईमेल से मिला मैसेज, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हवाई अड्डा पर सुबह दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सुबह 9.35 आईजीआई एयरपोर्ट के डायल कार्यालय में एक



ईमेल भेजकर दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की धमकी दी गई थी। सूचना के बाद एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी किया गया। सुरक्षा एजेंसी और बम निरोधक दस्ता ने विमान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस मामला दर्ज कर मेल भेजने वाले की पहचान करने में जुट गई है।

### मध्य प्रदेशः अब शिवराज के विधानसभा क्षेत्र बुधनी पर सबकी नजर

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बुधनी विधानसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद अब हर किसी की नजर संभावित उम्मीदवार और आगामी उपचुनाव पर है। राज्य में अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। वह बुधनी से भी वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में विधायक के तौर पर निर्वाचित हुए थे। कोई भी व्यक्ति एक सदन का ही सदस्य रह सकता है। लिहाजा उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे के बाद उपचुनाव होना तय हो गया है। सवाल यही है कि उपचुनाव में भाजपा यहां से किसे अपना उम्मीदवार बनाती है। कई नेता इस सीट पर अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। बुधनी विधानसभा क्षेत्र विदिशा संसदीय क्षेत्र के तहत आता है और दोनों ही भाजपा के गढ़ माने जाते हैं।

इससे पहले राज्य के छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे कमलेश शाह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। अब वहां भी 10 जुलाई को मतदान होना है । भाजपा ने कमलेश शाह को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया तो वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने अभी तक अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। भाजपा ने अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रचार के लिए 35 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने अमरवाड़ा के लिए दो प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। इसके अलावा बुधनी के लिए भी दो प्रभारी नियुक्त किये जा चुके हैं। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में उपचुनावों का दौर शुरू हो रहा है। अमरवाड़ा में चुनाव कार्यक्रम घोषित हो चुका है तो वहीं आने वाले दिनों में बुधनी विधानसभा क्षेत्र का भी चुनावी कार्यक्रम घोषित हो सकता है। इसके अलावा विजयपुर और बीना से कांग्रेस विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ले ली है। फिलहाल उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है। उनके इस्तीफा देने के बाद वहां भी चुनाव होने तय हैं।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का वीडियो कॉल वायरल, पाकिस्तानी डॉन भट्टी को दे रहा ईद की बधाई

**जालंधर (आरएनएस)।** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का वीडियो कॉल वायरल हो गया है। इसमें वह पाकिस्तान के कुख्यात माफिया डॉन शहजाद भट्टी से बात करता नजर आ रहा है। लॉरेंस भट्टी को ईद की बधाई दे रहा है। जिसके बाद माना जा रहा है कि यह वीडियो 16 जून का है।

हालांकि, इस बारे में अभी तक पुलिस की ओर से कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। लॉरेंस फिलहाल गुजरात की जेल में बंद है। ऐसे में उसकी वीडियो कॉल से एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। लॉरेंस जिस कुख्यात माफिया डॉन शहजाद भट्टी से



बात कर रहा है, उसका नाम पाकिस्तान में हत्या, भू-माफिया, हथियार तस्करी समेत कई संगीन मामलों में दर्ज है। पुलिस के मुताबिक, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात की अहमदाबाद जेल में बंद है। वहीं से उसने पाकिस्तान के अंडरवर्ल्ड डॉन भट्टी से उक्त वीडियो कॉल की थी। पिछले साल सितंबर में लॉरेंस को गुजरात ले जाया गया था।

# अगर लापरवाही हुई है तो...नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, एनटीए और केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट में कथित पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी और केंद्र को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि किसी की ओर से थोड़ी सी भी लापरवाही से पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। नीट मामले में अमूल्य विजय पिनापति और नितिन विजय की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिकाओं में नीट के पेपर लीक होने की जांच करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 8 जुलाई को सुनवाई करेगा।

वहीं, शीर्ष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र से दो सप्ताह में जवाब



तलब किया है। नितिन विजय की ओर पेश वकील ने कहा कि ऐसे परीक्षा होगी तो कैसे डॉक्टर बनेंगे, भगवान ही मालिक है। इस पर एनटीए ने आपत्ति जताते हुए कहा हमें जवाब देने दीजिए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि एनटीए अपनी गलती ग्रेस मार्क में मान चुका है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र

> **दूसरी ओर, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा हाईकोर्ट में दायर मामले को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने की याचिका दाखिल की है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 8 जुलाई को सुनवाई करेंगे**

और एनटीए से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र से जवाब देने का निर्देश दिया। उसने कहा कि हम याचिकाकर्ता के मुताबिक आज ही आदेश नहीं दे सकते। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है, तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए।

दूसरी ओर, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा हाईकोर्ट में दायर मामले को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने की याचिका दाखिल की है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 8 जुलाई को सुनवाई करेंगे।

## 815 साल का लंबा इंतजार होगा खत्म, आज नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**नालंदा (आरएनएस)।** बिहार का नालंदा विश्वविद्यालय, प्राचीन शिक्षा का ऐसा केंद्र जिसको आक्रांताओं ने तबाह तो कर दिया



था लेकिन, शिक्षा का यह केंद्र एक बार फिर से जनसेवा के लिए, शिक्षा के विश्वव्यापी प्रसार के लिए तैयार खड़ा है। 815 साल बाद नालंदा एक बार फिर से पूरी दुनिया में शिक्षा की अलख जगाने और इतिहास रचने के लिए उठ खड़ा हुआ है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजगीर और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा होने वाला है।

इसको लेकर एसपीजी ने दोनों स्थलों पर अपनी कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले यहां की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में एसपीजी द्वारा उच्च अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक भी की गई। बैठक में सुरक्षा के हर पहलू पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

## पूर्व आंध्र सीएम जगन मोहन रेड्डी ने बैलट पेपर से वोट कराने का किया आह्वान

**एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, जिस तरह न्याय न केवल किया जाना चाहिए बल्कि यह दिखना भी चाहिए**

**अमरावती (आरएनएस)।** जहां एक तरफ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक करने की संभावना पर बहस चल रही है, वहीं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि बैलट पेपर से वोटिंग कराई जानी चाहिए। उन्होंने चुनाव में मतपत्रों के इस्तेमाल का आह्वान किया।

उन्होंने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, जिस तरह न्याय न केवल किया जाना चाहिए बल्कि यह दिखना भी चाहिए, उसी तरह लोकतंत्र न केवल कायम रहना चाहिए बल्कि ऐसा होते दिखना भी चाहिए। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष ने बताया कि लगभग हर विकसित देश बैलट पेपर का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा, दुनिया भर में लगभग हर विकसित लोकतंत्र में चुनावी प्रक्रियाओं में ईवीएम का नहीं, बल्कि मतपत्रों का उपयोग किया जाता है। हमें भी अपने लोकतंत्र की सच्ची भावना को बनाए रखने के लिए उसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।



जगन मोहन रेड्डी की पार्टी को हाल ही में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। टेक अरबपति एलन मस्क के ईवीएम पर सवाल उठाने की बहस में अब रेड्डी भी शामिल हो गए हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत में ईवीएम को ब्लैक बॉक्स करार दिया था। कांग्रेस सांसद ने एक्स पर लिखा, भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है, और किसी को भी इसकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता है। उन्होंने कहा, जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की ओर बढ़ने लगता है। राहुल गांधी ने उन समाचार रिपोर्टों का भी हवाला दिया जिनमें कहा गया था कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा में जीतने वाले उम्मीदवार ईवीएम से जुड़े फोन का इस्तेमाल कर रहे थे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भी कहा था कि ईवीएम में हेरफेर किया जा सकता है। उन्होंने 'एक्सइ पर एक पोस्ट में कहा था, मैंने इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम, आईटी, सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में 60 साल बिताए हैं। मैंने ईवीएम सिस्टम का अध्ययन किया है और मेरा मानना है कि इसमें हेरफेर किया जा सकता है। सबसे अच्छा तरीका पारंपरिक पेपर बैलट है।

## स्मृति चिन्ह भेंट किया



**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## राहुल गांधी ने वायनाड को धोखा दिया, इसे अपने परिवार की संपत्ति बनाना चाहते हैं : भाजपा

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने मंगलवार को वायनाड सीट छोड़ने को लेकर राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वहां की जनता को धोखा दिया है। वह वायनाड को अपने परिवार की संपत्ति बनाना चाहते हैं। राहुल गांधी ने घोषणा की कि वह वायनाड सीट छोड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को इस सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।



मुरलीधरन ने कहा, यह वायनाड के मतदाताओं के साथ सरासर धोखा है। निष्पक्ष रूप से कहें तो उन्हें प्रचार के दौरान ही वायनाड के लोगों को यह बता देना चाहिए था कि अगर वह जीतते हैं तो वह सीट छोड़ देंगे। लेकिन उन्होंने वायनाड में मतदान खत्म होने का इंतजार किया और जब मतदान खत्म हो गया तब रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। यह धोखा नहीं तो और क्या है। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी वायनाड सीट से दोबारा जीत गए, लेकिन इस बार कम अंतर से।

2019 में उन्होंने 4.30 लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी और 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी की जीत का अंतर घटकर 3.60 लाख वोट रह गया। हाल के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि अब जब प्रियंका गांधी वाड्रा को उनकी सीट से मैदान में उतारा जा रहा है, तो गांधी परिवार पलक्कड़ विधानसभा सीट से रॉबर्ट वाड्रा को उतार सकता है। पलक्कड़ में भी उपचुनाव होना है।

## महाराष्ट्र में फिर होगा खेला! अजित गुट के 19 विधायक एनसीपी के संपर्क में

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर बड़ा खेल हो सकता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रोहित पवार ने दावा किया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार

**शरद पवार के पोते का दावा**

के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ एनसीपी के 18 से 19 विधायक आगामी मानसून सत्र के बाद उनके पाले में आ जाएंगे। रोहित पवार ने कहा कि अजीत के गुट के कई विधायक हैं, जिन्होंने जुलाई 2023 में पार्टी में हुए विभाजन के बाद कभी भी पार्टी के संस्थापक शरद पवार और अन्य बड़े नेताओं के खिलाफ बुरा नहीं कहा है।

एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के पोते ने कहा कि अजीत पवार गुट के विधायकों को विधानसभा सत्र में भाग लेना है। अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए



विकास निधि का पैसा लेना है। इसलिए वे सत्र समाप्त होने तक पाला बदलने के लिए इंतजार करेंगे। शरद पवार के पोते ने दावा किया कि 18 से 19 एनसीपी के विधायक हैं, जो हमारे और पवार साहब के संपर्क में हैं। अजीत गुट के ये सभी विधायक मानसून सत्र के बाद उनके साथ हो जाएंगे।

अहमदनगर जिले के कर्जत-जामखेड से विधायक रोहित पवार ने आगे कहा कि शरद पवार और अन्य एनसीपी नेता इस बारे में फैसला लेंगे कि वे वापस पार्टी में किसे शामिल किया जाए? इसके साथ ही रोहित पवार ने बताया कि एनसीपी के राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा है कि जब अगला केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार होगा, तब वह मंत्री बनेंगे। इसका मतलब है कि अजित पवार की पार्टी पर प्रफुल्ल पटेल का पूरा नियंत्रण है। बता दें कि जब पार्टी बंटी नहीं थी तब एनसीपी ने 2019 के विधानसभा चुनावों में 54 सीटें जीती थीं। जुलाई 2023 में जब पार्टी विभाजित हुई, तो अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने लगभग 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया था। महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र 27 जून से शुरू होकर 12 जुलाई को समाप्त होगा। अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह आखिरी सत्र होगा।

**दिल्ली जल संकट** | वाटर सप्लाई को लेकर एनडीएमसी की एडवाइजरी

# अब वीआईपी इलाकों में एक ही टाइम मिलेगा पानी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पानी के संकट ने राजधानी दिल्ली में रहने वालों का जीना मुहाल कर दिया है। राजधानी में लगातार जल संकट गहराता जा रहा है। जल संकट की वजह से दिल्ली सरकार ने पानी की आपूर्ति में भी भारी कटौती कर दी है, जिसकी वजह से लोगों की समस्याएं और भी अधिक बढ़ती चली जा रही है। इसी बीच एनडीएमसी ने वीआईपी इलाकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है।

राजधानी के कई इलाकों में जितने टैंकर से पानी का सप्लाई हो रहा था उसको भी अब आधा कर दिया गया है। इसका कारण टैंकर की कमी बताई जा रही है, जिसके कारण वाटर सप्लाई में परेशानी आ रही है। इसी बीच अब, लुटियंस जोन इलाके में भी पानी की कमी को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। एनडीएमसी ने वाटर सप्लाई को लेकर अब एक एडवाइजरी जारी की है, जिसके मुताबिक दिल्ली के वीआईपी इलाकों में भी अब एक टाइम ही पानी आएगा। एनडीएमसी इलाके में 40त्र पानी की कमी हो गई है। जानकारी के मुताबिक, जलबोर्ड से पूरा पानी नहीं मिल रहा है। दिल्ली में प्रति दिन 916 रूत्रष्ठ पानी का उत्पादन हो रहा है। दिल्ली को हरदिन तकरीबन 1000 रूत्रष्ठ पानी की जरूरत है। साथ ही vip




इलाकों में भी पानी की किल्लत है, यहां भी सिर्फ एक बार पानी आता है।

वहीं, चाणक्यपुरी इलाके के संजय कैंप में सुबह 6:00 बजे से लोग अपना सारा काम धाम छोड़कर पानी के लिए लाइन में लगते हैं और 8:00 बजे एक पानी का टैंकर आता है जिसके बाद पानी के लिए लोग टूट पड़ते हैं। ये लोग पानी के लिए एक-दूसरे से मारामारी करते हुए अपना-अपना पाइप टैंकर के अंदर डालने के लिए जूझते हैं और वह 5 मिनट में टैंकर खाली हो जाता है। इस दौरान किसी को पानी मिल पाता है तो किसी को निराशा हाथ लगती है। वहीं, दूसरा टैंकर शाम को 4:00 बजे आएगा, तब तक जिन्हें पानी नहीं मिला उनकी जिंदगी कैसे कटेगी यह महसूस किया जा सकता है।

## डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बन रहा भारत, एचएएल को मिला नया ऑर्डर

**नई दिल्ली ।** भारत की डिफेंस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर का ऑर्डर मिला है। नया ऑर्डर मिलने के साथ ही एचएएल के शेयर में 5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी जा रही है और दोपहर 12 बजे यह 5,470 रुपये पर था।

एचएएल द्वारा रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा गया कि कंपनी को रक्षा मंत्रालय की ओर से 156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) मिला है।

156 में से 90 हेलीकॉप्टर भारतीय सेना और 66 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिए हैं। बता दें, आरपीएफ एक दस्तावेज होता है जिसमें किसी भी सरकार या कंपनी द्वारा अपनी आवश्यकताओं को बताया जाता है। इसमें सामान खरीदने के प्रोसेस, टाइमलाइन, नियम और शर्तों की जानकारी होती है। माना जा रहा है कि ये टेंडर 45,000 से 50,000 करोड़ रुपये का हो सकता है।

156 लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर खरीदने का प्रस्ताव एचएएल को दिया जाना, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। नई सरकार बनने के बाद कार्यभार संभालते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य देश की सुरक्षा को मजबूत करना है। साथ ही रक्षा जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# व्यापारी सुरक्षा फोरम ने सीएचसी में कूलर लगवाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम शिकारपुर भीषण गर्मी में मरीजो की सुविधा के लिए शिकारपुर सीएचसी में कूलर लगवाया। मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम शिकारपुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर पर मरीजों को पर्ची कटवाते समय लाइन में लगे रहकर गर्मी से जूझते देखकर एक कूलर सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह को समर्पित किया। कुशल सिंघल, मनोज सिंघल, गौरव मित्तल, चंद्रप्रकाश मित्तल, आदि मौजूद रहे।



# योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है: डॉ0 आरके राणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** दशवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मौके परनेचुरोपैथी योग एण्ड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर के राणा ने योग संबंधी प्रेरणाप्रद पोस्टर लांच करते हुए कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है। उन्होंने लोगों से नियमित योग अभ्यास करने पर बल देते हुए कहा कि योग समग्र स्वास्थ्य का प्रदाता है, योग हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति का द्योतक है। स्वयं और समाज दोनों के लिए नियमित योग अभ्यास करना हितकर है। योग पोस्टर लॉन्चिंग अवसर पर श्रीमती दीपिका, डाकपाल योगेंद्र सिंह, विनोद कुमार, संजीव कुमार शर्मा, भजनलाल, सुनीत कुमार, राहुल तेवतिया, पंकज आदि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# जिला कारागार में आईटीएस डेंटल हॉस्पिटल के सौजन्य से दांत रोग कैंप का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** जिला कारागार में आई0टी0एस0 डेन्टल हॉस्पिटल, नोएडा के सौजन्य से बंदियों के दन्त उपचार स्केलिंग एवं 07 बंदियों के दॉतों का परीक्षण कर दवाइयां प्रदान की गई। डेण्टल बस में उपलब्ध डेण्टल चेयर एवं अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से टूथ एक्सट्रैक्शन, स्केलिंग आदि




हेतु वृहद चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर में डा0 अमित कुमार की अध्यक्षता मे 12 सदस्यीय चिकित्सीय टीम के द्वारा 83 पुरूष एवं 04 महिला बंदियों कुल 87 बंदियों के दांतों का परीक्षण कर आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। इस दौरान 20 बंदियों की दांतों की फिलिंग, 10 बंदियों का टूथ एक्सट्रैक्शन, 50 बंदियों की उपचार प्रदान किये गये।
चिकित्सीय टीम द्वारा बंदियों को दांतों एवं मसूड़ों को मजबूत एंव स्वस्थ रखने के लिए कई आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गई।
आई0टी0एस0 डेन्टल हॉस्पिटल, नोएडा की चिकित्सीय टीम द्वारा समय समय पर कारागार मे दन्त चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जाता रहा है।

# निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया मीठा शरबत, जेष्ठ मास की एकादशी के दिन पानी पिलाना पुण्य का काम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** निर्जला एकादशी पर मंगलवार को मीठे पानी की छबील लगाकर शर्बत का वितरण किया गया। नगर सहित देहात में भीषण गर्मी में दर्जनों स्थानों पर शरबत बांटा गया। शरबत वितरण में स्वच्छता का भी विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर सोनी पाठक ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को जीवन में एकादशी का व्रत अवश्य रखना चाहिए। इस व्रत के रखने से मनुष्य के विचार शुद्ध होते हैं जो उसे सत्कर्म की ओर ले जाते हैं। सब कर्मों के मार्ग पर चलकर ही इंसान को मोक्ष की प्राप्ति होती है। निर्जला एकादशी पर हाथ के पंखो व खरबूजो की जमकर बिक्री हुई। निर्जला एकादशी पर सब्जी मंडी में सब्जी आढती एसोसिएशन. के अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत व जलजीरा पिलाया.। इसके अलावा वार्ड नंबर 3 में सभासद पति भोला ने राहगीरों को रोककर उन्हें प्रेम भाव से शरबत पिलायाः। भयंकर गर्मी के चलते लोगों ने ठंडा शरबत पीकर राहत की सांस ली। इस अवसर पर अशोक पाठक ने कहा हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए तेज धूप व गर्मी मैं प्यास से राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाने से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। इसके अलावा परशुराम चौक, खुर्जा अड्डा सिंह , जहांगीराबाद चुंगी, कई स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया। निर्जला एकादशी पर हाथ के पंखो व खरबूजो की जमकर बिक्री हुई।



# चिलचिलाती धूप व गर्म हवा के थपेड़ों से लोग हुए बेहाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खानपुर (आरिफ अंसारी)।** इन दिनों चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के कारण लोगों का जीना मुहाल है, सूरज की तपिस से 10 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा सा छा जाता है। चिलचिलाती धूप की वजह से लोग घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। जरूरी कामों के लिए ही लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे है। इंसान के साथ भीषण गर्मी मे जानवर भी बेहाल हैं, जानवर भी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर उधर भटकते नजर आते हैं। मंगलवार को सूरज की तेज तपन और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को परेशान किया। गर्मी से बचने के लिए लोग गमछा व छाता आदि का सहारा लेते नजर आए। गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही दिन के समय कस्बा व गाँवो की सड़क व गलियां सुनसान हो जाती हैं। बढ़ती गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर भीड़ लग रही है, लस्सी, आम का जूस, गन्ने का रस, आईसक्रीम से लेकर कोल्ड्रिंक आदि की बिक्री बढ़ गयी है। धूप और लू से बचने के लिए लोग इन पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।




# महिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान से महिलाएं और बालिकाएं हो रहे हैं सशक्तिकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी )।** शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा आज बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु मंदिरों/पंडालों, स्कूल/कॉलेजों में जाकर तथा गांव-गांव में चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उ0प्र0 सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिला सुरक्षा की दृष्टि से बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सादे कपड़ों में संवैदनशील क्षेत्र/हॉटस्पॉट का भ्रमण करते हुए अनावश्यक रुप से घूम रहे लड़को/व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।





# कांग्रेसियों ने बंगाल रेल हादसे के मृतकों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर।** बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुए रेल हादसे में 15 लोगों की दुखद मौत व 60 लोगों के घायल होने पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदेश भर में दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु एवं घायलों के प्रति सद्भावना को लेकर पूरे प्रदेश भर में कैंडल जलाने के क्रम में जनपद बुलंदशहर के अनूपशहर में शहीद स्मारक पर कांग्रेसियों ने जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में एकत्रित होकर कैंडल जलाते हुए दुखद रेल हादसे में मृतक 15 लोगों की आत्मा की शांति व घायल हुए 60 लोगों के अति शीघ्र स्वस्थ होने को लेकर कैंडल जलाकर ईश्वर से प्रार्थना कर सद्भावना व सांत्वना व्यक्त की।

कैंडल जलने के निर्देश का पालन करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं घायलों को शीघ्र स्वस्थ करने की कामना की। इस दुखद रेल हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग कांग्रेस कार्यकताओं ने की।
शहीद स्मारक पर कैंडल जलाने वालों में नगर अध्यक्ष सलाम खां, अध्यक्ष बबलू कुरैशी, प्रधानाचार्य हेमंत भारद्वाज, प्रभात कौशिक, जीशान कुरैशी, टिंकू बघेल, आसिफ खान, कौशल शर्मा, आदि दर्जनों कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।



# प्राचीन चमत्कारी शिव शक्ति मंदिर में निर्जला एकादशी पर किया हवन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** प्राचीन चमत्कारी शिव शक्ति मंदिर शिकारपुर मंदिर में निर्जला एकादशी पर्व पर भगवान श्री राधा कृष्ण जी के पंचामृत स्नान व हवन गोला की पूणार्हुति महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार को प्राचीन चमत्कारी शिव शक्ति मंदिर में निर्जला एकादशी पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या मैं श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्म लाभ उठाया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही मंदिर के महंत कुनाल जोशी जी ने बताया साल की पांचों एकादशी का विशेष महत्व है। उन्हें गोला की पूणार्हुति लगाई जाती है प्रातः काल के समय भगवान राधा कृष्ण जी के पंचामृत स्नान आरती प्रसाद वितरण आदि महोत्सव मनाए जाते हैं। महंत कुनाल जोशी ने बताया कि मीठे पानी का एकादशी पर वितरण का विशेष महत्व। इसमें कई गुना पुण्य मिलता है।



# तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये आभूषण, चोरी की एक बाइक व अवैध असलहा, कारतूस बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गुलावठी । पुलिस द्वारा ब्लॉक के पास से तीन शातिर चोरो को चोरी किये गये आभूषण, चोरी की एक बाइक व अवैध असलहा, कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।
अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं-207/24 धारा 414 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता**

1 .निखिल पुत्र चन्द्रवीर तोमर निवासी ग्राम बराल थाना गुलावठी 2. मामचन्द पुत्र डालचन्द निवासी उपरोक्त 3 .रतेन्द्र सोनी पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौ0 ईटारोडी थाना कोतवाली नगर। गिरफ्तार अभियुक्त निखिल व मामचन्द द्वारा दिनांक 07.06.2024 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला रामनगर में एक मकान में चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुअसं-195/24 धारा 380 भादवि पंजीकृत है। घटना से सम्बन्धित कुछ आभूषण गिरफ्तार अभियुक्त रतेन्द्र सोनी(सुनार) को बेच दिया था ।

बरामद मोटरसाइकिल को अभियुक्तो द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना दादरी क्षेत्र से चोरी करने की स्वीकारोक्ति की गयी है, जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।





1. मो0 असलम प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम
2.उ0नि0 मनोज दीक्षित, उ0नि0 शिवम तौमर
3 है0का0 अशोक चौधरी, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 कपिल नैन, है0का0 मनीष त्यागी, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार।

**थाना गुलावठी पुलिस टीम-**

1. यशपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी
2. उ0नि0 नीरज त्यागी, उ0नि0यू0टी0 कमल प्रताप राणा
3. है0 का0 अंकुर, है0का0 अरुण कुमार, का0।

**मौसम की मार** गर्मी से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पीए, शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी मांग

# आषाढ की तपिश ने झुलसाया, मानसून रुठा, गर्मी के तेवर से लोग हुए परेशान, पारा पहुंचा 45 के पार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं । सिलसिला की धूप में लू से जनजीवन बेहाल है ।आषाढ़ मास की तपिश से शरीर झुलस रहा है। गर्मी अपने सवाल पर अधिकतम पारा 45 के ऊपर जा पहुंचा है। टंकी का पानी दोपहर को उबल रहा है। कूलर का हवा गर्म दे रहे हैं घरों से वही लोग बाहर निकल रहे हैं जिन्हें जरूरी काम से जाना है । बुजुर्ग एवं बच्चे घरों में कैद है । फिलहाल मौसम के बदलाव के आसार नहीं हूं । गर्मी का सितम बना रहेगा बारिश में होने से किसान मायूस है । किसान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए प्रार्थना की जा रही है कि मानसून जल्द से जल्द दस्तक दे । ऐसे में आमजन से लेकर पशु में पक्षियों को भी गर्मी से दिन और रात चैन नहीं मिल रहा है.। मौसम वैज्ञानिक अभी इससे जल्द राहत मिलने की संभावना जता रहे हैं। सड़क पर लूं भरी हवा चलने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है । मौसम के जानकारों की मानें तो आगामी तीन 3 दिनों में पारा दिन प्रतिदिन बढ़ने की उम्मीद है। मंगलवार को अधिकतम तापमान उछाल भरकर 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दोपहर के समय हालात यह रहे कि आसमान से मानो हाथ बरस रही हो और सड़कें तवे जैसी गरम हो गई है। तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी से लोगों को कहीं चैन नहीं मिल पा रहा है। तेज धूप में भी लोगों के पसीने निकाल रहे हैं। मंगलवार को तपिश के चलते सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया। सुबह से ही गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया। भीषण गर्मी से बचने के लिए राहगीर और वाहन चालक छाव तलाशते हुए नजर आ रहे थे। आलम यह था कि चिलचिलाती धूप में सड़कों पर सन्नाटा जैसा माहौल था। तमाम इंतजाम के बाद भी राहत नहीं मिल सकी। मुंह के थपेड़ों से लोग झुलसते रहे ।

तेज धूप में लोगों को घर में रखने को मजबूर कर दिया। भूख के कारण मकान भी व्यक्ति की तरह तक रहे हैं जिसके चलते घरों में लगे एसी व. कूलर भी पूरी तरह फेल नजर आ रहे हैं । गर्मी के चलते गलियां सुनसान पड़ी हुई है ।सड़क पर चलने वाले लोग अपना चेहरा ढककर निकले तो वहीं इस दौरान गन्ने के रस बेचने वाले आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक की दुकानों पर लोगों के लिए देखी जा सकती है ।

- गर्मी और लू के चलते घरों में कैद हुए लोग, बाजारो में पसरा सन्नाटा
- मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार जल्द नहीं मिलेगी लू से निजात



# जिला कारागार की तरफ से राहगीरों को बांटा गया शरबत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** जिला कारागार के मुख्य द्वार के बाहर बंदियों से मिलने आये मुलाकाती जनों एवं सड़क से गुजरने वाले समस्त व्यक्तियों को भीषण गर्मी से बचाव हेतु कारागार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से शीतल पेय जल ( शरबत ) बांटा/ पिलाया गया।





# किसानों को शीघ्र दिए जाएं आबादी के 07 प्रतिशत विकसित भूखंड : धीरेंद्र सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मुलाकात कर, रबूपुरा व अनेकों ग्रामों के किसानों के आबादी के 07 प्रतिशत विकसित भूखंड न दिए जाने पर खेद व्यक्त किया। इस संबंध में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को एक पत्र भी प्रेषित किया। इस संबंध में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह को भेजे गए पत्र का मजमून इस प्रकार है-सन् 2009 में, मेरा लडका 10 वर्ष का था और आज वह 25 साल का होने जा रहा है, क्योंकि वह किसान का बेटा है, इसलिए उसे उम्मीद थी "प्राधिकरण द्वारा सन् 2009 में अधिग्रहित की गयी भूमि के सापेक्ष मिलने वाले 07 प्रतिशत विकसित भूखंड पर अपने जीवन यापन से संबंधित कोई कार्य कर लेगा, लेकिन 15 साल से भी ज्यादा होने के पश्चात प्राधिकरण द्वारा अभी तक रबूपुरा व अनेकों ग्रामों के उपरोक्त विकसित भूखंड किसानों को नही दिए गए हैं, जबकि जो जमीनें सन 2014 में अधिग्रहित की गयी थी, वहां सैक्टर 28, 29, 32 व 33 आदि बना लिए गए है, जिन पर कई फैक्ट्रियां शुरू भी हो चुकी हैं।मेरे कहने का तात्पर्य आप समझ ही गए होंगे, जिन किसानों से जमीनें लेकर,



इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को तेजी से बढाया गया तथा अनेकों फैक्ट्रियां शुरू हो चुकी हैं, लेकिन जिसकी जमीन पर, वह फैक्ट्रियां शुरू हुई हैं, वह किसान और उसके बच्चे, आज भी इस आशा से प्राधिकरण की ओर निहार रहे हैं कि हम भी इस औद्योगिक विकास की गति के साथ कदम ताल करते हुए, अपने जीवन यापन का कोई जरिया बना पाएंगे। आखिर प्राधिकरण के समक्ष, ऐसी कौन सी मजबूरी हैं, जो 15 वर्ष बाद भी अनेंकों ग्रामों के किसानों को, इस लाभ से महरूम रखा गया, वह कारण अगर मैं, जान पाऊँ तो, हो सकता है कि भविष्य में इस अनावश्यक विलंब से बचा जा सकता है। मुझे यह भी पता है कि प्राधिकरण की तरफ से इसका जबाव आएगा कि शीघ्र ही हम विकसित आबादी भूखंड वितरित करने जा रहे हैं, लेकिन विषय यह नही है, विषय यह है कि बाद में अधिग्रहित की गयी जमीन पर उद्योग धंधे चालू हो सकते हैं तो किसान के परिवार के जीवन यापन का एक मात्र जरिया, वह विकसित भूखंड, जिससे वह अपने भविष्य को संवार सकता था, ऐसी क्या मजबूरियां है, जो अभी तक उसका, यह अधिकार, उसे नही मिल पाया है। संवैधानिक रूप से जनप्रतिनिधि होने के नाते, मुझे सिर्फ ध्यान आकर्षित कराने का अधिकार मिला हुआ है, बाकी नीति निर्धारण और अंतिम निर्णय प्राधिकरणों का विशेष अधिकार है।इस संबंध में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक एवं अवस्थापना, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को भी एक पत्र प्रेषित करते हुए कहा कि "आखिर ऐसी भी क्या मजबूरी है कि 15 वर्ष बाद भी प्राधिकरण, किसानों को आबादी के 07 प्रतिशत विकसित भूखंड नही दे पाई है, जो किसानों के बच्चों के जीवन यापन का जरिया बन सकते थे, जबकि सन् 2014 में अधिग्रहित की जमीनों पर आज फैक्ट्रियां शुरू हो चुकी हैं। इसलिए प्राधिकरणों को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिससे किसान भी औद्योगिक विकास के साथ कदम ताल मिलाकर चल सकें।" जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक एवं स्थापना उत्तर प्रदेश शासन को भी एक पत्र प्रेषित किया गया।

# गलगोटियास विश्वविद्यालय में पर्यावरण की सुरक्षा के लिये मनाया गया वृक्षारोपण का भव्य कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** गलगोटियास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, स्कूल ऑफ लॉ, स्कूल ऑफ लिबरल एजुकेशन, एनसीसी विभाग और एनएसएस विभाग के तत्वाधान में पर्यावरण की सुरक्षा के लिये एक सहयोगात्मक थीम के अन्तर्गत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर वृक्षारोपण का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन की शुरूआत करते हुए स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. सहदेव सिंह ने अपने भाषण में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया और सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सतत कृषि, वनीकरण और स्वच्छ भारत अभियान को अपनाने पर जोर दिया।

कृषि विभाग के प्रोफेसर डॉ. एच. एस. गौड़ ने प्रकृति के तत्वों और पर्यावरण की स्थिरता के महत्व पर हमारे पूर्वजों की शिक्षाओं को याद दिलाया।

स्कूल ऑफ लिबरल एजुकेशन की डीन डा० अनुराधा पाराशर ने कहा कि इस प्रकार के अभियानों से न केवल पर्यावरण को लाभ होता है बल्कि सामुदायिक भावना भी मजबूत होती है। वृक्षारोपण अभियान एक सकारात्मक पहल है जो निश्चित रूप से हमारे पर्यावरण और समाज को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। स्कूल ऑफ लॉ के डीन डा० नरेश वत्स ने अपने वक्तव्य में अपने देश के नाम पर जरूर लगाना चाहिए। क्योंकि वृक्ष ही धरती के आभूषण हैं।

गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने






कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है जिससे हम अपनी धरती को हराभरा बना सकें। और आगे आने वाले पीढ़ियों को एक सुरक्षित जीवन प्रदान कर सकें। गलगोटिया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुनील गलगोटिया ने इस ग्रह धरती पर जीवन की स्थिरता के लिए पर्यावरण के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि हर किसी व्यक्ति को एक पेड़ कहा कि नई तकनीकों को विकसित करते समय हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रौद्योगिकी पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने छात्रों को पर्यावरण और पौधों के संरक्षण के बारे में जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी जीवन शैली और प्रौद्योगिकी विकास सद्भाव के साथ होना चाहिए।

# श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर शरबत वितरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** निर्जला एकादशी एवं तपती गर्मी के कारण आज श्रीराम मित्र मंडल,नोएडा द्वारा अपने कार्यालयः आई-70, सेक्टर-9, नोएडा में राहगीरों, मजदूरों एवं जरूरतमंदों के लिए शरबत एवं ठंढा पेयजल का वितरण किया गया।सैकड़ों राहगीरों एवं मजदूरों ने तपती गर्मी में शरबत पीकर अपनी प्यास को मिटाया।



इस अवसर पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने उपस्थितजनों को निर्जला एकादशी की हार्दिक शुभकामनाऐं दीं। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएन गोयल, राजकुमार गर्ग,बजरंगलाल गुप्ता, मुकेश अग्रवाल,पवन गोयल, मोतीराम गुप्ता,एसएमगुप्ता,मुकेश गर्ग,आदि उपस्थित थे।

# पुलिस प्रशासन नहीं कर सकता लापरवाही जनता का रखना होगा ध्यान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव में प्रदेश से खराब प्रदर्शन के बाद हाल ही में



मुख्यमंत्री ने अधीनस्थों के साथ बैठक की थी। जिसमें कई अहम फैसले लिए गए हैं। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जिलों में पुलिस की तानाशाही बरकरार है। मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद ऐसे पुलिसकर्मियों को सबक सिखाने के लिए प्रदेश की एक विशेष खुफिया विंग (पुलिस) को जिम्मेदारी दी गई है। ब्रेकिंग न्यूज लखनऊ सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश फील्ड में तैनात अधिकारियों को उवत्र फोन दिए गए हैं। यह जनता के लिए हैं, इसे 24X7 चालू रखें हर अधिकारी यह फोन स्वयं रिसीव करें फोन रिसीव न कर सके तो कॉल बैक करें जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखें जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं-समस्याओं को जरूर सुनें मेरिट के आधार पर उसका निराकरण करें, पुलिस प्रशासन नहीं कर सकता लापरवाही जनता का रखना होगा ध्यान।

# लोकसभा से विजयी पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का सूरजपुर कस्बे के कार्यकर्ताओ ने दी बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

सूरजपुर **(मौ. बिलाल)।** सूरजपुर ग्रामवासियों ने भाजपा गौतमबुद्धनगर लोकसभा से विजयी पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का नोएडा कैम्प कार्यालय सेक्टर 27 पर पहुँच कर उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटो से जीतने वाले गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को सूरजपुर कस्बे के कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

इस मौके पर वरिष्ठ



समाजसेवी पंडित भूदेव शर्मा, पंडित जयदेव शर्मा, पंडित मूलचंद प्रधान, पंडित सत्यपाल शर्मा जिला मंत्री भाजपा, पंडित कर्मवीर आर्य जिला मीडिया प्रभारी, पंडित सुनील सोनिक महासचिव सूरजपुर मंडल भाजपा, माणकचंद शर्मा बूथ अध्यक्ष सूरजपुर, प्रेमवीर शर्मा महेश सूरजपुर विकास समिति के अध्यक्ष अतुल वशिष्ठ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा सेक्टर 3 के पार्कों में फैली गंदगी, व पार्कों की जर्जर हालात से सेक्टर निवासी परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (जुनैद मलिक अत्तारी)।** केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है वहीं दूसरी तरफ ग्रेटर नोएडा की कॉलोनियों में बने पार्कों में गंदगी बेशुमार है। तथा पार्कों की हालात जर्जर हो चुकी है। ग्रेटर नोएडा सेक्टर 3 के ए ब्लाक में स्थित पार्क में फैली गंदगी, आवारा पशुओं व टूटी हुई दीवारों व पार्क में लगी घास के मैदान को समय पर पानी नहीं दिए जाने के कारण वहां के निवासी बहुत परेशान हैं। कहने को तो पार्क लोगों को गर्मी व धूप से राहत देने का काम करते हैं, सुबह व सायं लोग वहां टहलते हैं और बच्चे खेलते हैं लेकिन इस पार्क में फैली गंदगी आवारा पशुओं व टूटी हुई दीवारों कारण




यहां कोई जाना पसंद नहीं करता। सेक्टर 3 के ए ब्लाक निवासी व आरडब्ल्यूए के सदस्यों सुधीर चौधरी , डॉ राकेश कुमार सिंह, का कहना है कि पार्क में फैली गंदगी आवारा पशुओं व टूटी हुई दीवारों पर ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पार्क में जगह व जगह गंदगी के ढेर लगे पडे. है। पार्क में लगे पेड़ पौधों को कर्मचारी समय पर पानी नहीं दे रहे हैं। सेक्टर निवासियों की मांग है कि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी इस ओर ध्यान दें। पार्क में फैली गंदगी की सफाई, पार्क की जर्जर हालात को ठीक करवाने की व्यवस्था की जाए ताकि यहां के निवासी पार्क का लाभ उठा सकें।

# आवारा पशुओं का सेक्टर डेल्टा 2 में आतंक पूरी गाड़ी को किया डैमेज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** सेक्टर डेल्टा 2 के आर डब्लू ए महासचिव आलोक नागर ने कहा सेक्टर के अन्दर में आवारा पशुओं का आतंक है आए दिन कुछ ना कुछ सेक्टर वासियों को उनके आतंक का नुकसान झेलने को मिलता है आज सेक्टर के आई ब्लॉक के अंदर दो आवारा पशुओं की आपस की लड़ाई में एक गाड़ी पूरी तरीके से डैमेज हो गई पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई कई बार इस तरह की घटनाएं सेक्टर के अंदर हो चुकी है इस संबंध में कई बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संबंधीत अधिकारियों को भी सूचित किया गया है लेकिन कोई कार्रवाई प्राधिकरण की तरफ से नहीं होती है किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कर रहा है मेरा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीनियर अधिकारियों से निवेदन है इस समस्या पर तुरंत कार्रवाई करें अन्यथा सभी सेक्टर निवासी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीनियर अधिकारियों की होगी।



# चारमूर्ति चौक से तिगड़ी रोटरी की सड़क जल्द होगी दुरुस्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** चारमूर्ति चौक से तिगड़ी रोटरी की सड़क पर दोनों तरफ री-सर्फेसिंग का काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए

- **ग्रेनो प्राधिकरण ने री-सर्फेसिंग के लिए सात करोड़ के निकाले टेंडर**
- **73 करोड़ से बिजली, निर्माण, उद्यान, जल-सीवर के 20 काम होंगे**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं। टेंडर की प्रक्रिया लगभग एक माह में पूरा कर इस रोड को दुरुस्त कराने की तैयारी है। इसके साथ ही 19 अन्य कार्यों के लिए लगभग 73 करोड़ रुपये के प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं।लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता हटने के बाद से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर विकास की रफ्तार पकड़ ली है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने मेनटेनेंस व निर्माण कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग, उद्यान विभाग, विद्युत अभियांत्रिकी और जल-सीवर विभाग की तरफ से टेंडर निकाले गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि परियोजना विभाग ने 47 करोड़ रुपये में 12 कार्यों के टेंडर निकाले हैं, जिनमें चारमूर्ति चौक से तिगड़ी रोटरी की सड़क पर दोनों तरफ री-सर्फेसिंग के अलावा पाली में शिव मंदिर के पास पंचायत घर का अवशेष कार्य, नालों को कवर करने का कार्य, सेक्टर एक व ज्यू थ्री में नाले की सफाई के कार्य, पाली में छह फीसदी आवासीय भूखंडों को विकसित करने का कार्य आदि शामिल हैं। इसी तरह लगभग 6.85 करोड़ रुपये की लागत से कई गांवों में छह फीसदी आबादी भूखंडों में एलईडी लाइट लगाने



आदि के कार्य कराए जाएंगे। जल-सीवर विभाग की तरफ से सेक्टर इकोटेक थ्री स्थित 20 एमएलडी एसटीपी का मेनटेनेंस व संचालन और गंगाजल परियोजना के जोनल रिजर्वायर के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इंस्ट्रूमेंटल व संबंधित सिविल कार्य तथा जीआईएस मैपिंग के कार्यों पर 17.51 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। इसी तरह उद्यान विभाग ने गैलेक्सी वेगा सोसाइटी के पास 100 मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट में ओपन जिम लगाने का कार्य, डीएससी रोड और एनएच-24 के सौंदर्यीकरण आदि कार्यों के लिए 1.49 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। टेंडर प्रक्रिया को लगभग एक माह में पूरा कर काम शुरू कराने की तैयारी है।

**सावधानी** | **गर्मी के दिनों में बहुत कठिन मेहनत वाली एक्सरसाइज न करें**


# शारदा अस्पताल में बढ़ी हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या, देखें क्या होते हैं लक्षण और क्या बरतें सावधानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** देश के कई राज्यों में अभी भी गर्मी के कारण सभी का हाल बेहाल है। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है और वहीं एसी-कूलर भी फेल हो गए। शहर के कई इलाकों में पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया है। ग्रेनो नॉलेज पार्क स्थित शारदा अस्पताल के में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कुछ मरीजों को एडमिट करना पड़ रहा है।

शारदा हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. भूमेश त्यागी के मुताबिक हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर अपने बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होता है और शरीर को ठंडा करने में मदद करने वाले पसीने का मैकेनिज्म भी फेल हो जाता है। हीट-स्ट्रोक के लक्षण अगर पहचान लिए जाएं तो उसके इलाज में समय रहते मदद मिल सकती है। इसलिए हीट-स्ट्रोक के सारे लक्षणों की पहचान होनी जरूरी है. सिर दर्द, तेज बुखार,होश खो देना,मानसिक स्थिति बिगड़ना,मतली और उल्टी,त्वचा का लाल होना,हार्ट रेट बढ़ना,त्वचा का नर्म होना, त्वचा का सूखना और डिमेंशिया इसके कॉमन लक्षण है। जैसे ही ये लक्षण दिखें तुरंत कहीं न कहीं किसी घर के अंदर पनाह लें। पानी पिएं और अगर संभव हो तो नमक-चीनी और पानी का घोल पिएं।बाहर





निकलने से पहले कोशिश करें कि बैग में पानी और ओआरएस घोल रख लें।अगर गंभीर लक्षण है तो किसी न किसी अस्पताल जाएं। तेज गर्मी में हमेशा सूती और हल्के कपड़े पहनें यदि आप बाहर निकल रहे हैं तो लूज फिटिंग वाले कपड़े पहनें. यदि बहुत तेज धूप है तो टोपी पहनें और सनग्लास लगाएं वहीं बहुत तेज धूप में निकल रहे हैं तो सूती कपड़े को पानी में भिगो दें और उसे सिर पर लपेट लें।

गर्मी के दिनों में बहुत कठिन मेहनत वाली एक्सरसाइज न करें। या तो बहुत सुबह एक्सरसाइज कर लें या देर शाम करें।गर्मी के दिनों में एक साथ ज्यादा भोजन न करें एक बार में कम-कम भोजन करें लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि दिन में दो बार ही खाएं कम-कम भोजन करें लेकिन जल्दी-जल्दी करें गर्मी के दिनों में रेशेदार हरी सब्जियों का इस्तेमाल ज्यादा करें।

# वैश्य समाज के बड़े नेताओं में सुमार हो चुके है, इससे पहले वैश्य समाज में सुरेन्द्र प्रकाश गोयल को बड़ा नेता माना जाता रहा है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद भले ही अतुल गर्ग को राजनीति विरासत में मिली हो लेकिन वर्तमान में वह गाजियाबाद में वैश्य समाज के बड़े नेताओं में सुमार हो चुके है। इससे पहले वैश्य समाज में सुरेन्द्र प्रकाश गोयल को बड़ा नेता माना जाता था, हालांकि अब वह हमारे बीच में नहीं रहे है। सुरेन्द्र प्रकाश गोयल की बात की जाए तो उन्होंने राजनीति अपने आप को साबित कर एक अमिट छाप छोड़ी है। सभासद से सांसद का मुकाम हासिल सुरेन्द्र प्रकाश गोयल ने किया था। वहीं अतुल गर्ग भी गाजियाबाद से दो बार विधायक रह चुके है और वर्तमान में उन्हें लोकसभा में जीत दर्ज की है। स्व. सुरेन्द्र प्रकाश गोयल कीबात करे तो उन्हें जमीनी स्तर का नेता माना जाता था, वह रिक्शा में सवार होकर लोगों के पास चले जाते थे तो नाई दुकान से लोगों की समस्याओं को लेकर अधिकारी घर पर पहुंच जाते थे। 1971 में सुरेन्द्रप्रकाशगोयल पहली बार सभासद चुने गए, उसके बाद 1973 में भी सभासद बने। उसके बाद 1975 में वह चेयरमैन बने और 89 में भी चेयरमैन रहे, उस समय मात्र चालीस सभासद होते है, उन्हें मजाकिया तौर पर अली बाबा भी




सुरेन्द्र गोयल के बाद अतुल गर्ग बने वैश्य समाज के बड़े नेता सुरेन्द्र गोयल ने जमीनी स्तर पर किया था गाजियाबाद में बड़ा मुकाम हासिल गाजियाबाद के इतिहास में दोनों नेताओं ने विधायक के बाद पाया सांसद बनने का मुकाम जमीनी स्तर पर अतुल गर्ग को भी बनानी चाहिए सुरेन्द्र गोयल जैसी पकड़ कहा जाता था। उसके बाद वह डीसी गर्ग के सामने मेयर का चुनाव लड़े लेकिन उसमें वह हार गए। 2002 में विधायक बने उसके बाद 2004 में रामेशचन्द तोमर को हराकर वह सांसद बने। वहीं 2009 में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह से वह चुनाव हारे। कोरोना काल के दौरान उनका निधन हो गया था। भले ही सुरेन्द्र प्रकाश गोयल अब हमारे बीच में नहीं हो लेकिर राजनीति में आज भी उनके नाम को याद किया जाता है, उनके द्वारा किए गए कार्यों को जनता अभी तक नहीं भुली, उन्हे जनप्रिय और जमीनी स्तर का नेता माना जाता था हालांकि कई नेता उनकी राह पर चलना चाह रहे है लेकिन अभी तक उनका तोड़ किसी के पास नहीं मिला है। बहराल उनके कदमों पर अतुल गर्ग चलते दिखाई दे रहे है। अतुल गर्ग 2017 में पहली बार शहर विधानसभा सीट से विधायक बने उसके बाद 2022 में भी पार्टी ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें दोबारा विधायक लड़ने का मौका दिया, इस बार भी अतुल गर्ग ने जीत कर विधायक बनकर शहर विधानसभा में अपना इकबाल बुलंद किया वहीं 2024 में पार्टी ने जनरल वीके सिंह के स्थान पर शहर विधानसभा के विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा और अतुल गर्ग ने गाजियाबाद में फिर से कमल का फूल खिला दिया। अब इस बात को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो चुका है कि सुरेन्द्र प्रकाश गोयल की राहों पर अतुल गर्ग चलते दिखाई दे रहे है और वैश्य समाज में सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के बाद बड़ा चेहरा।

# युवा पीढ़ियों व मासूम बच्चों व महिलाओं को नशे की दुनिया में धकेलने वालों के आगे हमारी कानून व्यवस्था नतमस्तक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद सब जानते हैं कि नशा एक अभिशाप है लेकिन उसके बावजूद भी नशे का प्रचलनएच रुकने का नाम नहीं ले रहा है यहां तक की फिल्मों में नशे के दृश्य खुलेआम दिखाई जाते हैं बल्कि फिल्म इंडस्ट्री में विज्ञापन दिखाने का प्रचलन चला हुआ है समाज के लिए नशा बड़ा घातक है और इसके रोकथाम के लिए जब तक समाज परिवार व सरकार आगे नहीं आएगा यह भी बदस्तूर चलता रहेगा और मासूम बच्चों को अपनी गिरफ्त में लेकर नशे का आदि बनाता रहेगा !इस नशे से नशे करने वाले का ही नहीं उसके परिवार का भी जीवन बर्बाद होता है !नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि व्यक्ति मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है और जुर्म करने से भी परहेज नहीं करता !एक यह तथ्य भी हैरान करने वाला है कि नशे के मामले में महिलाएं भी पीछे नहीं हैं ! महिलाओं द्वारा भी इस तरह के मादक पदार्थों का सेवन काफी ज्यादा देखने को मिल रहा है !व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव प्रेम संबंध दांपत्य जीवन व तलाक आदि कारण महिलाओं में नशे की बढ़ती लत के लिए जिम्मेदार हैं! बच्चों और युवाओं में वैकल्पिक नशे की लत जिस तेजी से फैलती जा रही है वह समाज और सरकार के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए! लेकिन देखने में ये आ रहा है कि काली कमाई करके नौजवान पीढ़ी को नशे की दुनिया में धकेलने वालों के आगे हमारी कानून-व्यवस्था नतमस्तक है! वैकल्पिक नशे की जद में सबसे ज्यादा स्कूली बच्चे आ रहे हैं !वैकल्पिक नशे के खिलाफ सरकार और समाज दोनों को व्यापक अभियान चलाने की जरूरत है! साथ ही इस तरह के नशे का सामान मुहैया कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी हो! तभी हम अपनी भावी पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचा पाएंगे।



मधुर शर्मा आरटीआई कार्यकर्ता गाजियाबाद

# विजिलेंस जांच, परिणाम रहता है शून्य, जानकारों की माने तो ये तो एक नमूना मात्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बिजिलेंस विभाग ने अवैध निर्माण के एक प्रकरण में जीडीए के दो अवर अभियंताओं समेत अवैध निर्माण के दौरान तैनात रहे प्रभारी अधिकारी को लेकर रिपोर्ट तलब की है। विजिलेंस विभाग के पुलिस अधीक्षक क द्वारा इस कडी में प्राधिकरण सचिव को लेटर भेजा गया है। लेटर में उल्लेख किया गया कि विभाग के द्वारा जीडीए के प्रवर्तन जोन आठ के अंतर्गत आने वाले शालीमार गार्डन प्रथम में स्थित प्लाट संख्या 102 राधा कृष्ण पार्क सोसाइटी पर हुए अतिक्रमण के दौरान तैनात रहे प्रवर्तन प्रभारी राणा प्रताप सिंह तथा सहायक अभियंता आलोक रंजन तथा अवर अभियंताओं में अरपी यादव, मनीष तिवारी का सेवा विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था, लेकिन प्राधिकरण से केवल आलोक रंजन का सेवा विवरण उपलब्ध कराया गया है। इसमें भी आलोक रंजन की प्राधिकरण में तैनाती अवधि का उल्लेख नहीं किया गया है। लेटर में ये भी उल्लेख किया गया कि पूरे प्रकरण को लेकर जीडीए की ओएसडी से दूरभाष के माध्यम से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन काल रिसीव नहीं बैठती है विजिलेंस जांच, परिणाम रहता है शून्य

**बडी संख्या में अनियमितताओं जुडे ऐसे प्रकरण है, जिनमें शासन के द्वारा विजिलेंस जांच बैठायी गई,अवैध निर्माण के प्रकरण में विजिलेंस विभाग ने तलब की रिपोर्ट सतर्कता विभाग ने भेजा प्राधिकरण अधिकारियों को लेटर**

जानकारों की माने तो ये तो एक नमूना मात्र है। बडी संख्या में अनियमितताओं जुडे ऐसे प्रकरण है, जिनमें शासन के द्वारा विजिलेंस जांच बैठायी गई, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी जांच अधर में लटकी हुई है। नतीजा ये होता है कि मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। बताते है कि जीडीए के द्वारा विकसित की जा रही मधुबन बापू धाम योजना में विद्युतीकरण के नाम पर बडी अनियमितता के प्रकरण की शासन में गूंज हुई। बाकायदा जांच बठायी गई, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी मामला ठंड बस्ते में लटका हुआ है। यही स्थिति जीडीए के सचिव पद पर रहते हुए श्याम सिंह यादव के द्वारा सगे संबंधियों को लीक से हटकर भूखंड आवंटन के प्रकरण को जीडीए बोर्ड के सदस्य रहे राजेंद्र त्यागी के द्वारा जोर शोर से उठाया गया, प्रकरण को लेकर उच्च न्यायालय में भी वाद दायर किया गया, लेकिन जांच का परिणाम शून्य है।किए गए। लेटर के माध्यम से अवैध निर्माण के वक्त तैनात रहे प्रवर्तन प्रभारी राणा प्रताप सिंह एवं अवर अभियंता आरपी यादव एवं मनीष तिवारी की सेवा अवधि का विवरण उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। लेटर में ये भी उल्लेख किया कि साथ ही उपरोक्त अधिकारियों के खिलाफ यदि विभागीय जांच संस्थित हो तो उसका भी विवरण उपलब्ध कराया जाए।

# योग को अपना लिया जाए तो तमाम रोगों से स्वत: ही बचाव संभव है : मयंक गोयल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**






**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अंतर्गत 15 जून से 21 जून तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर आज दिनांक 18-06-2024 को रिजर्व पुलिस लाइन गाजियाबाद में जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम का प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक बृहदरूप से सफल आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय पुलिस कर्मियों,अधिकारियों सहित बहुसंख्य लोगो ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मयंक गोयल मण्डल उपाध्यक्ष (भाजपा) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मयंक गोयल ने योग की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये बताया कि दैनिक जीवन में यदि योग को अपना लिया जाए तो तमाम रोगों से स्वतः ही बचाव संभव है, आयुर्वेद एवं योग ऐसी पद्धति है जिसके नित प्रयोग एवं अभ्यास से रोगों से बचाव तथा रोगोन्मूलन संभव है, अपने बारे में बताया कि मै स्वयं विगत कई वर्षो से तमाम व्यस्तता के बाद भी दैनिक रूप से योगाभ्यास करता हूँ।आज के कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को प्रसिद्ध एवं ख्यातिलब्ध योगाचार्य यश पाराशर जी ने निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया सहायक के रूप में योग प्रशिक्षिका सारिका सिंह ने अपना योगदान प्रदान किया।

इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग गाजियाबाद के समस्त चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ० अशोक कुमार राना ने उपस्थित अतिथियों एवं योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सभी से अपने दैनिक जीवन मे योग को अपनाने का आवाहन किया।भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुलिस लाइन के आर०आई० तथा नोडल अधिकारी डॉ० कुलदीप राज का विशेष योगदान रहा, मंच संचालक पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बढ़ाया बैंकिंग नेटवर्क, उत्तर प्रदेश में नए आउटलेट का उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लोनी।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश राज्य में अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ, बैंक ने उत्तर प्रदेश में 191 और पूरे देश में 906 बैंकिंग आउटलेट स्थापित कर लिए

**लोनी, एनसीआर में नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन, जिससे देशभर में कुल 906 और उत्तर प्रदेश में 191 बैंकिंग आउटलेट हो गए**

हैं। लोनी, एनसीआर के ग्राहक अब बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिनमें बचत खाते, चालू खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट शामिल हैं, साथ ही आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद जैसी विभिन्न ऋण सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। बैंक अपने बैंकिंग आउटलेट्स, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के माध्यम से समेकित ग्राहक सेवा प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री गोविंद सिंह ने उत्तर प्रदेश के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "लोनी, एनसीआर में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनसीआर, जो तेजी से शहरीकरण और जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है, आर्थिक विकास के लिए विशेष अवसर प्रस्तुत करता है। आवश्यक बैंकिंग सेवाओं और खछत्रृ मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग ऋण की पहुंच प्रदान करके, हम वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच वाले समुदायों की आर्थिक सहनशक्ति को मजबूत करना और उत्तर प्रदेश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में योगदान करना चाहते हैं।" यह बैंकिंग आउटलेट व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए निम्न-आय वर्ग के व्यक्तियों या समूहों को माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेगा, जिनके पास वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह ऋण का खछत्रृमॉडल एक सामूहिक गारंटी ऋण मॉडल है, जो व्यक्तियों को संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने की अनुमति देता है, जबकि समूह के भीतर पारस्परिक समर्थन और उनके ऋणों के समय पर पुनर्भुगतान के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है।




ग्राहक विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं जैसे कि बैंकिंग आउटलेट्स, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (वढक) और कॉल सेंटर। इसके अतिरिक्त, बैंक ग्राहकों को "डिजी ऑन-बोर्डिंग" टैबलेट-आधारित एप्लीकेशन असिस्टेड मॉडल के माध्यम से बैंकिंग आउटलेट का दौरा किए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा भी प्रदान करता है।

# निर्जला एकादशी पर छबील व भंडारे का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** ज्येष्ठ माह की गर्मी में हर बार की तरह इस बार भी लोगों में निर्जला एकादशी के प्रति श्रद्धा बरकरार रही। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव के निवासियों ने मंगलवार को निर्जला एकदशी पर सोसायटी के बाहर मीठे पानी की छबील लगाई और आने जाने वाले लोगों को रोक-रोक कर जलपान कराया और सब्जी, पूरी और हलुआ का प्रसाद भी वितरित किया। अमित गुप्ता, कुमार गौरव, रवि, अंकित गर्ग, अश्विनी और रोहित चोपड़ा आदि ने आपसी सहयोग से छबील लगाकर मीठा शरबत वितरित किया और सब्जी ,पूरी ,हलुआ भी वितरित किया। भंडारे व छबील के आयोजकों ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में निर्जला एकादशी पर शरबत पिलाने का बहुत महत्व बताया गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी को पानी पिला कर सेवा करना पुण्य का भागीदार माना जाता है और उसे स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास को सार्थक करते हुए निर्जला एकादशी पर छबील व भण्डारे का आयोजन किया गया है।



# वार्ड 88 के पार्षद नीरज गोयल ने आज सम्भव दिवस में सीवर मेंटिनेंस कम्पनी की अनियमिताओं को लेकर एक पत्र नगरायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद बोर्ड बैठक में सीवर मेंटिनेंस कम्पनी के खिलाफ हुए पास प्रस्ताव पर होनी चाहिए कार्यवाही-पार्षद नीरज गोयल 1. वार्ड में 90% सीवरों में गाद भरी हुई है। 2. सीवर की व्यवस्था से जुड़े कर्मचारी,अधिकारी फोन नही उठाते है। 3. सीवरों को खोलने के लिए 10-10 दिन तक मशीन उपलब्ध नही करायी जाती 4. सीवर के ढक्कन,फ्रेम कम्पनी ने लगाने बंद कर दिए हैं।,5. डेमेज लाइन जोड़ी नही जा रही है ,6. सीवरेज व्यवस्था के लिए कम्पनी द्वारा अपने कर्मचारी नियुक्त नही है निगम के कर्मचारी ही आपसी सहमति से कार्य कर रहे हैं। गाजियाबाद। वार्ड 88 के पार्षद नीरज गोयल ने आज सम्भव दिवस में सीवर मेंटिनेंस कम्पनी की अनियमिताओं को लेकर एक पत्र नगरायुक्त को सौपा जिस में नीरज गोयल ने 6 पाइंट में सीवर मेंटिनेंस कम्पनी की अनियमिताएं बताई। उन्होंने बताया कि सीवर कम्पनी द्वारा नियुक्त कर्मचारी व अधिकारी पार्षद का ना तो फोन उठाते हैं और ना ही व्हाट्सएप पर कोई जबाब या फीडबैक देते है। मानसून उल्टी गिनती गिन रहा है वही वार्ड के सीवरों में गाद (गंदगी) जमी हुई है बार-बार शिकायतों के बाद भी अदेखा किया जा रहा है। यदि समय रहते सीवरों से गाद नही निकाली गयी तो शहर में जलभराव व बीमारियां फैल सकती है।


जब कर्मचारियों को सीवर लाइन खोलने के लिए कहा जाए तो मशीनों के आभाव या कमी को बताकर समस्या को लटका दिया जाता है वही बाजारों में टूटे फ्रेम ढक्कन और डेमेज सीवर लाइनों को ठीक करने के नाम पर ठेकेदार बदल गया है कहकर शांत कर दिया जाता है पार्षद ने बताया कि यदि सम्बंधित अधिकारी फोन नही उठाएंगे तो वह वार्ड में सीवर की समस्या के समाधान के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का नम्बर देना प्रारम्भ कर देंगे।



# राजनीतिक जमीन तलाश रहे पूर्व विधायक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद एक पूर्व विधायक का कभी जलवा होता था, जनता दरबार उनके आवास पर आज भी लगता है, अपने उनका वजूद क्षेत्र में है लेकिन इस समय वह राजनीतिक जमीन तलाश रहे है। भाजपा में जाने के सपने संजोय हुए है लेकिन उनके नाम के आगे नो एंट्री लगी हुई है, जिससे वह काफी परेशान है। हर तरफ जोड़ तोड लगा रहे है लेकिन अभी तक उनके लिए दरवाजे नहीं खुले है। उनके समर्थक सपा में है तो उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी को चुनाव लड़वाया वहीं पूर्व विधायक का पता नहीं लग रहा है कि वर्तमान में वह रालोद में हैं या सपा में भाजपा में नहीं मिल रही एंट्री, सपा और रालोद में भी नहीं मिल रहा स्थान लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें रालोद के मंच पर भी स्थान नहीं मिला था। हालांकि उनकी परिक्रमा भाजपा नेताओं के यहां पर जरूर लग रही है लेकिन एंट्री अभी तक नहीं हो पाई है। लोकसभा चुनाव के दौरान कयास लगाएं जा रहे थे कि उनको भाजपा में शामिल कर लिया जाएगा लेकिन पूरे चुनाव के दौरान उनकी एंट्री नहीं हुई हालांकि पीएम मोदी के चल रहे है वहीं भाजपा वालों ने नो एंट्री का बोर्ड उनके नाम के सामने लगाया हुआ है जिससे वह काफी परेशान भी दिखाई दे रहे है। वहीं पूर्व विधायक के समर्थक अभी सपा में ही अपनी राजनीतिक पारी खेल रहे है और उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी को भी पूरी मजबूती से चुनाव लड़वाने का कार्य किया था लेकिन समाजिक कार्यक्रमों में उनके समर्थक पूर्व विधायक के साथ ही खड़े दिखाई देते है। राजनीतिक गलियारों में भी इस बात को लेकर चर्चा है कि पूर्व विधायक जिनका कभी इकबाल बुलंद रहता था आज वह अपने राजनीतिक भविष्य की तलाश में ही जुटे हुए है।रोड शो के दौरान उन्होंने फूल जरूर बरसाएं थे लेकिन अब उनकी भविष्य की राजनीति पर खतरा दिखाई दे रहा है क्योंकि सपा से उनका मोह भंग हो गया तो रालोद वाले साथ लेकर नहीं।



# कार ने बाइक सवार को घसीटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ( आशा चौधरी)।** गाजियाबाद ट्रास हिंडन इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में सेंट फासिस स्कूल के सामने एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद बाइक सवार का सिर कार के नीचे था और चालक ने 5-6 फीट तक उन्हें घसीटा।

इस दौरान लोगों के शोर मचाने पर वह बाल-बाल बचे। कार को रुकवाने के बाद लोगों ने घायल को बाहर निकाला। इस दौरान आरोपी ने इलाज करवाने का झांसा देकर भीड़ को हदया और मौका पाकर घायल को वहीं छोड़कर फरार हो गया।

इस मामले में अभय खंड के रहने वाले रामेश्वर दयाल ने इंदिरापुरम थाने में शिकायत दी है। एसीपी इंदिरापुरम ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी तलाश की जा रही है। पीड़ित के अनुसार, 15 जून की घटना में उन्हें केस दर्ज करवने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**गोष्ठी संपन्न**

## शरीर,मन,बुद्धि को दु:ख रहित बनाने हेतु योग अपनाएं : हरिओम शास्त्री

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में "योगो भवति दु:खहा" पर गोष्ठी संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "योगो भवति दुःखहा" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 657 वां वेबिनार था। वैदिक विद्वान हरिओ३म शास्त्री ने कहा कि योगेश्वर श्रीकृष्ण जी ने श्रीमद्भगवद्गीता में योग को सभी दुःखों का नाशक कहा है।वे कहते हैं कि -- युक्ताहार विहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।

युक्त स्वपनावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।।

अर्थात-उचित और उचित मात्रा में उचित समय पर भोजन खाना, उचित घूमना फिरना,उचित कर्मों में प्रयत्न करना,उचित समय पर सोना और उचित समय पर जागना ही दुःख को दूर करने वाला योग होता है। मनुष्य के लिए वास्तविक योग का लक्ष्य परमात्मा के साथ मिलन होता है।जो साधना,संयम,शुद्धता और अध्यात्म से प्राप्त होता है। फिर भी ऋषि मुनियों ने शारीरिक स्वास्थ्य,मानसिक और बौद्धिक उन्नति को भी प्राप्त करने का एक मात्र उपाय योग को ही बताया है। सफलता और असफलता में एक रूप में रहने को भी योगेश्वर श्रीकृष्ण ने योग कहा है।वे कहते हैं-- योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनञ्जयः।


सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्त्वं योग उच्यते।।

केवल शारीरिक स्वास्थ्य हेतु किया गया व्यायाम ही योग नहीं कहलाता है।मन और बुद्धि को सूक्ष्म तथा शक्तिशाली बनाना और आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ना वास्तविक योग होता है। जैसे एक के साथ कोई भी दूसरी संख्या को जोड़ने से बनने वाली संख्या बड़ी होती है।वैसे ही आत्मा का योग परमात्मा से होने पर आत्मा को मोक्ष प्राप्त होता है। इसलिए योग को मोक्षदः भी कहते हैं।अतः अपने शरीर,मन,बुद्धि और आत्मा को दुःख रहित बनाने हेतु योग को निरंतर अपनाना चाहिए। तभी वह हमारे दुःखों को दूर करने वाला बन सकेगा। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र योगाचार्य (प्रान्तीय महामंत्री हरियाणा) ने कहा कि सत्य का पालन करने पर जीवन में हम आगे बढ़ सकते हैं।तथा करो योग रहो निरोग। केंद्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि महर्षि पतंजलि के योग सूत्र को अपना कर ध्यान साधना द्वारा जीवात्मा को परमात्मा की अनुभूति हो सकती है।

**ध्यान साधना द्वारा ही जीवात्मा को परमात्मा की अनुभूति हो सकती है- प्रवीण आर्य (प्रान्तीय अध्यक्ष)**

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि योग का अर्थ जोड़ना आत्मा को परमात्मा से जोड़ना योग है।हम जात-पात,ऊंच-नीच एवं प्रांतवाद से उपर उठकर समाज को जोड़ने का काम करेंगेक उन्होंने बताया की परिषद "भूटान" मे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी जिसका लाइव प्रसारण होगा। 20 आर्य जन भूटान पहुंच रहे हैं।

गायिका कौशल्या अरोड़ा, कमला हंस, आशा आर्या, शोभा बत्रा,सुधीर आर्य, रविन्द्र गुप्ता, कृष्ण कुमार यादव, सुभाष शर्मा, कुसुम भंडारी आदि ने मधुर भजन सुनाए।




# सपा के राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा आशु अब्बासी ने की पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डासना ।** आशु अब्बसी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा ने अखलेश यादव से मुलाकात करके जीत की बधाई दी आशु अब्बासी ने बताया की लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस के साथ मिलकर यूपी की 80 में से 43 सीटों पर जीत दर्ज की है और भाजपा के सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने का सपना तोड़ दिया। इस जीत से सपाइयों में ऊर्जा का संचार हुआ है और परिणाम आने के बाद उन्होंने जमकर जश्न मनाया। यह पहली बार है जब सपा ने अपने दम पर यूपी में 37 सीटों पर जीत दर्ज की है भाजपा की सरकार बनाने का सपना तोड़ दिया। अब भाजपा को केंद्र में सरकार बनाने के लिए अपने सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा।



# काठमांडू स्थित डीएवी कॉलेज में सम्पन्न हुई 7वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** नेपाल के काठमांडू स्थित डीएवी कॉलेज में तीन दिवसीय कृषि पर्यावरण और जीव विज्ञान के वैश्विक संदर्भ में भविष्य विषय पर 7वीं अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस संपन्न हुई। कॉन्फ्रेंस में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज के डीन डॉ वैभव गोयल भारतीय, डीन अकादमिक एवं शोध प्रोफेसर डॉ. अमर प्रकाश गर्ग सहित विश्वविद्यालय के कई संकाय सदस्यों ने शिरकत की। शोध व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें सम्मानित किया गया।

## कॉन्फ्रेंस में सुभारती विश्वविद्यालय की भागीदारी

इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन डी ए वी कॉलेज (त्रिभुवन विश्वविद्यालय) के डॉ. अनिल केडिया व नेपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर एस पी विष्ट के साथ की प्रज्वलन एवं दोनों देशों के राष्ट्रगान के साथ किया गया। कॉन्फ्रेंस में भारत, नेपाल और अन्य विभिन्न देशों से वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान प्रस्तुत किए जिनमें 365 मौखिक और 280 पोस्टर शोधपत्र शामिल रहे। कॉन्फ्रेंस में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने भी प्रभावी उपस्थिति दर्ज की।कॉन्फ्रेंस के आयोजन की मुख्य उद्देश्य वैश्विक परिवेश में हो रही विभिन्न पर्यावरण संबंधी समस्याओं के साथ-साथ तेजी से बदलते हुए मौसम में परिवर्तन के प्रभावों पर चर्चा करना था। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता डॉ. अनंत कुमार (एटीडीएस) ने की और अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के आर्गनाइजिंग चैयरमैन प्रोफेसर अमर गर्ग और डॉ. जोगेंद्र सिंह ने जलवायु परिवर्तन के संकट में पर्यावरण संरक्षण के साथ कृषि उत्पादन में बदलाव पर ध्यान दिया। कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र, जूलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज एजुकेशन मुंबई, उत्तर प्रदेश के वन विभाग के साथ भारत के 24 राज्यों से विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

कॉन्फ्रेंस के दौरान वैज्ञानिकों ने जलवायु परिवर्तन के वैश्विक संकट में पर्यावरण संरक्षण के साथ कृषि उत्पादन में बदलाव के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का कृषि क्षेत्र में उपयोग, पर्यावरण अनुकूलन बहुकृषि व्यवस्था, और सिंचाई प्रक्रिया में सुधार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी) के साथ-साथ कृषि एवं जैव वैज्ञानिक विषयों में अंतर्विषयक अध्ययन और अनुसंधान के अवसरों को तलाशना था। इसके अंतर्गत कानून, रसायन, भूगोल आदि के अंतर्गत अनुसंधान के अवसरों की भी चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस में भारत और नेपाल के योगदान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि विश्व कल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।इस महत्वपूर्ण अवसर पर विभिन्न वैज्ञानिकों के कार्यों को सम्मानित किया गया और उनके शोध पत्रों को पुरस्कृत किया गया। कॉन्फ्रेंस के अंतिम सत्र में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक एवं शोध प्रोफेसर डॉ. अमर प्रकाश गर्ग ने तीन दिनों के दौरान प्रस्तुत किए गए शोध पत्रों, पोस्टर्स, और संपूर्ण सम्मिलन की समीक्षा की। निष्कर्ष के रूप में उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल जैव कृषि और पर्यावरण संरक्षण हेतु मिलकर काम करने के प्रति वचनबद्ध हैं और भविष्य में भी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स को प्राप्त करने हेतु एकजुट रहेंगे।इस सम्मेलन ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के साथ-साथ कृषि एवं जैव वैज्ञानिक विषयों पर अन्तर्वेषक अध्ययन और अन्य संबंधित विषयों पर भी गहरी चर्चा की। कॉन्फ्रेंस के अंतिम सत्र में प्रोफेसर डॉ. अमर प्रकाश गर्ग ने उपस्थित वैज्ञानिकों के कार्य को सम्मानित किया और भविष्य में भी भारत और नेपाल के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु साझी मेहनत जारी रखने का संकल्प लिया। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविधालय के डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. देवपाल सिंह और डॉ. प्रिया राय जैसे विशेषज्ञों ने भी काठमांडू में अपने अनुभवों को साझा किया।

डॉ वैभव गोयल भारतीय ने सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से सभी को रुबरु कराया। कॉन्फ्रेंस ने वैज्ञानिक समुदाय के बीच सहयोग और विश्व के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल को प्राप्त करने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाने का अवसर प्रदान किया। पूरी कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने में डी ए वी कॉलेज काठमांडू से आईटी विभाग और सुभारती विश्वविद्यालय से डॉ अंजू रानी डॉ निशा राणा के साथ एटीडीएस समिति से डॉ अश्वनी कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।







# अलग-अलग सड़क हादसों दो पुरुषों सहित महिला की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर अलग-अलग सड़क हादसों में दो पुरुषो सहित एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों मतृको के शवों का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले एक कार चालक को हिरासत में ले लिया है, जबकि पुलिस अन्य हादसों को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

## पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वाहन व चालकों की तलाश में जुटी

सोमवार की देर रात्रि राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर रोड पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक 32 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया तो मृतक की पहचान राजस्थान राज्य के जयपुर निवासी कमल के रूप में हुई। मृतक कमल देर रात्रि पैदल ही कहीं जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे कमल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी और देर रात्रि क्षेत्र के गांव पंजोखरा के निकट पैदल जा रहे तीस वर्षीय युवक को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी।। कार की टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। और पहचान कराने के लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए है। फोटो वायरल होने पर मृतक युवक की शिनाख्त कस्बे मोहल्ला खेल निवासी नासिर पुत्र नसीर के रूप में परिजनों ने थाने पहुंचकर की। मंगलवार की दोपहर को क्षेत्र के गांव जैसल निवासी महिला लक्ष्मी पत्नी राजकुमार ई-रिक्शा में सवार होकर शामली की ओर जा रही थी, जैसे ही रिक्शा सवार गांव पंजोखरा मैरिज होम के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी महिला की मौत हो गई और रिक्शा चालक बिट्टू गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसों को अंजाम देने वाले वाहन व चालकों की तलाश में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकारी अमरदीप मौर्य का कहना है कि हादसे में हुई तीनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं, वाहन एवं चालकों की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




## मेरठ साउथ स्टेशन तक नमो भारत के संचालन को मिली हरी झंडी

**मेरठ ।** नमो भारत ट्रेन से अब बहुत जल्द मेरठ के लोग सफर कर सकेंगे। मोदीनगर से आगे मेरठ दक्षिण (परतापुर तिराहा) स्टेशन तक चलाने की हरी झंडी मिल गई है। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरस) ने ट्रेन चलाने की अनुमति दे दी है। एनसीआरटीसी ने ट्रेन को इसी महीने मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाने की तैयारी शुरू कर दी है।

नमो भारत ट्रेन का परिचालन इस समय यात्रियों के लिए साहिबाबाद से मोदीनगर तक 34 किलोमीटर लंबे खंड पर किया जा रहा है। ट्रेन को अब मेरठ दक्षिण (परतापुर तिराहा) तक आठ किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर भी चलाया जाएगा। इसका ट्रायल पहले ही पूरा हो चुका है। पिछले दिनों सीएमआरएस ने भी निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान ट्रेन और स्टेशन की जांच की गई। इसके बाद सीएमआरएस ने ट्रेन चलाने की अनुमति दे दी है। एनसीआरटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रेन को इस माह मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही इसकी तारीख भी तय कर दी जाएगी।

**नमो भारत का बड़ा स्टेशन है मेरठ दक्षिण**

**मेरठ** दक्षिण काफी बड़ा स्टेशन है। यह स्टेशन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, मेरठ-मुजफ्फरनगर हाईवे का भी जंक्शन है। इसके प्रवेश और निकास द्वार बन गए हैं। लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ी भी तैयार हो गई हैं। वाहनों के लिए भी पार्किंग तैयार है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी ने ट्रेन चलाने की अनुमति दे दी है। ट्रेन का परिचालन जल्दी ही मेरठ दक्षिण स्टेशन तक शुरू करने की तैयारी है।

## पिलखुवा में संदिग्धवस्था में युवक की घर अंदर मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी में एक युवक की घर के अंदर संदिग्धावस्था में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने बताया कि मृतक युवक का नाम इंतजार है। वह मोहल्ला गढ़ी में परिवारजनों के साथ रहता था। बकरीद होने के कारण परिवार में सुबह से लोगों का आना जाना शुरू हो गया। इस बीच परिजनों ने देखा कि इंतजार बेसुध पड़ा हुआ था। उसकी जांच की तो वह मृत निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, इंतजार की मौत से बकरीद की खुशी गम में बदल गई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर डीपीएस में समर कैंप का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इलाके की पावर परियोजना एनटीपीसी स्तिथ दिल्ली पब्लिक स्कूल में 5 जून से 11 जून तक "समर कैम्प" का आन लाइन आयोजन किया गया ।

इस वर्ष का "थीम" Land restoration and drought resilience है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपने विद्यालय के बच्चों, उनके अभिभावकों व अध्यापकों, सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना व उसके रक्षा करने की पहल था। सी बी एस ई के दिशा-निर्देश अनुसार यह कार्यक्रम विभिन्न विषयों जैसे उर्जा बचाना, पानी बचाना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना? आदि पर आधारित था। सभी ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस अवसर पर विद्यालय की तरफ से प्रधानाचार्या पूनम दुआ ने "Green Appeal " जारी की जो पानी बचाने से सम्बंधित था जिसे बहुत सराहा गया।




# पिपलेहडा गांव में ईद पर दी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी, पुलिस ने दो दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** थाना धौलाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गांव पिपलेहड़ा में ईद पर प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी देने के मामले ने धौलाना पुलिस ने तत्परता से कार्य करते हुए दो आरोपियों गौतशकरो को मौके से ही दबोचकर एक विवाद का पटाक्षेप कर दिया ।

## पांच गौतशकर मौके से फरार। पुलिस की टीम पकड़ने में जुटी

धौलाना थानेदार देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मकान पर छापा मारा और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया । जबकि मौके से पांच गौतशकर फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही मांस व उपकरण भी बरामद किए हैं। धौलाना थानेदार देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि ईद पर यासीन पुत्र कमरू निवासी ग्राम पीपलेहड़ा के घर में प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी दी गई है।

सूचना पर धौलाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और यासीन के मकान से दो आरोपी फुरकान पुत्र इशाक निवासी पीपलेहड़ा तथा इमरान पुत्र अशफाक निवासी अतराड़ा मेरठ को गिरफ्तार कर लिया । जिनके कब्जे से पुलिस ने दो कुंतल मास व पशु काटने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल यासीन समेत पांच आरोपी फरार हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।




गिरफ्तारी

## छापामार कार्रवाई करते हुए घेराबंदी करते हुए मौके से दो तस्करों को पकड़ लिया

# पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को किया काबू, कब्जे से चरस बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने पकड़े गए दोनों तस्करों के कब्जे से अवैध रूप से बेच रहे मादक पदार्थ चरस सहित गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। एसपी अभिषेक झा ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र से नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने के निर्देश दे रखे हैं। सोमवार की रात्रि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित इमरान के बाग के निकट मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर उप निरीक्षक नरेंद्र वर्मा ने पुलिस टीम के साथ छापामार कार्रवाई करते हुए घेराबंदी करते हुए मौके से दो तस्करों को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों तस्करों ने अपने नाम इंतजार पुत्र रियासत, एवं दूसरे ने सरवेज पुत्र नसीम निवासी सलेमपुर मार्ग कांधला बताया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद करने का दावा किया हैं। पुलिस ने पकड़े गए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मंगलवार को अभियोग दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस पूर्व में भी कई मादक पदार्थ तस्करों को जेल भेज चुकी है।





# डेयरी की आड़ में गोकशी, एक किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में बकरा ईद के मौके पर डेयरी की आड़ में गोवंश की कुबार्नी का मामला सामने आया है। जानकारी के बाद एक्शन मोड में आई पुलिस ने छापा मारकर मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गोमांस बरामद किया है। पुलिस कुबार्नी की बात से इनकार करते हुए घटना को गोकशी बता रही है। जानकारी के मुताबिक मेवगढ़ी मजीद नगर में रहने वाला परवेज मकान में ही डेयरी चलाता है। परवेज के पास दो दर्जन से अधिक गाय और भैंस हैं। सूत्रों के मुताबिक सोमवार को बकरा ईद के चलते परवेज ने अपने नौकर शाहिद और परिवार के लोगों के साथ देर रात डेयरी में गोवंश की कुबार्नी कर दी। मुखबिर से मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और परवेज को गिरफ्तार कर लिया। मौके से भारी मात्रा में गो अवशेष और गोमांस भी बरामद किए गए। हालांकि इस दौरान आरोपी का नौकर शाहिद और परिवार के अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद हुए मांस के सैंपल लैब में भेज दिए हैं। सीओ आशुतोष कुमार का कहना है की डेयरी के आड़ में अवैध कटान की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कुबार्नी की बात से इनकार किया है। इसी के साथ आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कही है। बताया जाता है कि आरोपी परवेज पर पहले भी गोकशी के कई मुकदमे दर्ज हैं।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# आशावाद भी गायब



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर हो, वहां कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है। कुवैत में विदेशी मजदूरों के एक रहवास में हुए भयंकर अग्निकांड में मरे 49 लोगों में तकरीबन 40 भारतीय हैं। उधर रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में भाड़े के सैनिक के तौर पर गए दो और भारतीयों की मौत हो गई है। ये भारतीय उन 30 लोगों से अलग हैं, जिनके परिजनों ने भारत सरकार से संपर्क किया था। मतलब यह कि रूस की तरफ से लड़ने के लिए जिन भारतीयों को बहला-फुसला कर ले जा गया गया, उनकी संख्या उससे कहीं अधिक है, जिसकी जानकारी भारत सरकार और भारत के आम लोगों को रही है। यह खबर तो पहले से बहुचर्चित है कि भारत सरकार ने खुद अपने प्रयास से सैकड़ों देशवासियों को युद्धग्रस्त इजराइल में मजदूरी करने के लिए भेजा। तो मन में पहली नजर में भाव यह उभरता है कि त्रासदी कहीं हो, उससे भारतीयों का कोई ना कोई संबंध निकल आता है। आखिर देश में अवसरों की इतनी कमी और उससे उत्पन्न निराशा इतनी व्यापक क्यों है कि देशवासी कहीं भी जाकर अपनी जान खतरे में डालने के लिए तैयार हो जाते हैं? हम कुछ आंकड़ों पर गौर करें, तो इस बारे में कुछ संकेत पा सकते हैं। मसलन, जहां युवा बेरोजगारी असामान्य रूप से ऊंची हो और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर चल रही हो, वहां आम जन की कैसी जिंदगी की कल्पना की जा सकती है? अप्रैल के जारी ताजा आंकड़ों में भी खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत दर्ज हुई है। कुल आलाम यह है कि सर्वे एजेंसी गैलप के एक विश्वव्यापी आकलन में सामने आया कि भारत में सिर्फ 14 फीसदी कर्मचारियों ने अपनी स्थिति को खुशहाल श्रेणी में रखा। बाकी 86 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी हालत को संघर्षरत या पीड़ादायक बताया। जबकि अपने को खुशहाल बताने वाले कर्मचारियों का वैश्विक औसत 34 प्रतिशत था। शासक तबकों और उनके संचार माध्यमों की तरफ से इस जमीनी सूरत पर परदा डालने के सुनियोजित अभियान लगातार चलाए जाते हैं। मगर उनसे संकट अब छिपाये नहीं छिप रहा है। अब हाल यह है कि अक्सर चुनावों के बाद दिखने वाला आशावाद भी इस बार गायब ही रहा है।




# बुजुर्गों की देखभाल में नौकरी उन्मुख और करियर: एक पुरस्कृत करियर पथ



विजय गर्ग

क्या आप ऐसे करियर पर विचार कर रहे हैं जहाँ आप दूसरों के जीवन में सार्थक बदलाव ला सकें? 2050 तक 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की वैश्विक आबादी 2 अरब तक पहुंचने की उम्मीद है, बुजुर्ग देखभाल नौकरियों में आशाजनक अवसर प्रदान करते हुए, बुजुर्ग देखभाल के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए दयालु व्यक्तियों की इतनी बड़ी मांग कभी नहीं रही है। वास्तव में, आंकड़े बताते हैं कि बुजुर्ग देखभाल पेशेवरों की आवश्यकता तीव्र गति से बढ़ रही है, अकेले अगले दशक में इस क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में 36% की वृद्धि होने का अनुमान है। बुजुर्ग देखभाल पेशेवरों की बढ़ती मांग जैसे-जैसे बेबी बूमर पीढ़ी की उम्र बढ़ती जा रही है, बुजुर्ग देखभाल सेवाओं की मांग अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है, जो बुजुर्ग देखभाल नौकरियों के महत्वपूर्ण महत्व को उजागर करती है। हाल के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि लगभग 80% वृद्ध वयस्क कम से कम एक पुरानी स्थिति, जैसे हृदय रोग या मधुमेह, से जूझ रहे हैं। नतीजतन, इस जनसांख्यिकीय बदलाव ने उच्च प्रशिक्षित और दयालु पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता पैदा की है जो वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान कर सकते हैं। इन सेवाओं में दैनिक गतिविधियों में बुनियादी सहायता से लेकर वृद्ध व्यक्तियों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष चिकित्सा देखभाल तक सब कुछ शामिल है। बुजुर्गों की देखभाल के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता क्योंकि यह हमारी वृद्ध आबादी की भलाई और गरिमा सुनिश्चित करता है, जिससे वे पूर्ण और आरामदायक जीवन जीने में सक्षम होते हैं।

बुजुर्ग देखभाल नौकरियों के प्रकार बुजुर्गों की देखभाल के क्षेत्र में विभिन्न भूमिकाएँ उपलब्ध हैं, जिनमें से प्रत्येक वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करती है। इन भूमिकाओं में शामिल हैं: घरेलू स्वास्थ्य सहायकः घरेलू स्वास्थ्य सहायक वरिष्ठ नागरिकों को घर में सहायता प्रदान करने, स्नान, कपड़े पहनने और संवारने जैसे व्यक्तिगत देखभाल कार्यों में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे सहयोग और भावनात्मक समर्थन भी प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वरिष्ठ नागरिक अपने घरों में सुरक्षित और आरामदायक महसूस करते हैं। प्रमाणित नर्सिंग सहायक (सीएनए): सीएनए नर्सिंग होम, अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में सीधे रोगी देखभाल प्रदान करने के लिए पंजीकृत नर्सों (आरएन) की देखरेख में काम करते हैं। वे दैनिक जीवन की गतिविधियों में सहायता करते हैं, जैसे कि खाना खिलाना, शौचालय जाना और स्थानांतरित करना, और महत्वपूर्ण संकेत लेने और दवाएँ देने जैसे बुनियादी चिकित्सा कार्य भी कर सकते हैं। व्यक्तिगत देखभाल सहायकः व्यक्तिगत देखभाल सहायक घरेलू स्वास्थ्य सहायकों के समान सेवाएं प्रदान करते हैं, व्यक्तिगत देखभाल कार्यों और घरेलू कामों में सहायता प्रदान करते हैं। वे वरिष्ठों के साथ नियुक्तियों में भी जा सकते हैं, दवा अनुस्मारक में मदद कर सकते हैं, और ग्राहकों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकते हैं। पंजीकृत नर्सें (आरएन): पंजीकृत नर्सें बुजुर्ग मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और समन्वय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करते हैं, देखभाल योजनाएँ विकसित करते हैं, दवाएँ देते हैं, और मरीजों और उनके परिवारों को शिक्षा और सहायता प्रदान करते हैं। आरएन अस्पताल, नर्सिंग होम और सामुदायिक स्वास्थ्य क्लीनिक सहित विभिन्न सेटिंग्स में काम कर सकते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताः सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ नागरिकों और उनके परिवारों को उन जटिल सामाजिक और भावनात्मक मुद्दों से निपटने में मदद करने में माहिर हैं जो अक्सर उम्र बढ़ने के साथ होते हैं। वे वरिष्ठ नागरिकों को उनकी स्वतंत्रता और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद करने के लिए परामर्श, वकालत और सहायता सेवाएँ प्रदान करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता दीर्घकालिक देखभाल योजना, आवास सहायता और सामुदायिक संसाधनों तक पहुंच में भी सहायता कर सकते हैं। में काम करने के फायदेबुजुर्गों की देखभाल बुजुर्गों की देखभाल में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं है; यह एक बेहद फायदेमंद करियर पथ है जो व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों तरह से कई लाभ प्रदान करता है, जो बुजुर्ग देखभाल नौकरियों के महत्व पर जोर देता है। जैसे-जैसे बुजुर्गों की आबादी बढ़ती जा रही है, कुशल देखभाल करने वालों की मांग आसमान छू रही है।

इस अनुभाग में, हम बुजुर्गों की देखभाल में काम करने के विभिन्न लाभों का पता लगाएंगे, और देखभाल करने वालों और उनके द्वारा सेवा किए जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों दोनों पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डालेंगे। उद्देश्य की पूर्तिः देखभाल करने वालों को वरिष्ठ नागरिकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालकर, उनकी स्वतंत्रता और गरिमा बनाए रखने में मदद करके संतुष्टि की गहरी भावना का अनुभव होता है। सार्थक रिश्ते बनानाः देखभाल करने वाले जिन वरिष्ठ नागरिकों की वे देखभाल करते हैं, उनके साथ मजबूत बंधन विकसित करते हैं, जिससे साहचर्य और आपसी सहयोग को बढ़ावा मिलता है। व्यक्तिगत विकास और विकासः बुजुर्गों की देखभाल में काम करने की चुनौतियाँ और पुरस्कार व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं, संचार, सहानुभूति और समस्या-समाधान में देखभाल करने वालों के कौशल को बढ़ाते हैं। करियर में उन्नति के अवसरः बुजुर्गों की देखभाल का क्षेत्र डिमेंशिया देखभाल और वृद्धावस्था नर्सिंग जैसे क्षेत्रों में करियर में उन्नति और विशेषज्ञता के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। नौकरी की स्थिरता और सुरक्षाः बुजुर्ग देखभाल पेशेवरों की बढ़ती मांग के साथ, इस क्षेत्र में नौकरी की स्थिरता अधिक है, जो मानसिक शांति और वित्तीय स्थिरता प्रदान करती है। प्रतिस्पर्धी वेतन और लाभः बुजुर्गों की देखभाल में कई भूमिकाएँ प्रतिस्पर्धी वेतन और लाभ प्रदान करती हैं, जो देखभाल करने वालों के आवश्यक कार्य के मूल्य को दर्शाती हैं। लचीले कार्य शेड्यूलः बुजुर्ग देखभाल पद अक्सर लचीले कार्य शेड्यूल की पेशकश करते हैं, जिससे देखभाल करने वालों को अन्य प्रतिबद्धताओं के साथ काम को संतुलित करने की अनुमति मिलती है। समुदाय की भावनाः देखभाल करने वाले एक दयालु और सहायक समुदाय का हिस्सा बन जाते हैं, जो सहकर्मियों के साथ सहयोग करते हैं जो वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपना समर्पण साझा करते हैं। आभार और प्रशंसाः वरिष्ठ नागरिक और उनके परिवार देखभाल करने वालों द्वारा प्रदान की गई देखभाल और सहायता के लिए आभार व्यक्त करते हैं, जिससे उनके काम के सार्थक प्रभाव को बल मिलता है। समाज में योगदानः वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और स्वतंत्रता के साथ उम्र बढ़ाने में सहायता करके, देखभाल करने वाले अधिक दयालु और समावेशी समुदाय का निर्माण करते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देते हैं।

चुनौतियाँ और पुरस्कार बुजुर्गों की देखभाल में काम करना चुनौतियाँ और पुरस्कार दोनों प्रस्तुत करता है, देखभाल करने वालों के अनुभवों को आकार देता है क्योंकि वे जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं, जो बुजुर्ग देखभाल नौकरियों के महत्व को रेखांकित करते हैं। रास्ते में आने वाली कठिनाइयों के बावजूद, देखभाल करने वालों का अपने ग्राहकों के जीवन पर जो गहरा प्रभाव पड़ता है, वह यात्रा को अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक बनाता है। चुनौतियाँ: भावनात्मक संवर्धनः उम्र बढ़ने के प्रभावों को देखना और जीवन के अंत तक देखभाल प्रदान करना देखभाल करने वालों को भावनात्मक विकास और संवर्धन के अवसर प्रदान करता है।

## अजनबी बस्ती अजनबी बसेरा,


अजनबी बस्ती अजनबी बसेरा,
हवाएं जाएंगी जहां, वहां सवेरा।

पल के अंधेरों से ओझल नहीं सूरज,
रवि फिर चमका आया नया सवेरा।

नन्ही चिड़ियों का मीठा कलरव,
बसेगा जिंदगी का रुपहला सवेरा।

अंधेरा नहीं कोई अंतिम परिणति,
नन्हें हाथ लाएंगे सूरज का सुनहरा चेहरा,

फिर महकेंगे बाग, उपवन और कलियां,
भँवरो के गुंजन से लजाएगा यौवन का सवेरा।




संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# फिर निकला ईवीएम मशीन का जिन्न



अशोक भाटिया

एक खबर के अनुसार मुंबई पुलिस ने रविवार को शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया। वायकर के रिश्तेदार पर 4 जून को नेस्को सेंटर के अंदर मोबाइल फोन के जरिए ओटीपी जनरेट कर ईवीएम मशीन को अनलॉक करने आरोप लगा।अब छेड़छाड़ के दावों को लेकर एक नया राजनीतिक वाकयुद्ध शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने मीडिया की एक खबर का हवाला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था, जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था। हालांकि, निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने मिड-डे अखबार की खबर को झूठी खबर करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि प्रकाशन को मानहानि का नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईवीएम एक स्वतंत्र प्रणाली है, जिसे प्रोग्राम नहीं किया जा सकता और इसमें वायरलेस से संचार स्थापित नहीं किया जा सकता।भारतीय जनता पार्टी को भी इस मुद्दे पर विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा और मांग की कि निर्वाचन आयोग को उन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाना चाहिए जिन्होंने खबर को साझा करके झूठ को बढ़ावा दिया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने ईवीएम को हटाने की बात की थी और दावा किया था कि हैकिंग का खतरा बहुत अधिक है। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। मस्क ने अमेरिकी राजनीतिज्ञ रॉबर्ट एफ। कैनेडी जूनियर के एक पोस्ट का जवाब देते हुए कहा था कि हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

मनुष्यों या एआई (कृत्रिम मेधा) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। कैनेडी जूनियर ने आरोप लगाया था कि प्यूर्टो रिको के प्राइमरी चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित सैकड़ों मतदान अनियमितताएं हुईं। कांग्रेस के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को भी बोलने का मौका मिल गया । उनके अनुसार एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिये कराने की मांग की।

राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है, और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जतायी जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है।

उन्होंने मीडिया की उस खबर को भी टैग किया, जिसमें दावा किया गया था कि शिवसेना के उम्मीदवार रवींद्र वायकर के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा मोबाइल फोन था, जिससे ईवीएम अनलॉक किया जा सकता था। वायकर ने मुंबई की उत्तर-पश्चिम सीट से 48 वोट से चुनाव जीता है।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** सरकारी परीक्षा के फिजिकल में परेशानी आ सकती है, व्यवसाय में देनदारी बढ़ सकती है, दवाई के कारोबार में उन्नति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-54

**वृषभ** रिश्ता करने में जल्दबाजी ना करे, तय होकर टूट सकता है, सरकारी क्षेत्र में कोई कार्य मिल सकता है, व्यवसाय चलेगा परंतु झगड़े से दूर रहें। भाग्य प्रतिशत-65

**मिथुन** नौकरी में बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, थोड़ा थकन अनुभव होगी, गुप्त शत्रुओं से बचे उन्नति में अड़चने डालेंगे, शिक्षा में परिश्रम बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-63

**कर्क** लेख लिखते समय सोच विचार कर लिखे, किसी से एकतरफा प्रेम बढ़ेगा, लोगों का काम सोच समझकर करें। भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह** झगडे आदि दूर होंगे, प्रशासन सम्बन्धित कार्यो में सफलता मिलेगी, मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, हृदय रोग है तो सर्जरी की ओर जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-56

**कन्या** स्वास्थ्य पर किसी चीज के सेवन से बुरा असर पड़ेगा, तकनीकी कार्यो के लिए ठीक समय है, संबंधों पर विशेष ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-52

**तुला** घर में विवाद क्लेश बढ़ सकता है, पिता से मतभेद बढ़ेंगे, दूर नौकरी सोच समझकर करें, शिक्षा पर मेहनत बढ़ानी होगी। भाग्य प्रतिशत-51

**वृश्चिक** बेकार में किसी से ना उलझे महिला रक्त की कमी का ध्यान रखें, बीडीएस, फिजियो के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, नया कार्य करने पर प्रगति होगी। भाग्य प्रतिशत-60

**धनु** मन अशांत रहेगा, संबंधों पर असर पड़ेगा, पुराने घर में कुछ ठीक करा सकते है, बेकार किसी के साथ भ्रमण से बचें तो ठीक रहेगा। भाग्य प्रतिशत-57

**मकर** मानसिक चिंता बढ़ सकती है, मतलबी लोगों से बचें, आमदनी में लाभ हानि रहेगी, नेटवर्किंग बढ़ाने से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-51

**कुंभ** सरकार की ओर से लाभ होगा, टेंडर, सड़क निर्माण, रेत, सीमेन्ट आदि व्यवसाय से लाभ होगा, पुलिस सेवा में पद बढ़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-68

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा, भाई को चोट आदि से बचाए, ऊंचाई पर जाकर मन्दिर में दर्शन कर सकते है, धनी मानी लोगों से उठबेठ बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-66



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# संवेदनशील प्राणी "हाथी" के साथ मजाक एवं क्रूरता महंगी पड़ेगी



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(प्राध्यापक) वाणिज्य,मंदसौर

अति प्राचीन काल से हमारी यह धारणा रही है कि संसार में भावनाएं सिर्फ मनुष्य में ही पाई जाती है, किंतु बाद में पता चला की भावनाएं केवल इंसानों में ही नहीं बल्कि जानवरों में भी होती है। फिर जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास किया एवं पेड़ पौधों पर अध्ययन किए गए तो पेड़ पौधों में भी भावनाओं का पाया जाना स्पष्ट हो गया। अब यह तयशुदा बात है की भावनाएं अथवा संवेदनशीलता सभी प्राणियों में पाई जाती है।

आपने भी कई बार अपने आसपास उपस्थित जानवरों में भावनाओं को महसूस किया होगा, कभी अपने पालतू जानवर को अपनों से बिछड़ने पर रोते हुए देखा होगा। जानवरों में कौन कितना अधिक भावुक है इसकी व्याख्या कुछ वर्षों पूर्व अमेरिका की विलियम एंड मैरी कॉलेज की मानव विज्ञान की प्रोफेसर बारबरा किंग ने अपनी एक पुस्तक "हाउ एनिमल्स ग्रीव" में की है।

अपनी इस पुस्तक में उन्होंने जानवरों की अनेक प्रजातियों पर किए गए अध्ययन को लोगों के साथ शेयर किया है। उनकी व्याख्या बताती है कि दुख व्यक्त करने में हाथी सबसे अधिक भावुक जानवर है। किताब में उन्होंने जानवरों की अनेक प्रजातियों के द्वारा अपनों से बिछड़ने के शौक को व्यक्त करने के तरीकों का वर्णन किया है, जिसमें हाथी द्वारा भावनाएं प्रकट करने का तरीका अचरज भरा था। उन्होंने बताया कि हाथी के शव को रेत में छोड़ दिए जाने पर पाया गया कि हाथियों के पांच अलग-अलग परिवार उस हाथी के शव के पास आए और सभी ने अलग अलग तरीके से अपनी भावनाएं व्यक्त की।

किसी ने शव के चारों ओर चक्कर लगाकर दुख व्यक्त किया तो किसी ने चुपचाप उसके पास खड़े रहकर तो किसी ने अन्य तरीके से सूंड उठाकर अपनी अपनी संवेदना प्रकट की। बारबरा का कहना है कि वे यह नहीं मानती कि जानवरों का शोक प्रकट करने का तरीका इंसानों की तरह का है किंतु कुछ प्रजातियों में दुख व्यक्त करने की भावनाएं वास्तविक होती है।

राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने पिछले दिनों गज उत्सव 2023 के उद्घाटन के अवसर पर असम स्थित काजीरंगा नेशनल पार्क में एक हाथी को पुचकारा और उसे केला खिलाया। उन्होंने बताया कि मानव हाथी संघर्ष का गहन विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि हाथियों के प्राकृतिक गलियारों में अवरोध है, इसके लिए मनुष्य जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि लोगों को हाथियों के साथ दया का व्यवहार करना चाहिए। हाथी हमारा राष्ट्रीय विरासत पशु है इसकी रक्षा करके हम अपनी राष्ट्रीय विरासत की रक्षा कर सकते हैं। हाथी झुंड में रहते हैं और यदि किसी एक हाथी पर भी मुसीबत आती है तो दूसरे उसकी मदद करते हैं। मनुष्यों को इससे सीख लेनी चाहिए।

विगत 2 सप्ताह पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें जंगल में एक हाथी धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है एवं उसके आगे चल रही एक विदेशी लड़की अपने एक हाथ में केले का एक पूरा डंकल और दूसरे हाथ में केला लेकर हाथी को खिलाने की कोशिश कर रही थी। लड़की केला खिलाने के लिए हाथी को आगे बुला रही थी, उसका यह वीडियो कोई मोबाइल कैमरे में शूट कर रहा था। वह लड़की हाथी को अकेला दिखा कर बार-बार आगे बुलाने के लिए प्रेरित तो करती रही परंतु केला नहीं खिलाया। लड़की की इस हरकत से हाथी क्रोधित हो गया और उसने अपनी सूंड से लड़की पर हमला करके लड़की को थोड़ी दूर गिरा दिया और उसे चोट भी आई।

स्पष्ट है कि एक हाथी को लोग मूर्ख नहीं बना सकते, भले ही वह पालतू हो। कैद में रहने वाले सबसे बुद्धिमान जानवर में हाथी प्रमुख है। हाथी मनुष्य की गंध को 3000 फीट दूर से भी महसूस कर लेता है।

हाथी जब मद में आता है तो उसे संभालना बहुत कठिन हो जाता है। कुछ हाथियों को संभालने के मामले में 64 वर्ष की उम्र में भी डॉक्टर कुशलकुंवर शर्मा का विश्व कीर्तिमान स्थापित है। वह कहते हैं कि हाथी को संभालना है तो उसके मुड़ को भांपना बहुत जरूरी है। हाथी कोई मशीन नहीं है, बल्कि एक जीव है। आप उसके साथ जैसा पेश आएंगे बदले में वह भी वैसा ही बर्ताव करेगा। हाथी बहुत संवेदनशील जीव है जो आप की क्रिया को देखकर सब कुछ भांप जाता है।

हाथी भी उन प्रजातियों की सूची में सम्मिलित है जिनके विलुप्त होने का खतरा है। दक्षिण एशिया में अभी करीब 48000 हाथी है और इनमें से 30000 हाथी अकेले हमारे देश में है। इतनी बड़ी तादाद में हाथी हमारे पास है लेकिन हमारे संरक्षित वन कम हो रहे हैं, मानव जाति की संख्या बढ़ रही है, वहीं जंगल सिकुड़ते जा रहे हैं।

हाथी झुंड में रहते हैं एवं हाथीयो की टोली का नेतृत्व नर हाथी नहीं बल्कि मादा हथिनी करती है। हाथी परिवार में सत्ता नर कि नहीं बल्कि मादा की होती है वहीं अपने परिवार की मुखिया होती है। हाथी लंबी दूरी पर मौजूद अपने झुंड के हाथी और दूसरे झुंडों के हाथियों से संपर्क रखते हैं। हाथी कम फ्रीक्वेंसी वाली आवाज निकालते हैं जिसे इंसान सुन नहीं पाते। जंगली हाथी की औसत उम्र 45 से 60 वर्ष व पालतू हाथियों की औसत उम्र 70 से 80 वर्ष की होती है। हाथी की सूंड में 40000 मांसपेशियां होती है। सूंड की नोक से हाथी सुई भी उठा सकता है। हाथी की सूंड के विविध उपयोग होते हैं जिसमें सूँघना,पानी पीना, भोजन ग्रहण करना, नहाना आदि शामिल है।

हाथी एक ऐसा जानवर है जो कभी कूद नहीं सकता, परंतु हाथी को जल क्रीड़ा में बहुत आनंद आता है। हाथी एक विशुद्ध शाकाहारी प्राणी है और मांसाहार से सदैव दूर रहता है। वृक्षों की छाल, फल, गन्ना हाथी को विशेष प्रिय होता है और नमक हाथी का पसंदीदा भोजन कहा गया है। हाथी एक दिन में 190 लीटर पानी पीता है जो कि उसे जल के किसी भी खुले स्त्रोत से मिल जाता है। हाथी धरती का सबसे विशाल प्राणी है एवं उनकी स्मरण शक्ति भी अन्य जानवरों से काफी अधिक है। अब इंसान को यह समझना आवश्यक है कि हाथी काफी विनम्र एवं शांत स्वभाव वाला एक भोला प्राणी है, यदि मनुष्य इसके साथ क्रूरता करता है तो उसके परिणाम भी उसे भुगतने पड़ेंगे।

# गढ़ रोड पर स्लम एरिया में भीषण अग्निकांड, दर्जनों झुग्गी जलकर खाक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । देर रात नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित गढ़ रोड पर स्लम एरिया में भीषण आग लग गई। अग्निकांड में दो दर्जन से अधिक खोखे और झुग्गी स्वाहा हो गईं। घटना के चलते सुबह तक हड़कंप के हालात बने रहे। आग में लाखों के नुकसान की बात सामने आई है।

बताते चलें कि गढ़ रोड पर ब्रॉडवे होटल के सामने सड़क के दूसरी तरफ दर्जनों झुग्गी झोपड़ी हैं। वहीं, सड़क किनारे कई लोग खोखो में व्यापार करते हैं। बताया जाता है कि सोमवार की रात लगभग ढाई बजे स्लम एरिया में भीषण आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर ट्रांसपोर्ट का कारोबार करने वाले लगभग आधा दर्जन खोखे, एक टावर का गोदाम, पान का खोखा और दो दर्जन से अधिक झुग्गी झोंपड़ी सुलग उठीं। आग इतनी भीषण थी कि स्लम



एरिया में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग में लगभग 50 लाख के नुकसान की बात सामने आई है। वहीं, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। उधर, घटना के बाद बर्बाद हो चुके स्लम एरिया के बाशिंदे सदमे में हैं। सुबह को आग बुझने के बाद बर्बाद हो चुके परिवार के सदस्य राख के बीच में बची-खुची गृहस्थी के निशान ढूंढते दिखाई दिए।

# ईद पर मवाना में बिगड़ने से बचा माहौल, दो हिरासत मे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । सोमवार की शाम ईद के मौके पर मवाना में उस समय माहौल बिगड़ते-बिगड़ते रह गया, जब कुछ मुस्लिम युवकों ने सड़क से गुजरते एक दलित युवक पर हमला बोल दिया। लहूलुहान युवक की हालत देखकर गुस्साए दलित समाज के लोगों ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओ के साथ थाने पर धरना देते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेते हुए अन्य की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक कस्बे के मौहल्ला मुन्नालाल का रहने वाला दलित युवक अर्जुन सिंह मजदूरी करता है। परिजनों का कहना है कि सोमवार की शाम अर्जुन गली में डॉक्टर के क्लीनिक से दवाई लेकर वापस लौट रहा था। आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में खड़े मुस्लिम संप्रदाय के आधा दर्जन युवकों ने लाठी-डंडे और तलवार से अर्जुन पर हमला बोल दिया। हमले में अर्जुन लहूलुहान हो गया। क्षेत्रवासियों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना से गुस्साए दलित



**हमले में अर्जुन लहूलुहान हो गया। क्षेत्रवासियों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना से गुस्साए दलित समाज के दर्जनों क्षेत्रवासियों ने विहिप नेता सुभाष गाबा के साथ थाने पर धरना देते हुए जमकर हंगामा किया। घटना के चलते पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन-फानन में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। मगर इसके बावजूद ग्रामीण अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे**

समाज के दर्जनों क्षेत्रवासियों ने विहिप नेता सुभाष गाबा के साथ थाने पर धरना देते हुए जमकर हंगामा किया। घटना के चलते पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आनन-फानन में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। मगर इसके बावजूद ग्रामीण अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। देर रात तक थाने पर हंगामा जारी था।

# नानू नहर पर चाट की ठेली वालों में खूनी संघर्ष, महिला सहित कई घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** मंगलवार की सुबह सरधना थाना क्षेत्र स्थित नानू नहर पटरी पर चाट का ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने फोन करके अपने रिश्तेदारों को बुला लिया। इसके बाद दूसरे पक्ष द्वारा एक ठेले वाले और उसके परिवार से जमकर मारपीट की गई। जिसमें महिला सहित कई लोग घायल हो गए। पीड़ित ने कई लोगों को नामजद करते हुए घटना की तहरीर दी है।

नानू गांव के रहने वाले ओमवीर के बेटे नितिन और आदेश गांव के बाहर नहर पटरी पर चाट का ठेला लगाते हैं। बताया जाता है कि मंगलवार को नितिन अपना ठेला लेकर पहुंचा तो वहां पहले से ही गांव के रहने वाले अनुज ने अपना ठेला लगाया हुआ था। नितिन ने अनुज से अपना ठेला खड़ा करने के लिए रास्ता देने को कहा तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद अनुज ने टीकरी गांव में फोन करके अपने रिश्तेदारों को



बुला लिया। जिसके बाद लाठी-डंडों से लैस दर्जन पर युवकों ने नितिन और आदेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान नितिन के बचाव में आई उसकी मां कुंता पर भी आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के चलते नहर पटरी पर ठेला लगाने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया। उधर, कई लोगों को लहूलुहान करके आरोपी मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया। पीड़ित नितिन ने अनुज, निशु, बादल, रवित, अतुल, बाबू और धन्नु सहित कई लोगों के खिलाफ हमले की तहरीर दी है।

# शामली महोत्सव मेले में बड़े और छोटे बच्चे जमकर उठा रहे लुत्फ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** शहर के बीच में स्थित वीवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में एक आकर्षक व मनोरंजन शामली महोत्सव के नाम से एक मेला लगा हुआ है इस बार मेले में

**शामली में पहली बार दुबई सिटी का बुर्ज खलीफा, लंदन ब्रिज, अमरीका ट्विन टावर मुख्य आकर्षण केंद्र बना हुआ है**





पहली बार दुबई सिटी का निर्माण किया गया जहां पर जाकर लोगों को दुबई जैसा एहसास महसूस होता है मेले में दुबई सिटी का बुर्ज खलीफा लंदन ब्रिज अमेरिका का ट्विन टावर मुख्य आकर्षण के केंद्र है मेले में पहुंचकर नागरिकों को एक लगी आनंद की अनुभूति मिलती है सेल्फी प्रेमियों के लिए तो यह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है मेले के आयोजन मनु गुप्ता और विनोद यादव ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षण झूले जैसे झटका झूला ऊंचाई वाला झूला कोलंबस नाव गोल झूला मुख्य रूप से सभी को अपनी और खींच लेते हैं बच्चों के मनोरंजन के लिए भी यहां पर अनेक तरह के रोचक कार्यक्रम टॉय ट्रेन थार गाड़ी और छोटे झूलो की व्यवस्था की गई है जिसमें बच्चे भरपूर मौज मस्ती करते हैं इसके अलावा मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल भी लगे हुए हैं जहां पर नगर वासी स्वादिष्ट व्यंजनों का भी भरपूर लाभ ले रहे हैं।

# सोतीगंज में कटान के अवशेषों की दुर्गंध से बेहोश हुई महिला,परिजनों का हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । ईद-उल-अजहा के बाद मंगलवार को सदर थाना क्षेत्र में कटान के अवशेषों को इकट्ठा करने के लिए लगाए गए कैंप से उठती दुर्गंध से सड़क चलती एक महिला बेहोश हो गई। जिसके बाद महिला के परिजनों ने हंगामा करते हुए पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालते हुए कैंप संचालकों को खुले में अवशेष इकट्ठे ना करने की ताकीद करते हुए मामला शांत किया।



दरअसल, सदर में मदरसा चलाने वाले मौलाना मुकर्रम जमाली हर साल ईद-उल-अजहा के अगले दिन सोतीगंज स्थित मस्जिद के बाहर एक कैंप लगाते हैं। जिसमें कुबार्नी करने वाले लोग अपनी मर्जी से कुबार्नी किए गए पशुओं की खाल दान करते हैं। इन खालों को बेचकर गरीब बच्चों की तालीम के लिए पैसा इकट्ठा किया जाता है। मंगलवार को भी मौलाना मुकर्रम जमाली सोतीगंज मस्जिद के बाहर कैंप लगाकर कुबार्नी के अवशेषों की खाल एकत्र कर रहे थे। बताया जाता है इसी दौरान सड़क से गुजर रही एक महिला दुर्गंध से बेहोश हो गई। इसके बाद महिला के परिजनों ने खुले में खाल रखने को लेकर विरोध जताते हुए हंगामा कर दिया। जानकारी के बाद आनन-फानन में थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कैंप संचालकों को चेतावनी दी कि खुले में पशु अवशेषों को न रखें और कैंप को चारों तरफ से कवर करें। इसके बाद दोनों पक्षों को समझाते हुए पुलिस वापस लौट गई।

# करनाल हाईवे पर दौड़ती कार बनी आग का गोला, दो दोस्तों ने कूदकर बचाई जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । सोमवार की शाम सरधना थाना क्षेत्र में मेरठ-करनाल हाईवे पर दौड़ रही पोलो कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि कार सवार दोनों युवक समय रहते गाड़ी से कूद गए। घटना के चलते हाईवे पर काफी देर तक अफरा-तफरी के हालात बने रहे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।





जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम करीब 6:30 बजे दिल्ली नंबर की पोलो कार शामली से मेरठ की तरफ जा रही थी। कार में जानी गांव का रहने वाला उत्तम चौधरी और निरपुड़ा निवासी उसका दोस्त प्रशांत सवार थे।

बताया जाता है दोनों युवक निरपुड़ा से जानी के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान बपारसी गांव के निकट अचानक गाड़ी में आग लग गई। खतरे को भांपकर दोनों युवकों ने तत्काल गाड़ी में ब्रेक मार कर नीचे छलांग लगा दी। देखते ही देखते कार आग के गोले में तब्दील हो गई। जिसके चलते हाईवे पर हड़कंपा मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। इस दौरान हाइवे पर काफी देर तक जाम के हालात बने रहे। उधर, आग में जलकर कार पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गई। हादसे की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

# संदिग्ध हालात में गोली लगने से युवक की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को घर से ड्यूटी के लिए निकले एक युवक की गोली लगी लाश सोमवार को जंगल में बरामद हुई। पुलिस जहां घटना को सुसाइड बता रही है। वहीं, परिजन रंजिशन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक अमरसिंह पुर में रहने वाले संजीव कुमार का बेटा प्रियांशु रविवार को ड्यूटी के लिए घर से निकला था। देर रात तक भी प्रियांशु घर वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने रिश्तेदारी में फोन करके प्रियांशु के विषय में जानकारी की। लेकिन, सुबह तक भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। उधर, सोमवार की सुबह प्रियांशु का शव गांव से कुछ दूरी पर जंगल में खून से लथपथ हालत में बरामद हुआ। शव के पास ही एक तमंचा भी पड़ा मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा तो परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। संजीव ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ दबंग उनसे रंजिश रखते हैं। पहले भी उन्हें कई बार धमकियां दी गईं। जिसका मुकदमा उन्होंने कुछ दिनों पहले परीक्षितगढ़ थाने में दर्ज कराया था। मृतक के पिता ने दबंगों पर अपने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। उधर, पुलिस का कहना है की प्रथम द्दश्यता मामला सुसाइड का लग रहा है। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

# भीषण गर्मी में छबील लगाकर ठंडा शरबत का वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** तपती भीषण गर्मी में उपाध्याय चेतना मंच सेवा समिति संगठन ने लोगो को राहत दिलाने के लिए छबील लगाकर ठंडा शरबत का वितरण किया, हनुमान मिल रोड शामली पर स्व पदम उपाध्याय की दुकान के सामने छबील लगाई जिसका शुभारंभ उपाध्याय चेतना मंच संगठन के प्रदेशाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने किया, चिलचिलाती गर्मी में राहगीरों वाहन चालकों ने ठंडा शरबत पीकर राहत की सास ली संगठन के पदाधिकारियों ने आम जनता व वाहन चालकों को रोक रोक कर तपती भीषण गर्मी में शरबत वितरित कर निजात दिलाई आज उपाध्याय चेतना मंच संगठन के सौजन्य से शिविर लगाकर जनसेवा की,प्रदेश अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि जनता की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का





कार्य है, मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है,अखिल भारत योगी समाज के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय के कहा कि इससे बड़ी कोई ईश्वर भक्ति नही, शरबत वितरण करने वालो में युवा कमल उपाध्याय, सोनू उपाध्याय,प्रदेश सचिव रीना उपाध्याय, शामली नगर अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, जिला महासचिव विपिन उपाध्याय,विकास उपाध्याय, विशेष उपाध्याय, राहुल उपाध्याय,सभी का पूर्ण हर तरह से सहयोग रहा।

**गर्मी** | **मौसम कार्यालय पर दिन का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री व रात का न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया**

# गर्मी से अभी राहत के नहीं आसार: जून में टूटा 65 वर्ष का रिकॉर्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ** । गर्मी ने जीना मुहाल कर दिया है। मौसम विज्ञानी बता रहे हैं कि जून की गर्मी ने पिछले 65 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। तापमान 44.2 डिग्री पहुंच गया है। हाल फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं।

पर्यावरण विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि समय रहते पेड़ों का कटान और ग्लोबल वार्मिंग कम नहीं हुआ तो भविष्य में हालात और भयावह होंगे। मौसम कार्यालय पर दिन का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री व रात का न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जून के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य 38 डिग्री होना चाहिए, लेकिन सामान्य से 6 डिग्री तापमान ऊपर चल रहा है।


यह बताए जा रहे हैं गर्मी बढ़ने के मुख्य कारण

-मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ पहाड़ों पर भी बारिश का कम होना

-लगातार पेड़ों का कटान होना और नए पेड कम लगाना

-वाहनों का दबाव बढ़ने से प्रदूषण बढ़ा

-गर्मी में एसी का असर भी सबसे ज्यादा दिखता है।



जून का अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| 1959 | 38.4 |
| 1965 | 39.1 |
| 1970 | 40.1 |
| 1975 | 39.1 |
| 1980 | 40.9 |
| 1985 | 34.5 |
| 1990 | 36.8 |
| 1995 | 38.6 |
| 2000 | 37.7 |
| 2005 | 32.8 |
| 2010 | 41.5 |
| 2011 | 39.2 |
| 2012 | 39.7 |
| 2013 | 41.1 |
| 2014 | 38.1 |
| 2015 | 37.0 |
| 2016 | 39.4 |
| 2017 | 41.0 |
| 2018 | 40.8 |
| 2019 | 43.0 |
| 2020 | 42.0 |
| 2021 | 41.8 |
| 2022 | 41.1 |
| 2022 | 42.8 |
| 2023 | 43.8 |
| 2024 | 44.2 |

**फसलों को अधिक नुकसान**

-मार्च से जुलाई तक भीषण गर्मी के बीच बारिश की जरूरत ज्यादा होती है।

-बारिश न होने से किसानों को हरा, धान, ईंख की फसल को अधिक पानी देना पड़ता है।

-बारिश का पानी है सबसे अच्छा है, ट्यूबवेल से होने वाली सिंचाई से ज्यादा बारिश का पानी अच्छा माना गया है।

**अच्छी बारिश के आसार**

मौसम वैज्ञानिक यूपी शाही का कहना है कि पिछले पांच छह दशक में ऐसी गर्मी जून में नहीं देखी गई है। इस बार मानसून अच्छा है तो मानसून के आने से ही राहत मिलने के आसार है।

कृषि वैज्ञानिक आरएस सेंगर ने कहा कि अब साल दर साल मौसम का पैटर्न बदलने से ये हालात हो रहे हैं। तापमान 45 तक पहुंच रहा है। आने वाले समय के लिए भी अच्छा संकेत नहीं हैं। गर्मी इस बार सारे रिकार्ड तोड़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### लापरवाह पुलिसकर्मियों पर गिरी कप्तान की गाज, 37 लाइन हाजिर

**मेरठ** । लोकसभा चुनाव के बाद सख्त तेवर दिखाते हुए जिले के कप्तान रोहित सिंह सजवाण ने बड़ा एक्शन लिया है। लापरवाह पुलिसकर्मियों को कड़ा संदेश देते हुए जिले के विभिन्न थानों से 37 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया है। सोमवार को एसएसपी रोहित सिंह सजवाण यह बड़ी कार्यवाही की। कप्तान ने गंगानगर थाने से तीन, इंचौली थाने से दो, एसपी देहात ऑफिस से एक, सरधना थाने से दो, सरूरपुर थाने से दो, जानी थाने से चार, लिसाड़ी गेट थाने से तीन, देहली गेट थाने से एक, लोहिया नगर थाने से चार, किठौर थाने से तीन, खरखौदा थाने से दो, मुंडाली थाने से दो, टीपी नगर थाने से दो, ब्रह्मपुरी थाने से तीन, परतापुर थाने से तीन और हस्तिनापुर थाने से एक पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर किया है। इन सभी में हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल हैं। उधर, कप्तान की कार्यवाही के बाद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### योग नहीं तो भोजन नहीं का मूलमंत्र अपनाएं, स्वस्थ रहें: योग प्रशिक्षक

**मेरठ** । सूरजकुंड पार्क में सोमवार को योग शिविर का लगातार दूसरे दिन भी आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षकों ने कहा कि योग नहीं तो भोजन नहीं का मूलमंत्र अपनाना होगा, तभी एक मनुष्य स्वस्थ रह सकता है। सूरजकुंड पार्क में आयोजित योग कक्षा में सोमवार को महिलाओं की संख्या अधिक रही। योग कक्षा 21 जून तक निरंतर चलेंगी। उसके बाद योग कक्षा, योग शिविर में परिवर्तित हो जाएगा। सोमवार को योग करते हुए मेरठ में योग की संस्थापक मूर्ति देवी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि उनकी उम्र लगभग 85 साल हो चुकी है। निरंतर योग के कारण ही वे पूर्णतया स्वस्थ हैं, इसलिए नई पीढ़ी का आह्वान करती हैं कि योग नहीं तो भोजन नहीं के मूल मंत्र पर जीवन यापन करें। उन्होंने योग के साधनात्मक पक्ष पर भी प्रकाश डाला। जिला महिला प्रभारी हर्षिता आर्य ने बताया कि इंटीग्रेटेड थेरेपी में योग आयुर्वेद एक्यूप्रेशर मुद्रा विज्ञान सम्मिलित है, जिससे 99% रोगों का आसानी से इलाज किया जा सकता है। उन्होंने सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस रोगों के उपचार के लिए सूक्ष्म व्यायाम एवं आसान कराए गए। मुख्य रूप से स्कंद घूर्णन, ग्रीवा संचालन, मकर आसन, भुजंगासन, मरकट आसान, स्कंधासन प्रमख रहे। वरिष्ठ योग शिक्षिका लाजवंती ने बताया कि योग एक जीवन पद्धति है, जो अनुशासन में रहकर निरंतर योग करते हैं, वे स्वस्थ जीवन जीने के साथ संतुलित व्यवहार भी करते हैं। योग ही एक समाधान है, जो वर्तमान में अस्त-व्यस्त जीवन को संतुलित और नियमित कर सकता है। 20 सालों से नियमित योग कक्षा का संचालन करने वाले जयप्रकाश चौधरी ने प्राणायाम करते हुए बताया कि प्राणायाम से मनुष्य की प्रति मिनट सांस लेने की संख्या घट जाती है, जिससे उसकी आयु में तो वृद्धि होती ही है। वहीं चित की वृत्तियों पर भी रोक लगती है। मनुष्य के विचारों में परिवर्तन होने लगता है। सत्व की धारा बहने लगती है और विवेक की उत्पत्ति होती है। कक्षा समाप्त होने के बाद सभी महिला एवं पुरुष साधकों ने पार्क में घूमने आए लोगों से जनसंपर्क किया एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

### नलकूप पर पानी पीते समय युवक को लगा करंट, मौत

**मेरठ।** गांव महादेव निवासी एक युवक की नलकूप पर पानी पीते समय करंट लगने से मौत हो गई। युवक साइकिल पर सवार होकर सरधना जा रहा था। बीच रास्ते में नलकूप पर पानी पीने रुका तो घटना का शिकार हो गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर शाम परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। 33 वर्षीय विपिन पुत्र तिलकराम सोमवार देर शाम साइकिल से सरधना जा रहा था। बीच रास्ते में उसे प्यास लगी। उसने पाली सम्पर्क मार्ग पर बिजलीघर के पास साइकिल सड़क किनारे खड़ी की और वहां नलकूप पर पानी पीने लगा। नकूप में करंट उतरा था, जिसने विपिन को चपेट में ले लिया। करंट का झटका लगा और विपिन जमीन पर गिर गया। राहगीरों ने तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### एटीएम में कार्ड बदलकर निकाल लिए साठ हजार रुपये

**मेरठ।** मेडिकल क्षेत्र के शुभकामना बैकेंट हॉल के पास एक नटवर लाल ने एटीएम से रुपये निकालने आए युवक को अपनी बातों में फंसाकर उसका कार्ड बदल दिया। इसके बाद उसके कार्ड से साठ हजार रुपये निकाल लिए। युवक के पास रुपये कटने का मैसेज आया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद पीड़ित ने मेडिकल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। एल ब्लाक शास्त्रीनगर निवासी पवन कपूर शुभकामना बैंकट हॉल के पास एसबीआई बैंक के एटीएम में रुपये निकालने के लिए पहुंचे। वहां पहले से खड़े एक नटवर लाल ने उन्हें अपनी बातों में फंसा लिया। इसके बाद देखते ही देखते उनका पीएनबी का कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद उनके फोन पर साठ हजार रुपये कटने का मैसेज आया तो वह समझ गए कि उनके साथ ठगी हो चुकी है।

# ज्येष्ठ माह के आखरी बड़े मंगल के अवसर पर भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादाबाद (आसिफ सैफी)।** ज्येष्ठ मास के चौथे मंगल के अवसर पर यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, भंडारे में लोगो ने बढ़ चढ़ कर प्रसाद ग्रहण किया, मंगलवार को शहर के बारादरी स्थित बालाजी मंदिर पर यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब द्वारा बड़े मंगल के उपलक्ष में भंडारा आयोजित किया गया, संस्था की महिला सदस्यों ने राहगीरों को रोक रोक कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया, राहगीरों ने इस भंडारे में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया, संस्था की सदस्य मिली सिक्का ने बताया कि संस्था की महिलाओं के सहयोग से पूर्व में ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगल के अवसर पर भंडारे अयोजित किए गए थे, इसी तरह चौथे बड़े मंगल के अवसर पर भी बालाजी मंदिर पर भगवान बजरंग बली की पूजा पाठ आरती कर भंडारे की शुरूआत की गई, भंडारे में सैकड़ो राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया, मिली ने बताया कि बड़ा मंगल पर दान-पुण्य के महत्व को ध्यान में रखकर भंडारे का आयोजन किया गया हैं, भंडारे का उद्देश्य न केवल धार्मिक आयोजन करना है बल्कि समाज में सेवा भाव को भी प्रोत्साहित करना हैं, मिली सिक्का के मुताबिक उनकी संस्था द्वारा लगातार धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं, बीते दिनों उनकी संस्था द्वारा भीषण गर्मी और गंगा दशहरा व निर्जला एकादशी के अवसर पर शहर के अलग-अलग स्थान पर राहगीरों को शरबत वितरण किया गया था, लगातार उनकी संस्था सामाजिक कार्य व धार्मिक कार्यों में आगे रहती हैं, इस अवसर पर रजनी, प्रिया अरोड़ा, भावना गुप्ता, रश्मी माथुर, नेहा मेहरोत्रा , मिली सिक्का , अदिति गोयल , संजना भटनागर , रावजीत कौर , दिव्या अग्रवाल , बीनू आहूजा , पूनम भटनागर , शालिनी गुप्ता , वांशी भटनागर, शिवानी वर्मा , अनामिका गुप्ता, पूजा गोयल , कामिनी शर्मा, प्रतीक मेहरोत्रा, रविन्द्र आदी लोग मौजूद रहे।

# घर के पास बैठने का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (आसिफ सैफी)।** मझोला थाना क्षेत्र जयंतीपुर मिया कॉलोनी में घर के नीचे बैठने का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुस कर तीन महिला समेत पांच लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का इलाज और मेडिकल जिला अस्पताल में करवाया हैं, जयंतीपुर निवासी अनस के मुताबिक मोहल्ले के रहने वाले यामीन, फरदीन, शहजाद, अयान, उजेफ, कालिम और जैतून उसके घर के पास कुर्सी डालकर बैठे कर युवतियों पर फप्तिया कसते हैं और गाली गलौज करते हैं, सोमवार बकरा ईद की शाम अनस ने यामीन, फरदीन, शहजाद



और उनके सभी साथियों को अपने घर के पास कुर्सी डालकर बैठने को मना किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, इसके बाद मंगलवार को यामीन, फरदीन, शहजाद अपने अन्य साथियों संग अनस के घर पहुंच गए,जहा दबंगों ने धारदार हथियार से मारपीट कर अनस के भाई अफसर अली और बिलाल को घायल कर दिया, इस बीच आरोप हैं दबंगों ने अनस के घर की महिलाओं संग भी बदसुलूकी और मारपीट की, मारपीट की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, मौके पर पहुंची मझोला थाना पुलिस ने घायलों का इलाज और मेडीकल जिला अस्पताल में करवाया, पुलिस शिकायत के अधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

# एसडीएम ने अपने कार्यालय मे समस्याओं को सुनकर निस्तारण का दिया निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश है सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों पर बैठकर प्रतिदिन सुबह दस बजे से बारह बजे तक जनसुनवाई करेंगे और और समस्याओं का निस्तारण कुशलतापूर्वक करेंगे। वरिष्ठ अधिकारीयों के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम मनी अरोड़ा ने अपने कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनकर उनकी समस्याओं / प्रार्थना-पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । एसडीएम मनी अरोड़ा के कार्यालय में आए सभी फरियादियों की शिकायत सुनी गई और उनके निस्तारण हेतु एसडीएम मनी अरुण ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए । समस्या लेकर आए सभी फरियादी संतुष्ट नजर आये ।

# आकस्मिक निरीक्षण में बिना पंजीकरण चलती मिली पैथलैब, प्राथमिकी हुई दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** रसूलपुर गांव में बिना पंजीकरण कराए संचालित पैथलैब संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। लैब में निरीक्षण के दौरान वहां न तो संचालक और न ही कोई प्रशिक्षित कर्मी मिला। वहां से जारी होने वाली रिपोर्ट पर किसी चिकित्सक के हस्ताक्षर नहीं थे। मुख्य चिकित्साधिकारी से थाना छजलैट क्षेत्र के गांव रसूलपुर में फर्जी तरीके से पैथलैब संचालित होने की शिकायत की गई थी। इसके बाद 14 जून को डा. नरेन्द्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एमएस पैथोलाजी का औचक निरीक्षण किया। पैथलैब में निरीक्षण के दौरान वहां इकराम निवासी ग्राम चौरा कार्य करते हुए मिला। उसने बताया कि वह लैब टेक्नीशियन का कार्य करता है। लैब संचालक मुहम्मद मुर्तजा हैं, वहां नहीं - मिला। रिकार्ड की पड़ताल पता चला कि पैथलैब मुख्यचिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत नहीं है। लगभग 15 मरीजों की तैयार रिपोर्ट मिलीं। किसी भी रिपोर्ट में प्रशिक्षित चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ के हस्ताक्षर नहीं थे। नोडल अधिकारी ने बताया कि इससे स्पष्ट है कि वहां प्रशिक्षित स्टाफ नहीं है और जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लैब में न तो अग्निशमन उपकरण मिले और न ही बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की भी व्यवस्था, जोकि पर्यावरण एक्ट उल्लंघन है। लैब से कंप्यूटर, माइक्रोस्कोप, प्रिंटर, सेट्री फ्यूज, लैपटाप, लैब रजिस्टर, लैब रिपोर्ट आदि जब्त कर लिए गए। पैथलैब संचालक मुहम्मद मुर्तजा के विरुद्ध मेडिकल काउंसिल एक्ट की धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# अवैध शस्त्र के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी/बनियाठेर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेत चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट में अभियुक्त रामभरोसे पुत्र सुखे निवासी ग्राम अकरोली थाना बनियाठेर जनपद सम्भल को एक नाजायज चाकू के साथ उ0नि0 रमनपाल सिंह द्वारा मय पुलिस टीम के ग्राम गुमथल रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।



# मारपीट और गाली गलौज के मामले में 4 के विरुद्ध रिपोर्ट हुई दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मारपीट और गाली गलौज में पुलिस ने अलग अलग गाँवो के चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है' थाना छजलैट के गांव सीमला निवासी निगम पुत्र बच्चन सिंह का आरोप है कि 17 जून की रात को करीब 8 बजे कुरी रवाना निवासी ऋतिक प्रजापति पुत्र डॉक्टर हरपाल ने अपने मोबाइल से फोन करके निगम को मुंडाखेड़ी बुलाया था बताया गया कि जैसे ही वह वहां पहुंचा तो ऋतिक के साथ सलव पुत्र नामालूम निवासी लदावली अंशुल पुत्र नामालूम निवासी मिलक लदावली हरीश पुत्र नामालूम निवासी चक पचोकरा ने गालियां देनी शुरू कर दी विरोध किया तो मारपीट करने लगे आसपास के लोगों को आता देखकर उक्त लोग उसे छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पुलिस ने निगम की तहरीर पर चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# निर्जला एकादशी के अवसर पर पुलिस कर्मियों ने वितरित किया शरबत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादाबाद (आसिफ सैफी)।** निर्जला एकादशी व ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार के अवसर पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने अपने स्टाफ के साथ कार्यालय के बाहर शिविर लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया।

इस दौरान भीषण गर्मी में मीठा शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की, शहर में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों व पुलिस के द्वारा शर्बत तथा ठंडे पानी का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया द्वारा अपने कार्यालय के बाहर स्टॉल लगाकर स्टाफ संग राहगीरों को रोक-रोक शर्बत पिलाया गया, इस मौके पर कांस्टेबल अनिकेत, हेड कांस्टेबल यशवीर, हेड कांस्टेबल मुकेश गंगवार, हेड कांस्टेबल धर्मवीर, हेड कांस्टेबल प्रिंस, हेड कांस्टेबल अरुण राठौर आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जनसामान्य,शिक्षकों एवं कर्मचारियों की शिकायतों को सुनने के लिए अब विद्यालय/ ब्लॉक/ जनपद /मंडल स्तर पर जनसुनवाई पंजिका तैयार की जाएगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनसामान्य, शिक्षकों व कर्मचारियों की शिकायतों को सुनने के लिए अब विद्यालय /ब्लाक/जनपद/ मंडल स्तर पर जनसुनवाई पंजिका तैयार की जाएगी। इसमें कोई भी अपनी बात दर्ज करा सकता है। शिकायतों को सुनने और निस्तारण के लिए अधिकारी भी नामित होंगे। प्रत्येक शिकायत समयबद्ध तरीके से निस्तारित होना आवश्यक है।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेश मुख्यालय स्तर पर शिक्षकों, अधीनस्थ कर्मचारियों व जनसामान्य की शिकायतें बहुत अधिक संख्या में मिल रही हैं। इन शिकायतों में प्रधानाध्यापक के पद का प्रभार देना, शिक्षकों के आपसी एवं वरिष्ठता संबंधी विवाद, विद्यालय में शिक्षकों/ कर्मचारियों का समय से उपस्थिति न होना, विद्यालय में शिक्षक के विलंब से आने अथवा विद्यालय के विलंब से खुलने, लंबित वेतन/एरियर भुगतान, मृतक आश्रित नियुक्ति तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वयं अपने ब्लाक, जनपद एवं मंडल स्तर के उच्च अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें बिना साक्ष्यों एवं प्रोटोकाल का उल्लंघन करते हुए की जा रही हैं।यह कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के विपरीत है।

वर्तमान में जो शिकायतें मिल रही हैं उससे स्पष्ट हो रहा है कि ब्लाक, जनपद, मंडल स्तर पर शिकायतों का प्रभावी निस्तारण नहीं हो रहा है। यह उचित नहीं है। अब ऐसी शिकायतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया शरबत वितरण कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के फुव्वारा चौक पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंदौसी ने स्टूडेंट फॉर सेवा के तत्वधान में एकादशी पर्व पर विभाग संयोजक आकाश कुमार के नेतृत्व में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया ।

जहां मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, प्रांत प्रमुख एस.एफ.एस गिरिराज सिंह और प्रांत संयोजक एस.एफ.एस अमन गोयल का प्रवास रहा।

भीषण गर्मी में एबीवीपी नगर इकाई चंदौसी के कार्यकताओं ने ठंडे शरबत वितरण किया जिसे लोगों ने पीकर राहत का अनुभव किया क्योंकि इस समय तापमान अपने उच्चतम डिग्री पर है, ऐसे में सभी लोगों को जगह ठंडे पानी या शराबत का वितरण करना चाहिए जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत पहुंच सकें।इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा की मैं एबीवीपी की पूरी टीम को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देती हूं। विद्यार्थी परिषद समय समय पर समाजहित और राष्ट्रहित में अपनी सेवाएं प्रदान करती रहती है।

शरबत वितरण का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है इससे लोगों को गर्मी में राहत मिलती है। हम सभी लोगों को ऐसी गर्मी में ऐसे कार्यक्रम करते रहने चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे।नगर अध्यक्ष राहुल रॉय, आकाश कुमार, अभिनव शर्मा, विक्की कश्यप शगुन ठाकुर,चेतन करोतिया, विवेक त्रिपाठी, अखिलेश श्रीवास्तव रोहित ठाकुर, भुवनेश बघेल, लक्ष्मण यादव,हरेंद्र यादव ,यश ठाकुर, जॉनसन गुप्ता, गौरव कुमार आदि लोग उपस्थिति रहें।

# निर्जला एकादशी के अवसर पर किया शरबत वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के सुभाष रोड पर




भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में 7 जून से चल रही शीतल जल सेवा का समापन निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर शरबत वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक विपिन गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ताकि राहगीरों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सके। सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि सेवा प्रकल्प के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है मानव जीवन का उद्देश्य सेवा होना चाहिए सेवा से जीवन को सार्थकता मिलती है। पुराणों में भी मीठे जल की सेवा का महत्व सर्वोपरि बताया गया है। कार्यक्रम में वित्त सचिव डीसी गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, भावना गुप्ता, आशा गोस्वामी, मनोज कुमार गुप्ता,श्वेता गुप्ता, पूजा गुप्ता,अर्पित गुप्ता, अर्चित गुप्ता ,ईशान गुप्त ,वंश गुप्ता, आदि समिति के सदस्यों उपस्थित रहे।

# विश्व योग दिवस' के अवसर पर दिलाई शपथकरे योग, रहे निरोग'

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के संभल गेट स्थित एन.के.बी.एम.जी डिग्री कॉलेज में विश्व योग दिवस' के अवसर पर राज्यपाल के दिशा निर्देशन में शपथ ग्रहण का



गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया। उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में एम०जे०पी० रूहेलखण्ड विश्व विद्यालय के निदेर्शा नुसार महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अगुआई में अलका रानी अग्रवाल की पहल पर शपथ ग्रहण करवाई गई और सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग के कई दूरगामी लाभ है। नियमित अभ्यास से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिका वर्ग, कर्मचारीगण एवं अध्ययनरत 366 छात्राएं उपस्थित रहीं।

**निर्जला एकादशी** गर्मी में शरबत पीने से लोगों को मिलती है शांति, लोगों को शरबत पिलाना होता है पुण्य का काम

# गुर्जर समाज द्वारा निर्जला एकादशी पर गर्मी में किया गया शरबत वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**आदमपुर ।** गुर्जर समाज हसनपुर के तत्वाधान में मंगलवार को रहरा अड्डे चौक के समीप निर्जला एकादशी पर प्रचंड गर्मी को देखते हुए पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया।भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने जल का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भोले सिंह पवार,रामचंद्र सिंह महिपाल सिंह एवम किरन पाल सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में गुर्जर समाज के सभी वर्ग के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

इस दौरान 1500 से अधिक लोगों को इसका लाभ लिया। बार काउंसलिंग के पूर्व अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में और एकादशी के दिन राह चलते को मीठा पानी पिलाने की रीति बरसों से चली आ रही है। चील चिलाती गर्मी में राहगीरों को शीतल शरबत अमृत के सामान लगता है।इसी के निमित्त पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य भोले सिंह पवार ने कहा गुर्जर समाज के द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर सुनिश्चित करेगा। कंवर सिंह तंवर के सांसद बनने एवम् गुर्जरों को मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व देने पर गुर्जर समाज के द्वारा प्रधानमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर यशपाल सिंह, अशोक कुमार, कुंवरपाल सिंह, रणवीर सिंह फौजी,गौरव नागर, राजा गुर्जर,विनोद कुमार,दिनेश लोहिया, नीटू नागर,रिंकू पवार,ओमपाल सिंह, भीष्म सिंह, ऋषभ कपासिया, देव गुर्जर, नीटू गुर्जर,प्रदीप विरमापुर, आदि गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

# अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश बयूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के कैथल गेट स्थित श्री अक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या एवम शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया साथ ही इस दौरान प्रधानाचार्या ने बताया कि योग का प्रभाव हर किसी के शरीर पर अलग अलग होता है जिसकी जैसी मनोभावना ,ऊर्जा एवं रेगुलरटी होती है वैसा ही उसके शरीर पर योग का प्रभाव होता है और योग करने से तन-मन स्वस्थ रहता इसलिए मानव जीवन में योग का बहुत महत्व है साथ ही विद्यालय में स्लोगन व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# देवेंद्र कुमार शर्मा बने कांधला थाने के नए प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने जनपद के कई थाना प्रभारियों का फेरबदल करते हुए कांधला थाने की कमान उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा को सौपी है। वर्तमान थाना अध्यक्ष सुबे सिंह को गैर जनपद स्थानांतरण होने पर पुलिस लाइन भेजा है। लोकसभा 2024 चुनाव, एवं ईद उल अजहा का त्योहार शांति पूर्वक संपन्न होने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने तबादला एक्सप्रेस चलाई है, लोकसभा 2024 चुनाव से पूर्व कांधला थाने की कमान सुबे सिंह को सौंपी गई थी। उनके कार्यकाल में कई बड़ी वारदात हुई जिनका उन्हें खुलासा भी कर दिया था, मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने उनका ट्रांसफर गैर जनपद में होने पर उनके स्थान पर पीआरओ के पद पर तैनात उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा को कांधला थाने का चार्ज सौंपा है। उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा पूर्व में भी थाने में एसएसआई के पद पर रह चुके हैं और गंगेरू , और खंद्रावली चौकी के प्रभारी रह चुके हैं।

# अलीगढ़ ऑर्थोपेडिक क्लब द्वारा आयोजित प्रातः कालीन योग शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ ऑर्थोपेडिक क्लब ने आज प्रातः कालीन योग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह शिविर अहिल्याबाई होलकर स्टेडियम में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्लब के सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। योग शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग २० सदस्यों ने हिस्सा लिया। शिविर का संचालन प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक उपेंद्र पचौरी जी ने किया, जिन्होंने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के लाभों की जानकारी दी। अलीगढ़ ऑर्थोपेडिक क्लब





के अध्यक्ष, डॉ. दीपक कुमार, ने अपने संबोधन में कहा, "आज के व्यस्त जीवन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। हम इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रखेंगे।"शिविर के दौरान, प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक थकान दूर हुई इंस्ट्रक्टर उपेंद्र पचौरी जी रहे, सभी प्रतिभागियों को योगा मैट और ताजे फल वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम की सफलता के लिए, सचिव डॉक्टर केशव गुप्ता ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में और भी अधिक स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन का वचन दिया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों में कोषाध्यक्ष डॉक्टर जी के सिंह, डॉक्टर सुमित सिंघल , राजेश गुप्ता , अनूप कुमार एवम् इपका लैबोरेट्रीज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# रॉयल कैफे ग्रुप ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** जेठ माह के चौथे अंतिम मंगलवार के अवसर पर पिछले 10 वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन करते हुए रॉयल कैफे समूह ने अपने सहारागंज स्थित परिसर के बाहर प्रसाद

## पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने बांटा लोगो को प्रसाद

वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

विभिन्न धर्मों के लोगो और परिवारी जनों की उपस्थिति में शाम 4:00 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम रात 8:00 बजे तक चला।इस भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने लोगो को प्रसाद बांटा।इस अवसर पर रॉयल कैफे ग्रुप के अध्यक्ष मुरलीधर आहूजा और एमडी संदीप आहूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि भीषण गर्मी



के इस मौके पर राह चलते हजारो लोगों को ठंडा शरबत और देसी घी से बने व्यंजन -वेज पुलाव, छोले, बूंदी आदि का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लखन आहूजा, श्याम क्रिश्नानि, समाजसेवी अब्दुल अजीज सिद्दिकी,अब्दुल वहीद,महेश दीक्षित,के डी मिश्रा,सुशील दूबे,राम जी,राजेश मखीजा,डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी, एम एम मोहसिन,डॉक्टर राधे श्याम यादव सहित होटल का स्टाफ और विशिष्ट अतिथि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिवार के साथ मारपीट करने पर किसान यूनियन महाशक्ति के दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जनपद हापुड़ के थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव बडडा मैं विधवा महिला व उसके बेटे, और ससुर जिनकी उम्र 90 प्लस को घर में घुसकर बुरी तरह मारा लगभग 40 लोगों ने डंडे तलवार अवैध हथियारों के बल के प्रयोग से हमला किया और घर में घुसकर गेट तोड़े महिलाओं के साथ मारपीट की उसके बावजूद भी पीड़ित की ना सुनकर अपराधियों की तरफ से उल्टा मुकदमा दर्ज कर दिया




जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति 21 जून 2024 को पुलिस अधीक्षक महोदय हापुड़ पहुंच रही है जिसमें लगभग 7 जनपदों के किसान नोएडा, बुलंदशहर, हापुड, अमरोहा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत के सभी सम्मानित जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ पदाधिकारी गण अपनी पूरी टीम के साथ समय से पुलिस अधीक्षक हापुड़ सुबह 10:00 बजे 21 जून 2024 को भारी से भारी संख्या में पंहुचे।

# हिन्दू महासभा अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश में समान नागरिक कानून शीघ्र बनाने की मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आज अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने महासभा के केंद्रीय कार्यालय हिन्दू महासभा भवन, मंदिर मार्ग, नईदिल्ली -1 में एक प्रेसवार्ता का आयोजन कर भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि देश में एक समान नागरिक कानून शीघ्र बनाया जाये,गौहत्या पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाया जाये एवं देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र लागू हो। देश में लवजेहाद को रोकने,हिन्दू संतों एवं हिन्दूवादी कार्यकताओं की रक्षा करने के लिए कड़े कानून बनाया जाये। प्रेसवार्ता में नेपाल से पधारे संत राजेंद्र रेगमी उर्फ निराहारी बाबा, हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कुमार,राष्ट्रीय




कार्यालय मंत्री वीरेश त्यागी,पंडित जुगेंद्र भारद्वाज एवं श्रीअधिकारी उपस्थित थे। प्रेसवार्ता में श्री श्री निराहारी बाबा ने अपने चमत्कारों की सूचना विस्तार से दी।उन्होंने दावा किया कि वे पिछले पंद्रह महीने से अन्न एवं जल ग्रहण नहीं किए हैं और अभी लगातार निराहार में ही रहूँगा।उन्होंने भारत सरकार,नेपाल की सरकार,डीआरडीओ तथा नासा से मांग की है कि उनकी दैवी शक्तियों का परीक्षण किया जाये तथा दुनिया को उनके चमत्कारों से परिचय कराया जाये,ताकि दुनियावासी उनके चमत्कारों का लाभ ले सकें।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया स्मार्टफोन एज50 अल्ट्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी, मोटोरोला ने आज अपनी मकहम फ्रेंचाइजी में सबसे एडवांस्ड स्मार्टफोन, मोटोरोला एज 50 अल्ट्रा को लॉन्च किया। एज 50 सीरीज में शामिल किए गए सबसे नए स्मार्टफोन के रूप में, मोटोरोला एज 50 अल्ट्र इंटेलिजेंस और आर्ट के मामले में सबसे आगे है, और इसी वजह से यह सही मायने में अपने सेगमेंट का सबसे अनोखा स्मार्टफोन है। इंटेलिजेंस का सहज तरीके से उपयोग करने वाले इस फ्लैगशिप स्मार्टफोन में मोटो एआई फीचर मौजूद है, जिसमें एआई जनरेटिव थीमिंग के साथ स्टाइल सिंक, इमेज जनरेशन को प्रेरित करने के लिए टेक्स्ट के साथ मैजिक कैनवास और इसी तरह के कई अत्याधुनिक इनोवेशन जैसे कई शानदार फंक्शन शामिल हैं। इसके अलावा, इस स्मार्टफोन को मोटोरोला के अब तक के सबसे प्रभावशाली कैमरा सिस्टम के साथ पेश किया गया है, जिसमें एआई संचालित पैन्टोन वैलिडेटेड कैमरा मौजूद है। इसके अलावा, मोटोरोला एज 50 अल्ट्रां सबसे उम्दा स्मार्ट कनेक्ट फीचर के साथ आता है, जो अलग-अलग डिवाइस के बीच कनेक्टिविटी को बेहद सरल बना देता है। इस स्मार्टफोन में 6.7 इंच का लगभग बॉर्डरलेस कर्व्ड, पोलेड डिस्प्ले है, जिसे बेहतरीन तालमेल के साथ बड़ी खूबसूरती से तैयार किए गए डिजाइन और सेगमेंट में एकमात्र टर्बो पावर 50वॉट वायरलेस चार्जिंग और 125 वॉट टर्बो पावर चार्जिंग के साथ पेश किया गया है। यह स्मार्टफोन आईपी68 अंडरवाटर प्रोटेक्शन के साथ गोरिल्ला ग्लास विक्टस डिस्प्ले प्रोटेक्शन के साथ आता है, साथ ही इसमें सबसे तेज और अधिक दमदार प्रदर्शन के लिए 12जीबी रैम प्लस 512जीबी स्टोरेज की सुविधा मौजूद है। मोटो एआई की खूबियों वाला मोओरोला एल 50 अल्ट्रा में एआई मैजिक कैनवस फीचर मौजूद है जो ग्राहकों की खुशी में चार चाँद लगा देता है।




यह फीचर यूजर्स को टेक्स्ट इनपुट के जरिये इमेज जनरेट करने की सुविधा देता है, और इस तरह यूजर्स अपनी कल्पना को साकार कर सकते हैं। इस तरह यह आपके काम, व्हाट्सएप शेयर, मीम्स, कंटेंट क्रिएशन और इसी तरह की ढेर सारी चीजों के लिए कोई भी आर्ट क्रिएट करना बिल्कुल आसान बना देता है। बेहद शानदार जेनएआई फीचर्स के अलावा, इसके कैमरा सिस्टम में भी मोटो एआई को अच्छी तरह से शामिल किया गया है। मोटोरोला एज 50 अल्ट्रा का प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम भी मोटो एआई द्वारा संचालित है, जो सबसे अत्याधुनिक कैमरा टेक्नोलॉजी के साथ बड़ी आसानी से बेमिसाल तस्वीरें एवं वीडियो कैप्चर करता है, और इसी वजह से यह ब्रांड का अब तक का सबसे असरदार कैमरा सिस्टम बन गया है। इसके कैमरे में ढेर सारे एआई फीचर्स मौजूद हैं।

# क्षेत्र के एक गांव से दस दिन पूर्व लापता हुई किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के एक गांव से दस दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया हैं, पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव से दस दिन पूर्व एक किशोरी लापता हो गई थी किशोरी के पिता ने गांव के दो युवकों पर उसकी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते थे अभियोग दर्ज कराया था। मामला दो समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। परिजन लगातार किशोरी को बरामद करने के साथ आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मंगलवार को लापता किशोरी को पुलिस ने कस्बे के रेलवे स्टेशन के निकट से बरामद कर लिया, पुलिस ने एक आरोपी को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया हैं, और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# हैलट अस्पताल में छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** आज यहां मंगलवार दोपहर हैलट अस्पताल में छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के समय दोनों मजदूर छज्जा तोड़ रहे थे तभी टूटने से छज्जे समय दोनों नीचे आ गिरे इसके बाद दोनों को गंभीर हालत में तत्काल इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। मजदूरों के सिर, कमर और हाथ में चोट आई है। इसकी सूचना मिलने पर अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही घायलों का भी हाल जाना।

अवगत करा दें कि हैलट अस्पताल के पीछे सब स्टेशन का निर्माण चल रहा है।

**विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए दोनों मजदूर तोड़ रहे थे छज्जा, दिए जांच के आदेश**

बताया गया की घटना के समय यहां पर दोपहर में करीब 4 मजदूर काम कर रहे थे। दो मजदूर छज्जा तोड़ने में लगे थे। छज्जा पुराना और जर्जर था। इसलिए आचनक से पूरा छज्जा नीचे आ गिरा। छज्जे के साथ दोनों मजदूर सूरज और सन्नी भी नीचे आ गिरे, जिससे की वह घायल हो गए।

मजदूरों के गिरते ही घटना स्थल पर हड़कंप मच गया। साथी मजदूर और ठेकेदार मिलकर दोनों घायलों को इमरजेंसी ले गए। इसके बाद घटना की जानकारी प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह को दी गई।

वह तुरंत पहले घटना स्थल पर गए, यहां पर उन्होंने ठेकेदार व साथी मजदूरों से बातचीत की। फिर घायल मजदूरों से मिलने भी पहुंचे। साथ ही सभी सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य करने के भी निर्देश ठेके दार को दिए।

**लॉन्च** एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग, पहली बार क्रिएटर आधारित टी10 क्रिकेट लीग आज मुंबई में लॉन्च हुई

# कंटेंट क्रिएशन की सबसे बड़ी हस्तियाँ, अभिषेक मल्हान, सोनू शर्मा, एल्विश यादव, हर्ष बेनीवाल, मुनव्वर फारुकी और अनुराग द्विवेदी टीम कप्तानों के रूप में कमान संभालेंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग, पहली बार क्रिएटर आधारित क्रिकेट लीग, आज मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लॉन्च की गई, जिसमें अभिषेक मल्हान, सोनू शर्मा, एल्विश यादव, हर्ष बेनीवाल, मुनव्वर फारुकी, अनुराग द्विवेदी और लीग के संस्थापक, अनिल कुमार और हिमांशु चंदनानी मौजूद थे। इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग में छह टीमों का समावेश होगा और यह लीग अगस्त और सितंबर के महीने में खेली जाएगी।

"यह बहुत स्पष्ट है कि कंटेंट क्रिएटर्स आज सोशल मीडिया और लोकप्रिय संस्कृति में सबसे संबंधित और प्रिय मनोरंजन व्यक्तित्व हैं। उनके प्रशंसकों ने एक पंथ का दर्जा प्राप्त कर लिया है और सभी क्रिएटर्स को एक मंच पर लाकर एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग लॉन्च करना स्वाभाविक था। ईसीएल भारत की दो सबसे पसंदीदा चीजों, क्रिकेट और इसके कंटेंट क्रिएटर्स के बीच का परिपूर्ण मेल है और क्रिएटर्स के लिए एक ऑफलाइन समुदाय बनाने का एक अद्भुत अवसर है। यह सभी प्रकार के क्रिएटर्स को एक साथ लाने और इस प्रकार के एक्सपोजर का आनंद लेने का एक शानदार अवसर होगा जो ऑनलाइन संभव नहीं है," श्री अनिल कुमार, संस्थापक,



एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग ने कहा। क्रिएटर्स प्रत्येक छह फ्रेंचाइजी में से एक का नेतृत्व करेंगे, प्रत्येक टीम २५० लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स के विशाल पूल से ड्राफ्ट के रूप में चुनेंगी, जिनमें से ९६ क्रिएटर्स अंतिम चयन करेंगे। इसमें भारत के विभिन्न उद्योगों जैसे तकनीक, वित्त, इंफोटेनमेंट, शिक्षा, प्रेरणा और आत्म-सहायता, मनोरंजन, व्लॉगर्स, गेमिंग, फैशन और लाइफस्टाइल के लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगे। मनोरंजन क्रिकेट लीग पूरे देश के कंटेंट प्रेमियों के लिए एक अंतिम अनुभव साबित होगी।

एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग का हिस्सा बनना एक रोमांचक अनुभव है। हम, कंटेंट क्रिएटर के तौर पर, हमेशा स्क्रीन के जरिए अपने प्रशंसकों से जुड़े रहे हैं, लेकिन यह लीग हमें अपने पसंदीदा खेल को खेलते हुए उनसे व्यक्तिगत रूप से जुड़ने का अवसर देती है। यह एक अद्भुत यात्रा होने वाली है," अभिषेक मल्हान, कप्तान, टीम बंगलोर ने कहा।"मनोरंजन क्रिकेट लीग सिर्फ एक टूनामेंट नहीं है; यह हमारे समुदाय का उत्सव है। हम मनोरंजन, खेल और हमारे अविश्वसनीय प्रशंसकों को एक साथ लाकर एक ऐसा कार्यक्रम पेश कर रहे हैं जो रोमांच और मजा का वादा करता है। मैं अपने टीम का नेतृत्व करने और मैदान पर कुछ शानदार यादें बनाने का इंतजार नहीं कर सकता," सोनू शर्मा, कप्तान, टीम दिल्ली ने कहा।

"यह लीग हम में से कई लोगों के लिए एक सपना सच होने जैसा है। क्रिकेट हमेशा हमारे दिल के करीब रहा है और कंटेंट क्रिएशन के हमारे जुनून के साथ इसे मिलाना एक शानदार अवसर है। हम इस नए चुनौती का सामना करते हुए अपने प्रशंसकों की उत्सुकता को देखने के लिए उत्सुक हैं," एल्विश यादव, कप्तान, टीम हरियाणा ने कहा।

"एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग एक अभूतपूर्व विचार है और इसका हिस्सा बनने के लिए मैं उत्साहित हूं। यह लीग न केवल कंटेंट क्रिएशन को एक साथ लाती है बल्कि हमें अपने दर्शकों के साथ संवाद करने का एक नया तरीका भी प्रदान करती है। यह क्रिकेट और मनोरंजन का एक अद्भुत मिश्रण होने जा रहा है और मैं प्रतियोगिता का इंतजार कर रहा हूं," हर्ष बेनीवाल, कप्तान, टीम पंजाब ने कहा।

"क्रिकेट खेलना और लोगों का मनोरंजन करना मेरी दो पसंदीदा चीजें हैं और ईसीएल ने दोनों का परिपूर्ण संयोजन किया है। यह लीग कंटेंट क्रिएटर्स की बहुमुखी प्रतिभा को एक तरीके से प्रदर्शित करेगी जो पहले कभी नहीं देखा गया। हम अपने सर्वश्रेष्ठ देने के लिए और अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं," मुनव्वर फारुकी, कप्तान, टीम मुंबई ने कहा।"एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग एक अभिनव अवधारणा है जो खेल और डिजिटल मनोरंजन के बीच का अंतर काम करती आहे. एक टीम का नेतृत्व करना और इस रोमांचक पहल में भाग लेना एक सम्मान की बात है। मुझे यकीन है कि हमारे प्रशंसक इस लीग के हर पल का आनंद लेंगे," अनुराग द्विवेदी, कप्तान, टीम लखनऊ ने कहा।पहले सत्र में ही एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग के 100 करोड़ से अधिक दर्शक प्राप्त करने की उम्मीद है क्योंकि कंटेंट क्रिएटर्स के कुल अनुयायियों की संख्या इस संख्या से अधिक है। लीग का सीधा प्रसारण एक अज्ञात प्रसारण भागीदार पर किया जाएगा जिससे प्रशंसकों को इस भव्यता को लाइव देखने का एक कारण मिलेगा।

# जिंदगी के यूट्यूब चैनल और जी5 पर फवाद खान-सनम सईद अभिनीत बरजख देखिए 19 जुलाई से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुम्बई।** छह खूबसूरत पोस्टर्स के साथ बरजख की दुनिया की झलक पेश करते हुए जी जिंदगी लेकर आया है बहुप्रतीक्षित सीरीज ह्यबरजखह्न। ऐसा करते हुए जी जिंदगी ने अपने दायरे का थोड़ा और विस्तार किया है। इस जबर्दस्त शो का निर्देशन, चुड़ैल्स और केक वेब सीरीज के निमार्ता आसिम अब्बासी ने किया है। ये सीरीज पाकिस्तान की ओर से ऑस्कर में आधिकारिक एंट्री के रूप में भेजी गई थी। जिंदगी के साथ उनकी ये दूसरी साझेदारी है। फ्रांस में प्रतिष्ठित सीरीज मेनिया फेस्टिवल में बहुप्रशंसित प्रीमियर के बाद ह्यबरजखह्न, दुनियाभर के दर्शकों के लिए जिंदगी के यूट्यूब तथा जी5 पर शुक्रवार, 19

## आसिम अब्बासी द्वारा निर्देशित, ये सीरीज परिवार के पुनर्मिलन के बीच असली तिलिस्म और सुपरनैचुरल फैंटेसी का मेल है




जुलाई से उपलब्ध होगी। इसमें पूरी दुनिया के पसंदीदा आईकन फवाद खान और टैलेंटेड सनम सईद ने अभिनय किया है।

ह्यबरजखह्न में 76 साल के एक तन्हा व्यक्ति की जिंदगी दिखाई गई है। वे एक वीरान रिजॉर्ट में अपने बिछड़े हुए बच्चों और पोते-पोतियों को बेहद ही अलग तरह के जश्न व कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बुलाते हैं। यह उनके पहले प्यार के साथ शादी का मौका है, जोकि एक भूतनी है। भावनाओं से भरपूर ये कहानी दर्शकों को जिंदगी की पहेलियों के बारे में सोचने पर मजबूर करती है, आखिर मरने के बाद क्या होता है। साथ ही प्यार के उस अटूट रिश्ते की ओर ध्यान दिलाती है जो हमें आपस में जोड़ता है। इस सीरीज में दर्शकों को हुन्जा घाटी के खूबसूरत नजारों से रूबरू कराया गया है और यहां की खूबसूरती को दशार्ते हुए जिंदगी की कहानी को परदे पर उकेरा गया है।

6 एपिसोड की इस सीरीज में फवाद खान और सनम सईद के अलावा, सलमान शाहिद, एम. फवाद खान, इमान सुलेमान, खुशहाल खान, फैजा गिलानी, अनिका जुल्फिकार, फ्रेंको गस्टी जैसे बेहतरीन कलाकारों ने काम किया है। ख्यात चैनल जिंदगी, फवाद और सनम को 12 साल पहले आए उनके पिछले सुपरहिट शो जिंदगी गुलजार के बाद एक बार फिर साथ लेकर आया है।

शैलजा केजरीवाल और वकास हसन के निर्माण के साथ मोहम्मद आजमी की सिनेमेटोग्राफी वाली सीरीज, बरजख इस इंडस्ट्री के दूरदर्शी प्रतिभाओं का एक साझा प्रयास है।

इसके साथ ही, बरजख दिलचस्प कहानी के जरिए बड़ी ही बेबाकी से मेंटल हेल्थ, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, अलग-अलग पीढ़ी के आपसी मतभेद और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों पर बात करती है। ये सीरीज सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देती हुई नजर आती है। ये इंसानी अस्तित्व के जटिल ताने-बाने में लोककथाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की तरफ भी ध्यान दिलाती है और दर्शकों को जिंदगी की बारीकियों के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करती है।

# गुरुवार से पूर्वी हवाएं उत्तर प्रदेश में दस्तक देंगी, बदलेगा मौसम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश के लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है कल और गर्मी को झेल लीजिए, क्योंकि गुरुवार से मौसम करवट लेने जा रहा है. गुरुवार से पूर्वी हवाएं उत्तर प्रदेश में दस्तक दे देंगी. कई जिलों में बूंदाबांदी होगी, जबकि प्री मॉनसून की बारिश 22 जून को होगी और 23 से 25 जून के बीच मॉनसून पूरे उत्तर प्रदेश में दस्तक दे देगा. मॉनसून के सक्रिय होते ही झमाझम बारिश होगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी' उत्तर प्रदेश के लोग 25 मार्च से ही गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं।



अब आखिरकार लंबे इंतजार के बाद राहत मिलने जा रही है. लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि कल उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी है. इसके अलावा वॉर्म नाइट का भी अलर्ट जारी है. अभी दो दिन गर्मी रहेगी. इन दो दिनों में तापमान में भी बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है. इसके बाद गुरुवार से लोगों को राहत मिलेगी।लखनऊ मौसम केंद्र की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, कानपुर शहर, कानपुर देहात, लखीमपुर खीरी, झांसी, आगरा, गोरखपुर, बलिया चुर्क, बहराइच, फतेहपुर, बांदा, सुल्तानपुर, अयोध्या, मथुरा, फुरसतगंज, गाजीपुर, फतेहगढ़ और बस्ती में अगले तीन दिनों तक हीटवेव का कहर जारी रहेगा. अधिकतम तापमान 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है. इन जिलों में वॉर्म नाइट और हीटवेव का कहर बना रहेगा।इन जिलों का बढ़ेगा तापमान वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, आगरा और बुंदेलखंड पूरे उत्तर प्रदेश में गर्म रहेंगे. यहां का अधिकतम तापमान आज भी 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है. यहां का न्यूनतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रह सकता है।इन जिलों में भी गर्मी का अलर्ट उरई, हमीरपुर, बरेली, शाहजहांपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, अलीगढ़ और इटावा, आजमगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, सहारनपुर, बाराबंकी, कन्नौज और हरदोई में आज तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है. यहां का न्यूनतम तापमान भी 28 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

# रोडवेज मुरादाबाद और नजीबाबाद डिपो में शीघ्र चलाएगा इलेक्ट्रिक बस, प्रदूषण से मिलेगी निजात

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में रोडवेज से बसों का सफर और आसान होने जा रहा है रोडवेज इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा। प्रदेश में मुरादाबाद समेत 14 परिक्षेत्रों में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी है। मुरादाबाद रीजन में मुरादाबाद और नजीबाबाद डिपो से इलेक्ट्रिक बसों से यात्री सफर कर सकेंगे। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से प्रदूषण से निजात मिलेगी। उम्मीद है कि 2026 तक डीजल से संचालित बसों पर दिल्ली और एनसीआर क्षेत्रों में पूरी तरह से प्रतिबंध लग जाएगा। एक बार की चार्जिंग में इलेक्ट्रिक बसें करीब दो सौ किमी की दूरी तय करेंगी। इसके लिए चिह्नित परिक्षेत्रों में चार्जर इंस्टालेशन की कवायद शुरू हो गई है। यूपी रोडवेज की डीजल और पेट्रोल से संचालित बसों की जगह इलेक्ट्रिक बसें लेंगी।सरकार ने प्रदूषण से निजात





के लिए डीजल बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने की योजना तैयार कर ली है। दिल्ली और एनसीआर क्षेत्रों में आने-जाने वाली इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का यूपी रोडवेज ने खाका खींचा है। पहले दौर में प्रदेश स्तर पर विभिन्न परिक्षेत्रों के 14 बस डिपो से इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी।इनमें मुरादाबाद रीजन में मुरादाबाद और नजीबाबाद डिपो को शामिल किया है। इलेक्ट्रिक बसों से सफर और आसान बनेगा।साथ ही प्रदूषण आदि से भी निजात मिलेगी।यात्रियों का सफर होगा ज्यादा सुविधाजनक पहले चरण में मुरादाबाद और नजीबाबाद बस डिपो में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इलेक्ट्रिक बसें चलने से यात्रियों का पहले से ज्यादा सुविधाजनक सफर होगा। साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा। संभावना है कि दिल्ली मार्ग पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होगा। इलेक्ट्रिक बस के डिपो पर चार्जर लगाए जाएंगे।

# एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर नगर पंचायत उमरी कला के चेयरमैन हाजी उस्मान अली से" बुलन्द संदेश "की खास बातचीत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर पंचायत उमरी कला में अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान हाजी उस्मान अली को 1 वर्ष पूरा हो गया है। इस दौरान नगर के विकास के लिए उन्होंने करोड़ों रुपए से अनेक विकास कार्य

**उमरी कला को जनपद की सर्वश्रेष्ठ नगर पंचायत बनाना उनका लक्ष्य : उस्मान अली**



किए हैं उनका लक्ष्य नगर को जनपद की सर्वश्रेष्ठ नगर पंचायत बनाना है' 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने "बुलन्द संदेश "से खास बातचीत में कहा कि लोगों की समस्याओं का निराकरण करना, नगर पंचायत में विकास की गंगा बहाना उनका लक्ष्य है ' उन्होंने बताया कि 1 वर्ष के दौरान नगर का चौमुखी विकास हुआ है जो आगे भी जारी रहेगा' उन्होंने बताया कि विलायत नगर रोड से करूले तक नाला , लाला निजामू की दुकान से लेकर नाज़िम मिस्त्री की दुकान तक नाला , शमीम सीमेंट वालों से लेकर भूरे पहलवान के घर तक , नगर पंचायत से लेकर हासीबुर रहमान के घर तक नाला , मुज़फ़्फ़र मकबूल के बाग से लेकर कुम्हारों वाली गली तक नालों का निर्माण शीघ्र पूरा हो जाएगाॅ। मोहल्ला आबिदपुरा चौक , अंसार चौक , पंचायत तालाब का सौंदर्यीकरण,तालाबो की दीवार , 8 पियाऊ , सारे बोरवेल के लिये नयी मोटर और जनरेटर । सफाई व्यवस्था के लिए 4000 कूड़ेदान घर घर बटेंगे । नगर पंचायत उमरी कला को जनपद की सर्वश्रेष्ठ नगर पंचायत बनाना उनका लक्ष्य है' उन्होंने बताया कि ईद के अवसर पर नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था शानदार रही ईद उल अजहा के उपलक्ष्य में तैयारियों का सिलसिला पहले ही शुरू हो गया था 'चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने कर्मचारियों की बैठक कर पहले ही रणनीति बना ली थी और वेस्ट मटेरियल को दबाने के लिए गड्ढों का भी पहले से ही इंतजाम कर लिया था , इन तैयारियों का असर ईद उल अजहा के दिन देखने को मिला , सफाई कर्मचारियों ने सुबह 8:00 बजे कुबार्नी शुरू होने के बाद से रात 9:30 बजे तक घर घर जा कर वेस्ट मटेरियल जमा किया और उसको गड्ढे के अंदर दबा दिया जिससे सफाई व्यवस्था चाक चोबंद रही , पूरी नगर पंचायत में एक भी जगह खुले में गंदगी पड़ी हुई नहीं मिली , सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए चेयरमैन हाजी उस्मान अली और उनके पुत्र सैयद आजम अली पूरे दिन नगर पंचायत के भ्रमण पर रहे और समय समय पर कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते रहे ।

# अधिकारियों की शह पर "कांठ में दो दर्जन सार्वजनिक कुओं" पर लोगों ने किया अवैध कब्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में सत्तारूढ़ योगी सरकार जल स्तर को ऊपर उठाने के लिए गांव गांव अमृत सरोवर का निर्माण करा रही है और प्रदेश में सैकड़ों स्थानों पर इस समय अमृत सरोवर का निर्माण चल रहा है लेकिन नगर पंचायत कांठ में नगर पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते नगर के विभिन्न मोहल्लों में करीब दो दर्जन लोगों ने अवैध रूप से सार्वजनिक कुए पर अवैध कब्जा कर लिया है अनेक लोगों ने इन कुए को हुए अपने घरों के अंदर ले लिया नगर कि सब्जी मंडी में बरसों पुराना एक कुआं था जिसको बंद कर दिया गया है उसमें



इस समय पेड़ पौधे लगे हुए हैं सरकारी कुए पर लोगों के अवैध कब्जे को अधिकारी हटाने में नाकामयाब है' नगर के गणमान्य लोगों ने आज शासन को भेजे पत्र में अवैध कब्जों को हटाकर कुएं दोबारा संचालन कराने की मांग की है ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके अवैध कब्जे के मामले में अधिकारी जानबूझकर अनजान बने हुए हैं अवैध दो दर्जन कुए पर कब्जा करना चर्चा का विषय बना हुआ है' नगर पंचायत के मोहल्ला बिशनपुरा, पटेगंज , महमूद पूरा, फकीर गंज आदि स्थानों पर बने दो दर्जन कुए पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। जिन लोगों ने सार्वजनिक कुओं को अपने घरों के अंदर ले लिया है उन में इस समय फुलवारी लगी हुई है अब देखना है चेयरमैन इकबाल आलम अंसारी सार्वजनिक कुए पर हुए अवैध कब्जों को कब हट बातें हैं।

# स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग एवं व्यायाम जरूरी: डॉ.छाया रानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं को ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड कराने के साथ ही महाविद्यालय में योग संबंधित शपथ भी दिलाई गई। प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ छाया रानी ने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग व व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आज की परिस्थितियों में बहुत आवश्यक है साथ ही खान-पान पर भी ध्यान देना जरूरी है उन्होंने बताया कि वह स्वयं भी रोजाना




एक घंटा योग्य प्राणायाम करती है। द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी अनीता फर्स्वान ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है हम स्वस्थ रहेंगे तभी सारे काम अच्छे से कर सकते हैं।

# अगवानपुर पुलिस चौकी को शीघ्र मिलेगा थाने का दर्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रशासन ने अगवानपुर पुलिस चौकी को थाना बनाने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए शासन को करीब 1 वर्ष पूर्व भेजा था जिस पर गंभीरता से विचार चल रहा है' प्रस्तावित थाने में 30 गांव शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार शासन की स्वीकृति मिलने के बाद अगवानपुर पुलिस चौकी थाना बन जाएगी प्रशासन ने कस्बे में थाना बनाने के लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी है। चार थानों के करीब 30 गांवों को नए थाने में शामिल करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। शासन की मंजूरी और बजट मिलते ही थाने के निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। सिविल लाइंस थाना के अंतर्गत अगवानपुर पुलिस चौकी कभी रिपोर्टिंग चौकी थी। यहां गुमशुदगी से लेकर डकैती, लूट, चोरी, कस्बे में जमीन की समस्या बन रही थी रोड़ा' पुलिस विभाग को अगवानपुर पुलिस चौकी को थाना बनाने के लिए करीब 1000 वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता थी। इतनी बड़ी सरकारी जमीन कस्बे के भीतर नहीं थी । तत्काल पुलिस अधिकारियों की इच्छा थी कि जमीन कस्बे में मिल जाए लेकिन प्रशासनिक अधिकारी जमीन उपलब्ध नहीं करा सके। इस कारण कई साल तक जमीन की तलाश पूरी नहीं हो सकी। अब प्रशासन ने कस्बे से करीब एक किलो मीटर दूर गोशाला के पास थाने के लिए जमीन मुहया कराई है । छेड़खानो, दुष्कर्म समेत सभी मुकदमों की रिपोर्ट मैनुअल लिखो जाती थी 14 थानों के कुछ गांव किए जाएंगे शामिल सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के गांवः कस्बा अगवानपुर, काजीपुरा, प्रेमनगर, भटापली, सलेमपुर बांगर, सैदपुर खद्दर, शेरुवा धर्मपुर, भीमढेर, मेहलाकपुर निजाम्पुर । छजलैट थानाक्षेत्र के गांव सराय खजूर, बीबीपुर, सालवा, संदलीपुर, मानपुर मुजफ्फरपुर खानपुर मुजफ्फरपुर, कोकरपुर नत्था नगला, चक हमीदपुर, फतेहपुर विश्नोई, बरखेड़ा बसंतपुर उर्फ दयानतपुर पाकबड़ा थानाक्षेत्र के गांव सुल्तानपुर फलैदा, इशापुर फलैदा, जेवढा, जेवड़ी, शाहआलापुर, उचैती, हकीमपुर मोड़ा मोहम्मदपुर ध्यान सिंह मझोला थाने के गांव लोधोपुर जवाहर नगर के सभी थानों में रिपोर्ट सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) के जरिए ऑनलाइन लिखी जाने लगी। इसके बाद चौकी क्षेत्र की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज होने अगवानपुर पुलिस चौकी को थाना बनाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

शासन से मंजूरी मिलते ही प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी । अगवानपुर में थाने के लिए की जनता की मुश्किलों को कम करने को पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने पुलिस चौकी को थाना बनाने की मांग को मजबूती से प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है उम्मीद की जा रही है कि पुलिस चौकी को थाने का दर्जा शीघ्र मिलेगा ।

# देश का लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री बनाए जाने पर डॉ विजय चौहान ने भेंट कर दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रकाश हॉस्पिटल नोएडा के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विजय सिंह चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भारत के 25वें रक्षा मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर राजनाथ सिंह से भेंट की। श्री चौहान ने कहा कि भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए



आपका नेतृत्व और दृष्टिकोण अनुकरणीय है और हम सभी को प्रेरित करता है। आप सच्चे जन नेता हैं, आपकी सरलता और आत्मीयता लोगों के दिल में अमिट छाप छोड़ देती है, इसीलिए हिंदुस्तान के करोड़ों लोग आपके प्रशंसक हैं' उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरी बार राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री का पदभार दिया है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर चला अभियान, प्राइवेट गाड़ियों पर लगी लाल नीली बत्ती एवं हूटर उतरवाए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गाड़ी पर लाल-नीली बत्ती या हूटर लगाकर चलने वाले अब नहीं बचेंगे। वीआईपी बताकर धौंस जमाने वाले वाहन संचालकों पर पुलिस का डंडा चला है। सीएम के आदेश के बाद शुरू हुए अभियान ने जोर पकड़ा। यातायात पुलिस ने जिले भर में अभियान चलाकर 53 गाड़ियों पर लगी लाल-नीली बत्ती, उत्तर प्रदेश सरकार या हूटर लगी गाड़ियों पर शिकंजा कसा। पुलिस ने सभी गाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही की है। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद प्रदेश में यातायात पुलिस ने अभियान चलाने के निर्देश दिए। एडीजी यातायात के आदेश के बाद विभाग ने ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया। एसपी ट्रैफिक सुभाष चन्द्र गंगवार के निर्देश के बाद जिले भर में यातायात पुलिस सक्रिय हो गई। प्राइवेट गाड़ियों पर लगी लाल-नीली बत्ती व हूटर उतरवाया गया। यही नहीं यातायात पुलिस ने पुलिस कलर की गाड़ियों के खिलाफ



कार्यवाही की। अभियान का नेतृत्व कर रही यातायात पुलिस निरीक्षक अनुराधा सिंघल ने बताया कि अभियान के दौरान प्राइवेट गाड़ियों पर लाल नीली बत्ती, हूटर सायरन, उत्तर प्रदेश सरकार, भारत सरकार लिखा होने पर कार्रवाई की गई। यह अभियान जिले भर में चल रहा है।

# ईद पर नवनिर्वाचित सपा सांसद रुचि वीरा एवं पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन एक मंच पर दिखाई दिए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद ईदगाह पर पर सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन और नवनिर्वाचित सपा सांसद रुचिवीरा पहली बार ईद-उल-अजहा की नमाज के दौरान एक मंच पर दिखाई दिए। डा. एसटी हसन तो हमेशा ही यहां ईद की नमाज पर पहुंचते हैं। चुनाव जीतने के बाद पहली बार सपा सांसद चुनी गईं रुचिवीरा भी नमाज के बाद ईद की मुबारकबाद देने पहुंचीं।सपा सांसद रुचिवीरा को पार्टी का टिकट मिलने के बाद पूर्व सांसद डा. एसटी हसन ने उनके चुनाव में प्रचार में भी हिस्सा लिया था। रुचिवीरा चुनाव जीतीं और



पहली बार दोनों नेता एक मंच पर ईदगाह के सामने दिखाई दिए। नव निर्वाचित सांसद रुचिवीरा ने ईदगाह पहुंच कर शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद समेत तमाम नमाजियों को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान डा. एसटी हसन ने भी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, कांग्रेस नेता आजम अंसारी, सलाहउद्दीन मंसूरी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, असलम पंचायती समेत तमाम स्थानीय नेता भी ईदगाह की नमाज में एक दूसरे को मुबारकबाद देने पहुंचे। चुनाव के दौरान यह पहला मौका था जब नव निर्वाचित सांसद रुचिवीरा और पूर्व सांसद एक ही मंच पर दिखाई दिए।

**गिरफ्तारी** कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है

# कुन्दरकी पुलिस ने दो अभियुक्त को मय चोरी किये गए ट्यूबवेल का स्टार्टर के साथ किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्त को मथ चोरी किये गए ट्यूबवेल का स्टार्टर के साथ किया गिरफ्तार। अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में लूट, चोरी आदि जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा इस तरह की घटना कारित करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बिलारी के नेतृत्व में क्षेत्र गस्त व चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति के दौरान सोमवार को थाना कुन्दरकी पुलिस द्वारा 1. साजिद पुत्र पुत्र सा साबिर निवासी मौ० तकिया करबा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 2. इब्ले हसन पुत्र अमजद निवासी ग्राम बहांपुर की मिलक




थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को चोरी किये गए ट्यूबवैल के स्टार्टर के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 182/2024 धारा 457/380/411 भादवि बनाम 1. साजिद पुत्र साबिर निवासी मौ० तकिया करबा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 2. इब्ले हसन पुत्र अमजद निवासी ग्राम बहापुर की मिलक थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। 1- साजिद पुत्र साबिर निवासी मौ० तकिया कस्था व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद 2- इब्ले हसन पुत्र अमजद निवासी ग्राम बहापुर की मिलक थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

**आपराधिक इतिहास-**

आपराधिक इतिहास इस्ले हसन उपरोक्त

1- मु0अ0सं0-182/2024धारा 457/380/411 भादवि थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद।

2- मु0अ0सं0-26/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम मे उ०नि० श्री अशोक कुमार, का0 प्रमोद कुमार, विक्की,विनोद कुमार, शामिल रहे । नोट-अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

# कुन्दरकी नगर और क्षेत्र मे अदब और एहतराम के साथ ईद के दूसरे भी अदा की गई सुन्नत ए इब्राहिम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर और क्षेत्र मे ईदुल अजहा का त्यौहार दूसरे दिन भी नगर और क्षेत्र मे अदब और एहतराम के साथ मनाया गया । और सुन्नत ए इब्राहिमी अदा की । और अल्लाह की रजा के लिए जानवरों की कुबार्नी की और सुन्नत ए इब्राहिमी अदा की । इस दौरान ईद के दूसरे दिन भी मुसलमानों के एक दूसरे के घरो पर जाकर ईदुल अजहा की मुबारकबाद दी। सुबह से लेकर देर रात तक ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा । मुसलमानों के





घरो पर विशेष पकवान कोरमा,रोटी,हलीम, बिरियानी,सीक कबाब, आदि बने और लोगो ने लुफ्त लिया । बच्चों ने भी घर घर जाकर ईद की खुशियां मनाई। बच्चों ने अपने बड़ो से ईदी पाकर खुश हो गये । देर रात तक सिलसिला एक दूसरे के घरों का आने जाने का सिलसिला चलता रहा । मुस्लिम बुद्धिजीवीयों ने बताया कि ईदुल अजहा का त्यौहार बुधवार को भी मनाया जायेगा । जिसमे सुन्नत ए इब्राहिमी अदा की जायेगी जानवरों की कुबार्नी होगी । और गोश्त मिस्कीनों और रिश्तेदारों मे तक्सीम किया जायेगा ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# परिणीति में आएगा एक साल का लीप, नीति से बदला लेने लौटेगी एक्ट्रेस आंचल साहू

फैमिली ड्रामा परिणीत में एक साल का लीप आएगा। सीरियल में तन्वी डोगरा ने नीति का किरदार निभाया है। उसे लगता है कि उसकी परिणीति (आंचल साहू) को मारने की प्लानिंग कामयाब हो गई है, इसमें वह संजू (अंकुर वर्मा) का भी इस्तेमाल करती है। वह बाजवा परिवार को मोहरा बनाती है, ताकि संजू से शादी कर सके। हालांकि, अंबिका देवी सिंघानिया (शिल्पा सकलानी) परिणीति को मौत के कगार से बचाती है, और उससे अपने हत्या के प्रयास का बदला लेने के लिए कहती है। इस कड़ी में परिणीति एक नए अवतार में लौटती है। वह संजू के ड्रीम प्रोजेक्ट में फाइनेंस करती है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि क्या परिणीति नीति का पदार्फाश करेगी या फिर बदला लेने में नाकाम हो जाएगी? अपकमिंग एपिसोड के बारे में बात करते हुए, तन्वी ने कहा, नीति के किरदार में जान फूंकना एक कलाकार के तौर पर मेरे लिए खास सफर रहा है। इस किरदार ने मुझे देशभर में पहचान दिलाई है। आगे कहानी में, नीति को लगता है कि उसके और संजू के बीच की दीवार यानी परिणीति को उसने हटा दिया है। उसने बाजवा परिवार को अपने बातों में फुसला लिया है।

उन्होंने कहा, कहानी में इस नए मोड़ को लेकर दर्शक शो में ट्विस्ट और ड्रामा देख सकेंगे। शो के प्रीमियर से ही लोग इस शो को प्यार दे रहे हैं, मैं उनकी आभारी हूं। मैं अपने किरदार को पूरी ईमानदारी से निभा रही हूं।

आंचल ने कहा, शो में एक साल का लीप आएगा, मेरा किरदार नए मकसद के साथ वापस लौटेगा। संजू और नीति से मिले धोखे का बदला लेना ही उसका मकसद है। वह एक नए रूप के साथ और भी मजबूत होकर वापस आएगी।

उन्होंने कहा, अंबिका देवी का समर्थन पाकर, जिसने उसे मौत के मुंह से बचाया, वह उन लोगों से बदला लेगी, जिन्होंने उसके साथ अन्याय किया है। एक एक्टर के तौर पर परिणीति का किरदार निभाना एक शानदार अनुभव रहा है, और मैं इस खास शो में अपने किरदार को लेकर खुश हूं।

अंकुर ने कहा, मेरा किरदार संजू एक नया रास्ता चुनेगा, जो उसे कई मायनों में चुनौती देगा और बदल देगा। वह परिणीति की मौत के बाद से सदमे में है, ऐसे में इससे उबरने के लिए वह नीति से शादी करने का फैसला लेगा। हालांकि, उसकी महत्वाकांक्षा उसे व्यापार की दुनिया में ले जाएगी, जहां वह अंबिका से फाइनेंशियल सपोर्ट मांगेगा। यह नया चैप्टर प्रत्येक एपिसोड के साथ साजिश से भरा होगा। परिणीति कलर्स पर प्रसारित होती है।

# शनाया कपूर ने ग्लिटरी कॉकटेल ड्रेस पहन कराया हॉट फोटोशूट, अपने कातिल अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना

शनाया कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ नई तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उन्होंने ग्लिटरी कॉकटेल ड्रेस पहनकर हॉट फोटोशूट कराया है. शनाया की कातिल अदाएं और दिलकश पोज ने फैंस को दीवाना बना दिया है. इन तस्वीरों में शनाया ने हल्का मेकअप किया हुआ है, जो उनकी नैचुरल ब्यूटी को और निखार रहा है. खुले बालों के साथ उन्होंने विभिन्न पोज दिए हैं, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अपकमिंग एक्ट्रेस शनाया कपूर की यह ताजगी भरी



तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और उनके फैंस इन तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं. शनाया का यह बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, और वे उनकी तारीफों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। शनाया कपूर एक भारतीय मोडल और अभिनेत्री हैं, जो जल्द ही करण जोहर द्वारा निर्मित फिल्म बेधड़क से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहीं हैं। शनाया बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा इकोले मोंडिएल वर्ल्ड स्कूल, मुंबई से पूरी की है। उन्होंने अपनी यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग पूरी कर ली है और उनके पास ग्रेजुएट डिप्लोमा भी है।

# थिएटर्स के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई विश्वक सेन की फिल्म गैंग्स ऑफ गोदावरी

साउथ की फिल्म गैंग्स ऑफ गोदावरी इन दिनों खूब चर्चा में बनी हुई है. कुछ ही दिनों पहले यह फिल्म थिएटर्स में रिलीज हुई थी. और सिनेमाघरों में रिलीज के महज 15 दिनों के अंदर फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है. गैंग्स ऑफ गोदावरी को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है. तो चलिए आपको बताते हैं कि इस फिल्म को आप कौन से ओटीटी पर कितने रुपये में देख पाएंगे.




गैंग्स ऑफ गोदावरी गोदावरी के तटीय क्षेत्रों में फिल्माई गई एक फिल्म है. इसकी कहानी एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी के सफर को दिखाती है. फिल्म 14 जून को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है. गैंग्स ऑफ गोदावरी को तमिल, कन्नड़ और मलयालम में इसके मूल तेलुगु वर्जन के साथ रिलीज किया है. 31 मई को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को अभी सिर्फ 15 दिन का समय बीता है और फिल्म रिलीज की जा चुकी है। गैंग्स ऑफ गोदावरी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है.

बता दें कि नेटफ्लिक्स ने गैंग्स ऑफ गोदावरी का नया ट्रेलर जारी किया था, जिसमें घोषणा की गई कि यह फिल्म 14 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी. नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म के राइट्स खरीदे हैं, जिसके चलते नेटफ्लिक्स के सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की ओटटी रिलीज डेट बताई गई है. कई भाषाओं में गैंग्स ऑफ गोदावरी की लोकप्रियता को देखते हुए फिल्म को हिंदी में भी रिलीज करने की बात कही जा रही है.

सब्स्क्रिप्शन की बात करें तो नेटफ्लिक्स का भारत में 149 रुपये महीने से सब्स्क्रिप्शन शुरू होता है. इसके अलावा कुछ टेलीकॉम या डीटीएच रिचार्ज पैक में नेटफ्लिक्स सब्स्क्रिप्शन शामिल हैं.

बता दें कि पिछले दिनों गैंग्स ऑफ गोदावरी को लेकर खूब कन्ट्रोवर्सी हुई थी. इस फिल्म की एक्ट्रेस को नंदमुरी बालकृष्ण के द्वारा स्टेज पर धक्का दे दिया गया था. जिसके बाद नंदमुरी बालकृष्ण को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया था।

# चंदू चैंपियन के आगे भी मुंज्या ने उड़ाया गर्दा, 40 करोड़ का आंकड़ा छूने से अब रह गई इंचभर दूर

शरवरी वाघ की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'मुंज्या सिनेमाघरों में बुलेट से भी तेज स्पीड से दौड़ रही है. इस फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है और इसी के साथ ये सिनेमाघरों में जमकर कारोबार कर रही है. इस फिल्म ने रिलीज के एक हफ्ते में ही अपनी लागत से ज्यादा कमाई कर ली है और अब ये 40 करोड़ का आंकड़ा छूने की और तेजी से बढ़ रही है. चलिए यहां जानते हैं 'मुंज्या' ने रिलीज के 8वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी 'मुंज्या' रिलीज के पहले दिन से ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है. बिना बड़े स्टार कास्ट वाली छोटे बजट की इस फिल्म ने जिस तरह से सिनेमाघरों में परफॉर्म किया है वो हैरान कर देने वाला है. दिलचस्प बात ये है कि 'मुंज्या ने रिलीज के 6 दिन में ही अपनी लागत वसूल कर ली थी और अब ये रिलीज के




दूसरे हफ्ते में भी दमदार कारोबार कर रही है। फिल्म की कमाई की बात करें तो 'मुंज्या' ने रिलीज के पहले दिन 4 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे दिन फिल्म ने 7.25 करोड़ कमाए. तीसरे दिन फिल्म ने 8 करोड़, चौथे दिन 4 करोड़, पांचवें दिन 4.15 करोड़, छठे दिन 4 करोड़ और सातवें दिन 3.9 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ 'मुंज्या' ने रिलीज के पहले हफ्ते में ही 35.3 करोड़ का कारोबार कर लिया था. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है और इसके दूसरे शुक्रवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े भी आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मुंज्या' ने रिलीज के 8वें दिन 3.35 करोड़ का कारोबार किया है. इसी के साथ 'मुंज्या' का आठ दिनों का कुल कलेक्शन 38.65 करोड़ रुपये हो गया है। इस शुक्रवार सिनेमाघरों में कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'चंदू चैंपियनइ रिलीज हुई. 'चंदू चैंपियनइ का काफी बज था ऐसे में लग रहा था कि कार्तिक की इस फिल्म के आगे 'ह्लमुंज्या' टिक नहीं पाएगी. लेकिन 'मुंज्याइ पर 'चंदू चैंपियनइ की रिलीज का कोई असर नहीं पड़ा है. फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए इसके वीकेंड तक 50 करोड का आंकड़ा पार करने की उम्मीद लग रही है. और इसमें कोई हैरानी नहीं होगी अगर ये फिल्म 100 करोड़ के क्लब में भी शमिल हो जाए। बता दें कि 'मुंज्या में शरवरी वाघ, मोना सिंह और अभय वर्मा ने अहम रोल प्ले किया है.ये फिल्म दिनेश विजान की मैडॉक सुपरनेचुरल यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया और रूही के बाद चौथी फिल्म है।

# रोजाना इंस्टेंट नूडल खाते हैं आप? जानें आपकी सेहत को कितना होता है नुकसान

इंस्टेंट नूडल्स खाने में तो बड़ा मजा आता है क्योंकि यह रेडी टू ईट होता है. लेकिन क्या आपको पता है यह सेहत के लिए कितना ज्यादा नुकसानदायक है. दरअसल, इंस्टेंट नूडल्स पहले से पके हुए सूखे नूडल ब्लॉक होते हैं जो फ्लेवरिंग पाउडर डालकर उसे सीजनिंग ऑयल के साथ बेचा जाता है। यह नूडल्स जल्दी से तैयार हो जाए इसलिए उसे खास तरीके से तैयार किया गया है. इसे ऐसे तैयार किया गया है ताकि कुछ मिनट आप गर्म पानी में इसे उबाले और यह तुरंत पक जाए. यह बेहद सुविधाजनक और सस्ते होते हैं. इंस्टेंट नूडल्स में हाई सोडियम होती है. साथ ही साथ इसमें सैचुरेड फैट और लो न्यूट्रिश वैल्यू के कारण इसे अनहेल्दी माना जाता है।



**इंस्टेंट नूडल्स का सेहत पर बुरा प्रभाव**

**हाई सोडियम**

इंस्टेंट नूडल्स का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ इसे काफी वक्त तक सुरक्षित रखने के लिए इसमें सोडियम मिलाया जाता है. इसमें सोडियम की ज्यादा मात्रा के कारण इसे खाने से हाई बीपी की समस्या भी हो सकती है. साथ ही साथ दिल की बीमारी, स्ट्रोक, किडनी की समस्या भी हो सकती है।

नूडल्स में हाई सेचुरेड फैट होता है. जिसके कारण उनका सैचुरेटेड फैट कंटेटं बढ़ने लगता है. हाई सेचुरेटेड फैट खाने से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है. जो एथेरोस्क्लेरोसिस, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का कारण हो सकता है।

**लो न्यूट्रिशन वैल्यू**

इंस्टेंट नूडल्स में विटामिन, मिनरल फाइबर के साथ कई सारे जरूरी पोषक तत्व की कमी होती है. पोषक तत्व की कमी वाली डाइट के कारण इम्युनिटी कमजोर होने के साथ-साथ पाचन भी खराब होने लगती है.

दिल की बीमारी का बढ़ता है खतरा

इंस्टेंट नूडल्स में हाई सोडियम, सेचुरेटेड फैट और लो न्यूट्रिशन कंटेंट के कॉम्बिनेशन के कारण हार्ट हेल्थ पर काफी ज्यादा बुरा असर पड़ता है. इसे आप अगर लगातार खाते हैं तो इससे हाई बीपी, हाई कोलेस्ट्रॉल, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारी का कारण हो सकता है।

**मेटाबोलिक सिंड्रोम का जोखिम**

हाई सोडियम, अनहेल्दी फैट और कम पोषक तत्व वाले खाना खाने से मेटाबोलिक सिंड्रोम की दिक्कत होती है. मेटाबोलिक सिंड्रोम के कारण हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर लेवल, कमर के आसपास एक्सट्रा फैट और चर्बी जमने की समस्या होने लगती है. यह एक ऐसी जो दिल की बीमारी, स्ट्रोक और डायबिटीज का जोखिम बढ़ाती है।

**वजन बढ़ने की समस्या**

इंस्टेंट नूडल्स में काफी ज्यादा कैलोरी होते हैं. यह बिना पेट भरे वजन और मोटापा बढ़ाने में योगदान देती है. मोटापा के कारण कई सारी बीमारियों का जोखिम बढ़ता है।

# दवाई खाने के बाद क्या-क्या नहीं करना चाहिए? हो सकती है आपकी मौत

किसी भी तरह के इंफेक्शन के दौरान अक्सर लोग दवाओं का इस्तेमाल करते हैं. बैक्टीरियल हो या नॉन बैक्टीरियल इंफेक्शन इस दौरान दवा का इस्तेमाल किया जाता है. लेकिन क्या आपको पता है दवा लेने के बाद अक्सर कुछ गलतियां आप कर बैठते हैं जो आपको नहीं करनी चाहिए?



**दवा का कोर्स जरूर पूरा करना चाहिए**

कई बार ऐसा होता है कि डॉक्टर किसी मरीज को दवा का एक कोर्स देते हैं जो अक्सर लोग पूरा नहीं करते हैं. जब बीमारी होती है तो दवा खा लेते हैं और फिर हल्का सा ठीक हो जाते हैं तो पूरी तरह से छोड़ देते हैं. दवा खाने में गैप कर देते हैं. ऐसा करने से आपकी तबीयत खराब हो सकती है. अक्सर यह होता है कि अगर आप कोर्स पूरा नहीं करते हैं तो दवा का अक्सर बैक्टीरिया पर ठीक से काम नहीं करता है. बैक्टीरिया इसके प्रति रेजिस्टेंट हो जाता है।

**दवा खाने के बाद कभी भी यह गलती न करें**

अंगूर या खट्टा फल दवा खाने के बाद नहीं खाना चाहिए क्योंकि इससे दवा पचने में काफी दिक्कत होती है।

**डेयरी प्रोडक्ट**

दवा खाने के बाद डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए क्योंकि दूध, दही, पनीर और डेयरी प्रोडक्ट का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए. इससे शरीर पर साइड इफेक्ट नहीं दिखते हैं।

**टायरामाइन युक्त खाद्य पदार्थ**

मोनोमाइन ऑक्सीडेज इनहिबिटर जो अवसाद और पार्किंसंस रोग के लक्षणों का इलाज करते हैं. और अन्य दवाएं टायरामाइन के टूटने में बाधा डाल सकती हैं, जो कई खाद्य पदार्थों में पाया जाने वाला एक एमिनो एसिड है. ब्लड सकुर्लेशन में टायरामाइन का उच्च स्तर भी रक्तचाप में वृद्धि का कारण बन सकता है. आम तौर पर टायरामाइन युक्त खाद्य पदार्थों में चॉकलेट, प्रोसेस्ड मीट, पुराना या परिपक्व पनीर और सोया उत्पाद शामिल हैं.

टायरामाइन से भरपूर हरी पत्तेदार सब्जियां, या दवा खाने के दौरान शराब नहीं पीना चाहिए।

आपको हमेशा हरी सब्जियां खाने के लिए कहा जाता है, लेकिन अगर आप रक्त पतला करने वाली दवाएं ले रहे हैं, तो आपको इनका सेवन कम करना पड़ सकता है. हरी, पत्तेदार सब्जियों में पाए जाने वाले विटामिन के की उच्च मात्रा रक्त के थक्कों को रोकने की दवा की क्षमता को कम कर सकती है. ऐसा तब होता है जब आप अपने आहार में अचानक हरी सब्जियों की संख्या कम या ज्यादा कर देते हैं. इसलिए आपको उन्हें पूरी तरह से छोड़ने की जरूरत नहीं है. उन्हें नियमित मात्रा में खाने से आपके विटामिन के का स्तर संतुलित रहेगा।

# चंदू चैंपियन में चमके कार्तिक आर्यन का बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला जादू

फिल्म चंदू चैंपियन लगातार चर्चा में है। बीते शुक्रवार यानी 15 जून को रिलीज हुई इस फिल्म में अभिनेता कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई है, जिनके काम की चारों ओर खूब तारीफ हो रही है।कुछ ने तो इसे कार्तिक के करियर का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन बताया है।बहरहाल, फिल्म में कार्तिक की चाहे जितनी ही तारीफ क्यों न हो रही हो, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन चंदू चैंपियन अपना जादू चलाने में नाकाम रही।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन 4.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। चंदू चैंपियन का पहले दिन का कलेक्शन कार्तिक की सुपर फ्लॉप फिल्म शहजादा से भी कम रहा है। शहजादा ने पहले दिन 6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।चंदू चैंपियन के पहले दिन का कलेक्शन बेहद निराशाजनक रहा है। हालांकि, शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई में इजाफा होने की उम्मीद है।यह फिल्म 140 करोड़ रुपये की लागत से बनी है।

चंदू चैंपियन गिरकर उठना और उठकर दौड़ना सिखाती है। ये कहानी है भारत के पहले पैरालम्पिक गोल्ड मेडल विजेता मुरलीकांत राजाराम पेटकर की। उनका किरदार निभाया है कार्तिक ने।यह फिल्म केवल कार्तिक की है, जो शुरू से लेकर अंत तक चमकते हैं। फिल्म में उन्हें टक्कर देने वाला कोई कलाकार नहीं है।विजय राज, राजपाल यादव, भुवन अरोड़ा, यशपाल शर्मा, श्रेयस तलपड़े और सोनाली कुलकर्णी जैसे मंजे हुए कलाकार इसका हिस्सा हैं।कबीर खान इस फिल्म के निर्देशक हैं।

वहीं राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का हाल बेहाल है। न तो इस फिल्म ने पहले दिन कमाल किया और ना ही बाद में।फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। यही वजह है कि इसे रिलीज हुए 15 दिन हो गए हैं और यह अब तक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 33 करोड़ रुपये ही जुटा पाई है।शरन शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के निमार्ता करण जौहर हैं।

## निर्जला एकादशी और बड़े मंगल पर पूजा अर्चना कर शरबत पिलाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** भगवान श्री हरि विष्णु की उपासना का महापर्व निर्जला एकादशी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूजा



अर्चना करते हुए मनाया गया जहां सुबह से ही महिलाओं ने मन्दिरों में जाकर पूजा अर्चना की वहीं शिव शक्ति धाम कोतवाली रोड गुरुद्वारा संतोषी माता मन्दिर टीला मन्दिर आदि स्थानों पर शरबत और पानी पिलाया गया।

## कोर्स समापन परेड सीनियर कैडर कोर्स-01, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ में आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ में 18 जून 2024 को सीनियर कैडर कोर्स - सीरियल नंबर 01 के समापन पर एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। कोर्स करने वाले 89 गैर-कमीशन अधिकारियों ने इस परेड में भाग लिया। ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर और कॉलेज में इन वरिष्ठ गैर-कमीशन अधिकारियों को दिए गए सैन्य प्रशिक्षण ने उनके मनोबल, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ाया है, जिससे वे जूनियर नेतृत्व की भूमिका निभाने और सेना मेडिकल कोर के मूल्यों और लोकाचार के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हो गए हैं।





परेड को कोर्स एनसीओ, मेडिकल ऑफिसर्स सीनियर कमान कोर्स (एमओएससीसी) और मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी) के अधिकारियों के रिश्तेदारों ने देखा।

सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित इस परेड की समीक्षा मेजर जनरल पराग ए देशमुख, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज द्वारा की गई। कमान अस्पताल, मध्य कमान लखनऊ के हवलदार (लैब असिस्टेंट) मुकेश एम को पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए नायक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी और लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रमनचंद्रन कैश अवॉर्ड के रुप में 2500/- रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पाठ्यक्रम को संबोधित करते हुए समीक्षा अधिकारी ने परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन और सावधानीपूर्वक संचालन के लिए उन सभी की सराहना की।

जनरल ऑफिसर ने इस तथ्य पर फिर से जोर दिया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा क्षेत्र और शांति में हमारे सैनिकों की गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें पेशेवर क्षमता के उच्चतम क्रम को बनाए रखते हुए सेना चिकित्सा कोर की परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बाइक कार भिड़ंत में एक परिवार गंभीर रूप से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्योहारा।** बाइक कार की भिड़ंत से एक ही परिवार के पति पत्नी बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गए तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक महिला की गम्भीर



हालत को देखते हुए हायर सैंटर रेफर कर दिया गया है गबर सिंह उनकी पत्नी लक्ष्मी सात वर्षीय पुत्री हिमांशी मुरादाबाद से बाइक द्वारा स्योहारा आ रहें थे तभी ग्राम बगवडा में सामने से आ रही कार ने बाइक मैं जोरदार टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया सूचना मिलने पर पुलिस ने एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जबकि गम्भीर रूप से घायल लक्ष्मी को हायर सेंटर भेज दिया गया है।

## रमा जैन कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को योग करने की शपथ दिलाई गई




**नजीबाबाद।** योग दिवस से पूर्व छात्राओं को योग करने की शपथ दिलाते हुए निदेशक के सी मठपाल ने छात्राओं को शपथ ग्रहण कराते हुए नियमित रूप से योग करने अपने और अपने परिवार को इसके लिए जागरूक करने के साथ साथ रोग मुक्त भारत और योग युक्त भारत बनाने की शपथ के साथ ही राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर छः सौ छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डाक्टर भावना अरोड़ा प्राचार्या श्रीमती मृदुला त्यागी सहित तमाम शिक्षाओं ने भी छात्राओं को योग और सुन्दर स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के लिए जागरूक किया

## भीषण गर्मी में विधुत आपूर्ति बाधित होने से बर्फ.के लिए भारी भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** त्योहार के समय पिछले तीन दिनों से नगर की विधुत व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गई है और कुछ इलाकों में बिजली ही नहीं है जबकि जलापूर्ति भी चरमरा गई है और आसमान में आग उगलती गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और भीषण गर्मी से बर्फ.की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी है और बर्फ को लेकर मारामारी हो रही है क्योंकि पानी की प्यास बुझाने के लिए गरीब लोगों को बर्फ.का सहारा लेना पड़ रहा है क्योंकि साघन सम्पन्न लोगों के फ्रीज भी शो पीस बनकर रह गए हैं तो गरीब लोगों को बर्फ.का सहारा लेना पड़ रहा है।



## हमारी सकारात्मक राजनीति का परिणाम हमेशा ही सकारात्मक मिलेगा : तेजस्वी यादव

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहां रिक्त सरकारी पदों को भरने में मिशन मोड में काम करने का निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को दिया है, वहीं विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को नौकरियों को लेकर पुरानी महागठबंधन की सरकार को 'क्रेडिट देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हमारी सकारात्मक राजनीति का परिणाम हमेशा ही सकारात्मक मिलेगा।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने महीनों के अल्प कार्यकाल में लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी। इसी दौरान तीन लाख सरकारी नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई जो चुनाव आचार संहिता के कारण कुछ महीनों से रुकी थी। महागठबंधन की सरकार जाने से पहले पूर्व निर्धारित तीसरे चरण में एक लाख शिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से वह रद्द हो गयी थी।

उन्होंने आगे सरकार से कहा, अब लोकसभा चुनाव पूर्ण हो चुके हैं। पहले से प्रक्रियाधीन तीन लाख नौकरियों के अलावा सरकार हमारी सरकार के निर्णय अनुसार सभी विभागों की बाकी रिक्तियों पर यथाशीघ्र बहाली प्रक्रिया शुरू कर नियुक्तियां कराए।



उन्होंने दावा करते हुए एक बयान में कहा कि यही एनडीए और मुख्यमंत्री हैं जो कहते थे कि 10 लाख सरकारी नौकरियां देना असंभव है। इतनी नौकरियों का पैसा तेजस्वी कहां से लाएगा? जब हमारे साथ सरकार में आकर बैठे तो हमने साइंटिफिक तरीके से मुख्यमंत्री जी सहित वरीय अधिकारियों (जो इनके कार्यकाल में हमेशा संविदा और आउटसोर्सिंग के पक्षधर रहे) को बताया और समझाया कि कैसे लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा सकती हैं। इससे पहले तक वो यह मानने को ही तैयार नहीं होते थे कि बिहार में लाखों पद रिक्त भी हैं।

तेजस्वी ने आगे कहा कि हमारी सकारात्मक राजनीति का परिणाम हमेशा ही सकारात्मक मिलेगा। जिन लाखों युवक-युवतियों को नौकरियां मिली और मिलेंगी, उन पर हमारी इस पॉजिटिव और प्रोग्रेसिव और मुद्दे आधारित राजनीति का जीवन भर प्रभाव रहेगा।

### बरेली, आगरा, मथुरा समेत कुल 15 जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों का सीएम योगी की मंशा अनुसार होगा विकास

## 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास पर योगी सरकार का फोकस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास

- **पशुपालन विभाग द्वारा शुरू की गई तैयारियां, 5.28 लाख रुपए के जरिए गो संरक्षण केंद्रों का होगा कायाकल्प**
- **प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार का नया कदम कई मायनों में होगा विशिष्ट**

का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप कई प्रयास किए जा रहे हैं। अब इसी कड़ी में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा पशुधन विभाग को आदेश जारी किया गया है तथा 5.28 लाख रुपए की धनराशि व्यय से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास को सुनिश्चित किया जाएगा।




**इन स्थानों पर हो रहा है गोवंश संरक्षण स्थलों का निर्माण...**

इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्येक गौ संरक्षण केंद्रों को 12 हजार रुपए की धनराशि व्यय से निर्मित व विकसित किया जाएगा। इस क्रम में बरेली के अनिरुद्धपुर, मउचंदपुर, सिकोड़ा, अंबरपुर, करतौली, मानपुर अहियापुर, चुरई दलपतपुर, बांसबोझ, महेशपुर शिव सिंह और शेखापुर में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, उन्नाव के तौरा, टिकरा सामद, छूलामऊ, कोंथा व देवमई में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा। वहीं, शआहजहांपुर के शहबाजनगर, धुसगवां, बागपत के बिजवाड़ा, काकौर, अगला अगरी, लखीमपुर खीरी के कादीपुर, जालौन के नुनबई व गुजराजपुर, कासगंत के नादरमई व मथुरा के बढ़ौता में भी विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार, सम्भल के साकिन शोभापुर मुनजब्ता, एचौली व निरयावली, रायबरेली के बन्नांवा, अमेठी के दक्खिनगांव, कोरारी लच्छनशाह, खारा व टीकरमाफी, हरदोई के बरेला कमालपुर, कुरसेली व उचवल, फतेहपुर के जरौली व भादर, मुरादाबाद के मोहम्मदपुर मनसुख, रायपुर खुर्द व राजपुर मिलक तथा आगरा के खेड़ी अड्डू व कुर्रा चित्तरपुर में में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा।

## अकारण व्यक्ति की पिटाई किए जाने पर दो पुलिस कर्मी निलंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चांदपुर।** एक किसान अपने खेत पर रात को पानी देने जा रहा था तभी दो पुलिस कर्मियों ने उसे रोक कर पूछताछ करते हुए अभद्र व्यवहार किया और बुरी तरह मारपीट कर थाने ले गए जबकि ग्राम मानपुर निवासी विनोद पुत्र चरण सिंह ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को सीयूजी नंबर पर काल कर बताया कि वह रात को अपने खेत पर पानी देने जा रहा था तभी बास्टा चौंकी पर तैनात आरक्षी हिमांशु भड़ाना हेमंत गश्त पर गांव आए थे और बिना कारण उसके साथ मारपीट करते हुए थाने ले गए इस मामले को कर्तव्यनिष्ठ पुलिस



अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने गम्भीरता पूर्वक लेते हुए थाना प्रभारी को मामले की जांच करने को कहा और थाना प्रभारी की जांच के आधार पर तत्काल प्रभाव से दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही करने को कहा।

## भीषण गर्मी में विजिलेंस टीम ने शरबत का किया वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल ( सय्यद अतहर अली)।** मंगलवार को मुरादाबाद मार्ग स्थित बिजली घर पर भीषण गर्मी के चलते विजिलेंस टीम ने मीठे शरबत का वितरण किया। वहीं राहगीरों ने भी भीषण गर्मी में शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। काफी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर अपना गला तर किया।दरअसल, जून के मध्य में भीषण गर्मी अपने पूरे चरम पर है। लगातार तापमान बढ़ रहा है। लू और भीषण गर्मी से जनमानस के साथ साथ पशु पक्षियों का भी हाल बेहाल है। हर कोई इस गर्मी से बचने के लिए तरह तरह के जतन कर रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों के बीच लोगों ने धार्मिक परंपरा एवं गर्मी से निजात के लिए शिविर लगाकर शरबत बांटा। भीषण गर्मी में राहगीरों ने शीतल शरबत पीकर गला तर किया। मुरादाबाद मार्ग स्थित



बिजली घर पर विजिलेंस टीम ने भीषण गर्मी होने के कारण शरबत वितरण के लिए मार्ग पर ही शिविर लगाया। हर कोई अपनी प्यास बुझाने के लिए शरबत पीता नजर आया।विजिलेंस टीम प्रभारी उप निरीक्षक बच्चू सिंह, एसडीओ सरोज कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी गौरव पाराशर, मुख्य आरक्षी हरेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी ललित कुमार, राम प्रकाश सिंह, महिला आरक्षी मीरा बघेल, चालक ऋषि राज आदि मौजूद रहे।

## मानसून के मौसम से पहले ड्रेनों, नालों-नालियों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी:सुधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** कुरुक्षेत्र शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में नगर परिषद व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए ड्रेनों की सफाई व्यवस्था से सम्बन्धित समीक्षा करते हुए कहा कि वर्षा से पहले-पहले सभी नाले-नालियां व ड्रेनों की सफाई होना सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि बरसात में जलभराव की स्थिति उत्पन ना हो। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त शांतनु शर्मा, डीआरओ विकास सिंगरोहा, ईओ नगर परिषद अभय यादव व अन्य मौजूद रहे।

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने इस मौके पर ड्रेनों की सफाई व्यवस्था से सम्बन्धित कहां-कहां पर इस कार्य को कर लिया गया है और कहां-कहां पर इन कार्यों को किया जाना बाकी है इसकी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने ड्रेनों की सफाई, सरस्वती बोर्ड के तहत आने वाले ड्रेनों व अन्यों का तथा नगरपरिषद व सिंचाई विभाग के तहत आने वाले क्षेत्रों का जायजा लेते हुए वास्तविकता जांची थी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जहां पर सफाई व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है उसकी फोटो लेना सुनिश्चित करें साथ ही उस क्षेत्र के लोगों से सफाई कार्य से सम्बन्धित उनकी संतुष्टि से सम्बन्धित हस्ताक्षर भी लें। मकसद सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरूस्त करना है ताकि वर्षा के दिनों में लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए।उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं पर




ड्रेनों की सफाई या अन्य सफाई कार्य से सम्बन्धित कोई कमी नजर आई या लोगों की संतुष्टि नहीं दिखी तो संबंधित एजेंसी की अदायगी भी नहीं की जाएगी, लोगों को राहत मिले इसके लिए सम्बन्धित विभाग का दायित्व बनता है कि वे इस कार्य को बेहतर समय के साथ करना सुनिश्चित करे। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने यह भी कहा कि सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के लिए नगराधीश की ड्यूटी लगाई गई है। वे संबंधित जगहों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे और उसकी रिपोर्ट उपायुक्त को देंगे। इसके उपरांत तीन दिन बाद अतिरिक्त उपायुक्त भी ड्रेनो की सफाई व्यवस्था से सम्बन्धित कार्यों का जायजा लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसके बाद व स्वयं तथा उपायुक्त भी इन कार्यों को देखेंगे। जिला प्रशासन व सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता है कि आमजन को वर्षा के दौरान में जलभराव की स्थिति का सामना ना करना पडे। इसके लिए प्रशासन लगातार इस कार्य पर नजर रखते हुए कार्य को कर रहा है।

### लापरवाही

### गाजियाबाद पत्रकार काट रहा है प्रशासन के चक्कर

## एंबुलेंस में रखी मृतका के शरीर से कान के कुंडल गायब होने बाद भी मुकद्दमे के लिए काटने पड़ रहे हैं चक्कर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी) कोतवाली घंटाघर क्षेत्र के जिला अस्पताल में भर्ती चमनवती पत्नी जय प्रकाश की हार्ड अटैक से 3/5/2024,को चमनवती की मृत्यु हो गई थी जिसके चलते इमरजेंसी के बाहर खड़ी एंबुलेंस को मृतका को घर तक छोड़ने के लिए कहा गया था बौंडी को एंबुलेंस में रख मृतका का पुत्र हिमांशु भर्ती बार्ड से अपने बैग, सामान लेकर वापस एंबुलेंस में आया तो उसकी मां का चेहरा कपड़े से बंधा हुआ था, जब चहरे को घर जाकर खोला तो मृतका चमनवती के कान से सोने के कुंडल गायब थे जिसकी सूचना लिखित तहरीर कोतवाली में दी गई थी परंतु इतने दिन बीत जाने के बावजूद कोतवाली पुलिस द्वारा केवल चक्कर कटाने के



अलावा कोई कार्य नहीं कर रहे हैं हालांकि पीड़ित ने उन लोगों की पहचान कर पुलिस को बताया भी था परंतु उसके बावजूद भी पुलिस ने अब तक न तो कोई मुकदमा ही दर्ज किया और न ही किसी पर कोई कार्रवाई की गई है इस बाबत जब चौकी इंचार्ज बजरिया से फोन से जानकारी चाही तो उन्होंने कह दिया कुछ भी चौकी आने पर ही बताएंगे अब देखना यह है कि पुलिस के पीड़ित को और कितने चक्कर कटाती है।

**पुलिस ने अब तक न तो कोई मुकदमा ही दर्ज किया और न ही किसी पर कोई कार्रवाई की गई है इस बाबत जब चौकी इंचार्ज बजरिया से फोन से जानकारी चाही तो उन्होंने कह दिया कुछ भी चौकी आने पर ही बताएंगे अब देखना यह है कि पुलिस के पीड़ित को और कितने चक्कर कटाती है**

## मुख्य मार्ग पर मैट्रो रिक्शा से जाम राहगीरों का जीना दुश्वार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** एक ओर भीषण गर्मी का कहर टूट रहा है वहीं नगर के मुख्य मार्गों पर मेट्रो रिक्शा चालकों की मनमानी से सड़कों पर जाम लगने से आम आदमी महिलाएं बच्चे काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं क्योंकि शरीर तपा देने वाली प्रचण्ड गर्मी से वैसे ही जीना मुश्किल हो गया है वहीं जाम मैं फंसने से राहगीर पसीना पसीना हो रहें एक ओर बाजारों में त्योहार की भीड़ निर्जल एकादशी बड़े मंगलवार के कारण वैसे ही भारी संख्या में भीड़ है क्योंकि आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से



भारी संख्या में लोग खरीदारी करने शहर आते जाते हैं लेकिन ट्रैफिक पुलिस इस मामले में ध्यान नहीं दे रहीं हैं जिसके चलते आम आदमी को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267